kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-323 ❑ गुरुवार, 28 दिसम्बर 2023 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

'जो सदैव क्षेत्र और जाति के नाम पर देश को बांटते आए हैं वह न्याय क्या दिलाएंगे? जिनके राज्य में 84 के सिख दंगे हुए हों और कई वर्षों तक न्याय न मिला हो वह क्या न्याय दिलाएंगे? टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग इनके हमराही होंगे।

अनुराग सिंह ठाकुर

एनआईए ने की दिल्ली के महत्वपूर्ण आतंकी बिचौलिए की पहचान 11

जीवन में लक्ष्य करें निर्धारित, सफलता चूमेगी कदम : रेखा 12

संक्षेप

गणतंत्र दिवस : पंजाब की झांकी को शामिल नहीं करने पर भगवंत मान ने केंद्र पर साधा निशाना

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गणतंत्र दिवस परेड में राज्य की झांकी को शामिल नहीं करने पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की आलोचना की। भगवंत मान ने कहा कि इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब और पंजाबियों ने 90 प्रतिशत योगदान दिया है चाहे वह शहीद भगत सिंह, उधम सिंह, लाला लाजपत राय, करतार सिंह सराभा, मदन लाल ढींगरा और हजारों अज्ञात शहीद हों। पंजाब के लोगों ने देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा, गणतंत्र दिवस परेड के लिए पंजाब की झांकी को इस बार शामिल नहीं किया गया है। इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। भाजपा सरकार ने अपनी मानसिकता दिखा दी है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया पंजाब की समृद्ध संस्कृति और देश के स्वतंत्रता संग्राम में पंजाबियों के योगदान को देखना चाहती है। पंजाब की झांकी को गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा नहीं बनाए जाने पर मान ने कहा, '' हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। ऐसे आयोजनों में पंजाब की अनदेखी नहीं की जा सकती। ''

'दूसरा पुलवामा' की धमकी देने वाला देवबंद का छात्र उत्तर प्रदेश एटीएस के हत्थे चढ़ा

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश एटीएस ने बुधवार को देवबंद के एक मदरसे में छापा मारकर एक छात्र को हिरासत में लिया है। इसने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कुछ दिन पहले 'दूसरा पुलवामा' की धमकी दी थी। यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन ताड़ा ने दी। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिया गया आरोपित तल्हा मजहर मूलरूप से झारखंड के जमशेदपुर सराय कालेखां का रहने वाला है। वह यहां मजहबी तालीम हासिल कर रहा था। उसने एक्स पर लिखा था, 'बहुत जल्द इंशाल्लाह दूसरा पुलवामा भी होगा। स्थानीय पुलिस ने तल्हा मजहर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। फिलहाल एटीएस के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं।

लखनऊ में दो और कोरोना पॉजिटिव, जीनोम सिक्वेंसिंग होगी

लखनऊ। राजधानी में कोरोना मरीजों की संख्या में धीरे-धीरे इजाफा शुरू हो गया है। बुधवार को दो लोग इसकी चपेट में आए हैं। इसके साथ ही कोरोना पॉजिटिव की संख्या पांच हो गई है। राहत की बात यह है कि सभी मरीज होम आईसोलेशन में हैं। दोनों नए संक्रमित आलमबाग में मिले हैं। इनमें एक महिला व एक पुरुष हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दोनों मरीजों की तबीयत सामान्य है। हल्की सर्दी, जुकाम और बुखार जैसे लक्षण हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम मरीजों की सेहत की निगरानी कर रही है।

आज व कल प्रदेश के कई इलाकों में बहुत घने कोहरे का रेड अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सर्दी का मौसम अब करवट बदल रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन प्रदेश के कुछ जिलों में बहुत घना कोहरा छाया रहने का रेड अलर्ट जारी की है। इसके अलावा 31 दिसम्बर, पहली और दूसरी जनवरी को प्रदेश के विभिन्न स्थानों हल्की से सामान्य बारिश होने या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने के भी आसार जताए गए हैं। यह बारिश देश के उत्तर पश्चिमी इलाकों को एक पश्चिमी विक्षोभ द्वारा प्रभावित किये जाने की वजह से होगी।

अगले दो दिनों के दरम्यान जिन जिलों में घना कोहरा छाया रहने की चेतावनी जारी की गई है, वह हैं-बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव,

❑ 31 दिसम्बर, पहली व दो जनवरी को बारिश के आसार

लखनऊ, रायबरेली, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरय्या, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास। इसके अलावा कौशाम्बी, बहराइच, ● शेष पेज 11 पर

मोदी के अयोध्या दौरे को लेकर तैयारियां तेज

एजेंसी

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है।

तीस दिसम्बर को एयरपोर्ट से अयोध्या रेलवे स्टेशन तक करीब पन्द्रह किलोमीटर मार्ग पर सडक़के दोनों ओर बैरीकेडिंग की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रामपथ व धर्मपथ से जुड़ने वाली गलियों व सम्पर्क मार्गों को उस दिन सीज कर दिया जायेगा। मुख्य मार्ग पर वाहनों के साथ पैदल चलने पर भी रोक रहेगी। यह यातायात सुबह सात बजे से प्रधानमंत्री के वापस जाने तक लागू रहेगा। अयोध्या रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नम्बर एक सुबह से ही सील रहेगा। यहां सिर्फ पास धारक ही आ सकेंगे।

यात्रियों की सुविधा के लिये प्लेटफार्म

नं. दो व तीन खुला रहेगा। रायगंज, कनीगंज रेलवे क्रासिंग के बगल से यात्री आ जा सकेंगे। इसी स्थान पर रेलवे विभाग द्वारा अस्थायी टिकट घर भी खोलने की व्यवस्था की जायेगी। प्लेटफार्म पर टिकट लेने वाले यात्री ही जा सकेंगे।

प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर लखनऊ, गोरखपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, रायबरेली, सुलतानपुर, गोण्डा, बस्ती हाईवे को सुबह सात बजे से बंद कर दिया जायेगा। जिला पुलिस ने पड़ोसी जिलों की पुलिस से हाईवे पर वाहनों को अन्य रूट से डायवर्ट करने का किया जायेगा। सुरक्षा व्यवस्था के लिये एटीएस, सीआरपीएफ, आरएएफ, पीएससी, पुलिस के जवानों को तैनात किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन अयोध्या धाम पर आरपीएफ, जीआरपी के अलावा सीआरपीएफ व एटीएस की तैनाती होगी। उधर एयरपोर्ट की सुरक्षा का जिम्मा यूपीएसएसएफ के हवाले पहले ही कर दिया गया है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों के साथ मिलकर यूपी एटीएस हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। एटीएस कमांडो की दो टीमें अयोध्या में कैम्प कर रही हैं। यातायात पुलिस ने ● शेष पेज 11 पर

अयोध्या जंक्शन का बदला नाम, हुआ अयोध्या धाम

अयोध्या। 30 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट के उद्घाटन से पहले रेलवे ने अयोध्या जंक्शन का नाम बदलने का फैसला किया है। ये रेलवे स्टेशन अब अयोध्या धाम जंक्शन के नाम से जाना जाएगा। पिछले दिनों सीएम योगी द्वारा रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के बाद रेलवे ने ये फैसला लिया है। दरअसल सीएम योगी ने पिछले दिनों अयोध्या रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया था। इंटरनेशनल स्तर के बने इस स्टेशन की व्यवस्थाओं को देखने के लिए सीएम योगी जंक्शन पर पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ रेलवे के कई बड़े अधिकारी भी थे। निरीक्षण के दौरान सीएम योगी ने रेलवे के अधिकारियों से अयोध्या जंक्शन का नाम बदलकर अयोध्या धाम जंक्शन किए जाने की इच्छा जताई थी। रेलवे ने सीएम योगी की इच्छा को ध्यान में रखकर बुधवार को ये फैसला लिया और जंक्शन का नाम बदलकर अयोध्या धाम जंक्शन कर दिया। बतादें कि 22 जनवरी को रामनगरी अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा होनी है। इसको देखते हुए रेलवे स्टेशन से लेकर एयरपोर्ट तक तैयारियां चल रही हैं।

लाखों लोगों तक पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम बोले-

मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां जा रही, लोगों का विश्वास बढ़ा रही

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभुकों को वर्चुअली संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा- विकसित भारत संकल्प यात्रा के अद्भुत परिणाम आ रहे हैं। आज देश के करोड़ों लाभार्थी सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बन रहे हैं। 1 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं।

11 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां जा रही, लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई मंत्री भी शामिल हुए। मोदी ने कहा- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए भारत सरकार बहुत बड़ा अभियान चला रही है। बीते वर्षों में देश में लगभग 10 करोड़ बहन-बेटियां और दीदियां स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। लोगों को नई ताकत मिल रही है और वे अपने लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। कम से कम 2 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाना लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू होने के बाद उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। मौके पर ही 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं।

❑ स्वयं सहायता समूह से 10 करोड़ बहन-बेटियां जुड़ीं

❑ करोड़ों परिवारों को नल कनेक्शन की सुविधा मिली

❑ वोकल फॉर लोकल का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाना है

मोदी ने कहा- पहली बार देशव्यापी हेल्थ चेकअप हो रहा है। आयुष्मान भारत कार्ड के साथ-साथ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट कार्ड भी तेजी से बनाए जा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा को शुरू हुए अभी 50 दिन भी नहीं हुए। लेकिन ये यात्रा अबतक लाखों गांवों में पहुंच चुकी है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा है कि पिछले 4 सालों में 11 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है, लेकिन कहानी यहां खत्म नहीं होनी चाहिए। नल के पानी के कनेक्शन के साथ-साथ उचित जल प्रबंधन और उत्कृष्ट जल गुणवत्ता को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ग्रामीणों को आगे आकर ऐसी जिम्मेदारियां उठानी चाहिए। जब सरकार के प्रयासों को लोगों के समर्थन के साथ जोड़ा जाता है, तो परिणाम बहुत अच्छे होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा है कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने का ये अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। दूर-दूर के गांवों तक पहुंच रहा है। महिला, युवा या फिर गांव के वरिष्ठ नागरिक सब आज मोदी की गारंटी की गाड़ी का इंतजार करते हैं और इस गाड़ी के कार्यक्रम का इंतजाम भी करते हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हमें वोकल फॉर लोकल का संदेश गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाना है। भारत के युवाओं, किसानों का श्रम और भारत की मिट्टी की महक जिसमें हो, ऐसे सामान को खरीदें और उसका प्रचार-प्रसार करें। संवाद के दौरान मजाकिया लहजे में कहा कि उनके (श्री मोदी के) पास तो साइकिल भी नहीं है और स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्ता ने अपने दम पर रोजगार के अवसर पैदा करते हुए 'मारूति वैन' ले ली। श्री मोदी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने देवास जिले में एक लाख तीन हजार दीदियों के समूह की सदस्य रूबीना खान से संवाद किया। ● शेष पेज 11 पर

वॉट्सएप और सोशल मीडिया के हर स्टेटस में दिखाई देगा 'हर सफर में सड़क सुरक्षा' स्लोगन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ 'हर घर तिरंगा' की तर्ज पर योगी सरकार 31 दिसंबर को 'हर सफर में सड़क सुरक्षा' के स्लोगन को स्टेटस में लगाने की कर रही अपील

❑ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन दिवस पर वाट्सएप और सोशल मीडिया स्टेटस में स्लोगन का उपयोग करने को किया जा रहा प्रोत्साहित

लखनऊ। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए योगी सरकार द्वारा शुरू किए गए सड़क सुरक्षा पखवाड़े के समापन को लेकर वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है। सरकार की ओर से पखवाड़े के समापन दिवस यानी 31 दिसंबर को 'हर घर तिरंगा' की तर्ज पर लोगों से अपने वाट्सएप और सोशल मीडिया स्टेटस में 'हर सफर में सड़क सुरक्षा' के क्रिएटिव के उपयोग की अपील की गई है। इस संबंध में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि 31 दिसंबर को प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के वॉट्सएप सहित अन्य सभी सोशल मीडिया एकाउंट्स पर स्टेटस के रूप में इस क्रिएटिव को अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए वृहद स्तर पर प्रोत्साहित किया जाए। योगी सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए 15 से 31 दिसंबर तक प्रदेश में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा आयोजित किया है।

मुख्य सचिव ने आदेश में कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में बढ़ती मृतकों की संख्या एक गंभीर चिंता का विषय है, जिसमें कमी लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। जनसामान्य को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक कर के ही सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सकती है। इस दौरान पुलिस एवं परिवहन विभाग यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई भी की जा रही है। 31 दिसंबर 2023 को 'हर घर तिरंगा' की भांति ही 'हर सफर में सड़क सुरक्षा' स्लोगन को ● शेष पेज 11 पर

एमफिल मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं, विश्वविद्यालय इसमें दाखिले तुरंत रोकें: यूजीसी

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों को एमफिल पाठ्यक्रम पेश करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि यह एक मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है और छात्रों को ऐसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के प्रति आगाह किया। आयोग ने विश्वविद्यालयों से 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए ऐसे किसी भी एमफिल पाठ्यक्रम में प्रवेश रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा है। यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने विश्वविद्यालयों को भेजे एक नोटिस में कहा है कि यूजीसी के संज्ञान में आया है कि कुछ विश्वविद्यालय एम.फिल. (मास्टर ऑफ फिलॉसफी) पाठ्यक्रम के लिए नए आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। इस संबंध में यह ध्यान में लाना है कि एम.फिल. डिग्री कोई मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है। उन्होंने कहा कि यूजीसी ● शेष पेज 11 पर

कश्मीरी अलगाववादी समूह मुस्लिम लीग पर पांच साल के लिए बैन

एजेंसी



श्रीनगर। केंद्र सरकार ने जेल में बंद अलगाववादी नेता मसर्रत आलम की अध्यक्षता वाले कश्मीरी अलगाववादी समूह मुस्लिम लीग पर बुधवार को पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिबंध लगाने की घोषणा आज एक्स पर एक पोस्ट में की। उन्होंने कहा, मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर (मसरत आलम गुट) एमएलजेके-एमए को यूएपीए के तहत एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया है। यह संगठन और इसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं। साथ ही ये आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं और लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन

स्थापित करने के लिए उकसाते हैं।

श्री शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का संदेश स्पष्ट और साफ है कि हमारे राष्ट्र की एकता, संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा उसे कानून के पूर्ण प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। मुस्लिम लीग का नेतृत्व हुर्रियत कॉन्फ्रेंस ● शेष पेज 11 पर

देश में अंगदान को लेकर जागरुकता फैलाने की जरूरत : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पर्याप्त संख्या में ऑर्गन की अनुपलब्धता पर चिंता जताते हुए देश में अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत बताई है। राष्ट्रपति बुधवार को नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलेरीज साइंसेज (आईएलबीएस) के 9वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, पर्याप्त संख्या में अंगों की अनुपलब्धता के कारण बहुत से मरीज लीवर, किडनी या किसी अन्य प्रत्यारोपण से वंचित रह जाते हैं। दुर्भाग्य से अंगदान से जुड़ी अनैतिक कृत्य भी समय-समय पर उजागर होते रहते हैं। इन समस्याओं का समाधान करना एक जागरूक समाज की जिम्मेदारी है। हमारे देश में लोगों को अंगदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता

अभियान चलाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि आईएलबीएस ने विश्व स्तरीय दक्षता और अखंडता के बल पर केवल 13 वर्षों की अवधि में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि आईएलबीएस में 1000 से अधिक लीवर प्रत्यारोपण और लगभग 300 गुर्दे प्रत्यारोपण किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपेक्षाकृत कम खर्च पर विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके आईएलबीएस जैसे संस्थानों के बल पर एक अंतरराष्ट्रीय हेल्थकेयर हब के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन विज्ञान और आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के एकीकरण से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने आईएलबीएस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लर्निंग यूनिट की स्थापना को सामयिक पहल बताया। उन्होंने आईएलबीएस से इलाज के साथ-साथ शोध के ● शेष पेज 11 पर

ऑपरेशनल चुनौतियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर राजनाथ सिंह ने कमांडरों के साथ चर्चा की

ऑपरेशन के दौरान पेशेवर आचरण का परिचय दें जवान

एजेंसी

जम्मू। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेते हुए जवानों से ऑपरेशन के दौरान पेशेवर आचरण अपनाने का आह्वान किया।



श्री सिंह ने आज मौजूदा स्थिति के साथ-साथ क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों का प्रत्यक्ष आकलन भी किया। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भी थे। श्री सिंह को मौजूदा सुरक्षा स्थिति, घुसपैठ रोधी ग्रिड और परिचालन तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ऑपरेशनल चुनौतियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर श्री सिंह ने कमांडरों के साथ चर्चा की। उन्होंने ऑपरेशन करते समय पेशेवर आचरण और उचित परिश्रम का आह्वान किया है। रक्षा मंत्री ने आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए

सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। श्री सिंह ने घायल सैनिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने सैनिकों को आश्वासन दिया कि सरकार सशस्त्र बलों के साथ खड़ी है और राष्ट्र हमेशा सैनिकों की अद्वितीय वीरता और बलिदान का ऋणी रहेगा। उन्होंने सशस्त्र बलों के कल्याण को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा और खुफिया ढांचे को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, भारतीय सेना कोई साधारण सेना नहीं है। हमारे सैनिक जांबाज हैं। न केवल राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना, बल्कि लोगों का दिल जीतना भी उनका कर्तव्य है। श्री सिंह ने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात दोहराते हुए सैनिकों से अतिरिक्त सतर्क रहने का आह्वान किया, ताकि उनके साथ भविष्य में कोई अप्रिय घटना न घटे। रक्षा मंत्री ने क्षेत्र में हाल की घटनाओं को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सभी रैंकों से विशिष्ट प्रौद्योगिकी की सहायता से स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार, कड़ी खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन चलाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने सभी कमांडरों से अच्छी तरह से स्थापित एसओपी के उल्लंघन के प्रति जीरो टॉलरेंस रखने का आग्रह किया। उन्होंने पुंछ जिले के बुफलियाज़ के टोपा पीर गांव के निवासी मृतकों के परिवारों से भी मुलाकात की। उन्होंने घटना की त्वरित जांच का आश्वासन दिया, जिससे न्याय मिलेगा और सुरक्षा बलों, नागरिक प्रशासन, जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच उच्च स्तर के तालमेल पर संतोष व्यक्त किया, ताकि सुधार की दिशा में दृढ़ संकल्प का स्पष्ट संदेश दिया जा सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षा वातावरण केंद्र शासित प्रदेश के विकास के एक नए युग को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल ● शेष पेज 11 पर

भाजपा सत्ता का कर रही दुरुपयोग, संवैधानिक संस्थाएं हो रहीं कमजोर : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का दुष्प्रचार जारी है। चारों तरफ लूट मची हुई है। भाजपा ने सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया है, ऐसा तो किसी सरकार में नहीं हुआ। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। लोकतंत्र पर हमला जारी है। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान को बचाने की बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए संकल्पित है। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी सावधानी और पूरी सतर्कता से पीडीए इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा को सत्ता से हटाने का काम करेगी।

अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में विभिन्न जनपदों से आये प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा के झूठे वादों और काले कारनामों की सच्चाई से अवगत कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा के झूठ की जानकारी हर बूथ स्तर तक समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता देंगे। कार्यकर्ता अनुशासित रहकर हर बूथ पर मुस्तैदी से भाजपा को हराने का काम करेंगे।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने देश को कमजोर कर दिया है। अर्थव्यवस्था चौपट है। जनता का हर वर्ग असंतुष्ट है। विपक्षी कार्यकर्ताओं विशेषकर समाजवादी पार्टी के निर्दोष कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाकर उनका हर तरह से उत्पीड़न किया जा रहा है। गरीबों के साथ अन्याय करके उन्हें सताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सब वादे हवा हवाई है। किसानों की हालत खराब है। भाजपा सरकार में घर-घर बेरोजगार बैठे हैं। सात हजार शिक्षामित्र जान गवां चुके हैं।

अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो कुछ भी विकास दिख रहा है वह सब समाजवादी सरकार की देन है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पुलिस सेवा यूपी डायल 100 और महिला अपराध नियंत्रण के लिए 1090 वूमेन पावर लाइन सेवा, प्रसूताओं को अस्पताल लाने ले जाने के लिए 102 एम्बुलेंस और सड़क दुर्घटना में तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई थी। भाजपा सरकार ने इन सभी जनहित की सेवाओं को बर्बाद कर दिया है। भाजपा सरकार से जनहित की किसी भी योजना की उम्मीद करना व्यर्थ है।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि अखिलेश यादव पर देश को बहुत भरोसा है। हर नौजवान उनके नेतृत्व में चलने को तत्पर है। जनता इस बार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व और पीडीए-इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर भाजपा के एनडीए को सत्ता से हटा देगी। बैठक में राजेन्द्र चौधरी राष्ट्रीय सचिव, नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष, कुंवर देवेन्द्र सिंह पूर्व सांसद, कैलाश यादव पूर्व सांसद, मानपाल सिंह वर्मा पूर्व मंत्री, रणजीत सुमन पूर्व विधायक, नादिरा सुल्तान विधायक, जीनत खां पूर्व विधायक, वीरेन्द्र सिंह सोलंकी पूर्व विधायक, देवेश शाक्य आदि प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

वृंदावन से पंजाब लौट रही श्रद्धालुओं की बस ट्रक से टकराई, दो महिलाओं की मौत

एजेंसी

हादसे में आठ घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज

बागपत। जिले में ईस्टर्न पेरिफ़ेरल पर श्रद्धालुओं की बस का मंगलवार की देर रात को ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गयी। जबकि आठ लोग घायल बताए गये हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची खेकड़ा पुलिस ने एम्बुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां आठ घायलों का इलाज चल रहा है। पंजाब से वृंदावन के लिए एक मिनी बस में श्रद्धालू भगवान श्री कृष्ण दर्शन के लिए गये थे। बीती रात मंगलवार को सभी वापस लौट रहे थे। बस करीब 2 बजे रात ईस्टर्न पेरिफ़ेरल एक्सप्रेसवे से पंजाब जा रही थी। तभी खेकड़ा थाना क्षेत्र में खड़े एक ट्रक से टकरा गयी। बस के ट्रक से टकराते ही श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे खेकड़ा थाना प्रभारी ने दुर्घटनाग्रस्त बस में फंसे सभी घायलों को एम्बुलेंस 108 की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इस हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जबकि दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गयी है। सभी लोग पंजाब के रहने वाले बताए गये हैं। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। उनके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गयी है। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए कार्रवाई की जा रही है।

इटावा सफारी पार्क में बब्बर शेर बाहुबली की मौत

इटावा। जनपद में स्थित इटावा सफारी पार्क में वन्य जीवों की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बीमारी के चले सफारी पार्क में एक और बब्बर शेर 'बाहुबली' ने दम तोड़ दिया है। सफारी प्रशासन ने बब्बर शेर के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली स्थित आईवीआरआई भेज दिया है, जहां पर चिकित्साधिकारियों के पैनल के द्वारा उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा। सफारी पार्क के निदेशक अनिल कुमार पटेल ने बुधवार को बताया कि इटावा सफारी पार्क में बब्बर शेर बाहुबली ने मेगा कोलन बीमारी से ग्रसित होने के बाद उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि बब्बर शेर बाहुबली का इलाज पिछले डेढ़ वर्ष से मथुरा वेटनरी कॉलेज के विशेषज्ञ डॉक्टर आरपी पांडेय और डॉक्टर मुकेश श्रीवास्तव के परामर्श के अनुसार चल रहा था। बब्बर शेर बाहुबली को समय-समय पर एनिमा देकर फीकल पास कराया जा रहा था तथा अन्य आवश्यक दवाएं दी जा रही थी। दस नवंबर 2023 से बाहुबली को फीकल पास करने में कठिनाई और बढ़ गई। उसके द्वारा भोजन भी पूर्ण मात्रा में नहीं लिया जा रहा था। सही ढंग एवं समय से फीकल पास न होने की वजह से वह तेईस नवंबर 2023 को अपने पिछले पैरों पर खड़ा होने में असमर्थ दिखा। 24 नवंबर से वह लड़खड़ाकर चलने लगा। 26 नवंबर से वह अपने पिछले दोनों पैरों से पैरालाइज हो गया था। जिसके बाद विशेषज्ञों की सलाह पर लगातार उपचार किया जाता रहा, परन्तु बाहुबली अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाया। निदेशक ने बताया कि 07 दिसंबर को सफारी पार्क के पशु चिकित्सालय में उसे शिफ्ट किया और उसके उपचार हेतु विशेषज्ञ परामर्श हेतु डॉक्टर पावड़े आई.वी.आर.आई बरेली, डॉक्टर आरपी पाण्डेय, डॉक्टर मुकेश श्रीवास्तव मथुरा वेटनरी कॉलेज, डॉक्टर नासिर कानपुर प्राणी उद्यान, डॉक्टर आरके सिंह पशुपालन विभाग, डॉक्टर उत्कर्ष शुक्ला लखनऊ प्राणि उद्यान, डॉक्टर इलैया राजा वाइल्ड लाइफ एसओएस आगरा, डॉक्टर गौरव श्रीवास्तव पूर्व चिकित्सा सफारी पार्क का सहयोग लिया गया।

मछली पकड़ते समय डूबे युवक का शव दो दिन बाद नदी में मिला

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र में गांगन नदी में मछली पकड़ते समय डूबे युवक दिनेश का शव बुधवार को सुबह मिल गया। सोमवार को वह मछली पकड़ने गया था, जहां उसका शव नदी में 500 मीटर दूर बहकर चला गया। मिलक पंडित नगला निवासी दिनेश (25) अपने तीन साथियों के साथ सोमवार को मछली पकड़ने के लिए गया। गांगन नदी में मछली पकड़ने के दौरान वह पानी के तेज धार में बह गया था। थाना कटघर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीएसी के गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे दिनेश की खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। थानाध्यक्ष ने बताया कि दिनेश का शव बुधवार की सुबह नदी से बरामद कर लिया गया है। परिवार की ओर से अगर कोई तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। पति के लाश को देखकर पत्नी रूबी, बच्चे और भाई मदनपाल, रतन सिंह, मुकेश और लोकेश रो-रोकर हाल बेहाल है।

प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व केशव प्रसाद मौर्य ने अयोध्या की संभाली कमान

एजेंसी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 दिसंबर को प्रस्तावित अयोध्या आगमन से पूर्व अयोध्या धाम को चमकाने में जुट गए हैं। प्रधानमंत्री के अयोध्या दौरे को ऐतिहासिक बनाने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इन दिनों अयोध्या में कैंप कर रहे हैं। वह अयोध्या में प्रधानमंत्री के सभी कार्यक्रमों का बारीकी से निरीक्षण कर रहे हैं और तैयारी को अंतिम रूप दे रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के अधिकारी तथा पार्टी के जिला से लेकर बूथ स्तर तक के सभी पदाधिकारी पिछले 3 दिनों से 'जहां जन्मे राम, स्वच्छ अयोध्या धाम' अभियान चला रहे हैं। अयोध्या धाम में यह अभियान एक जन-आंदोलन में बदल चुका है। उन्होंने 25 दिसंबर को स्वच्छता अभियान लता मंगेशकर चौक तथा श्री राम मंदिर जन्मभूमि के निकट साफ सफाई कर कूड़े को निस्तारित किया गया। इसी तरह 26 दिसंबर को राम की पैड़ी तथा सरयू घाटों पर भी सफाई अभियान चलाया गया। सरयू के घाटों पर जाकर श्रद्धालुओं से सरयू मैया को साफ सुथरा रखने का आवाहन किया गया। 27 दिसम्बर बुधवार को अशर्फी भवन चौराहे तथा आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर सभी ने श्रमदान दिया। यह तीन दिवसीय अभियान जो कि आगे भी जारी रहेगा। इसमें हर वार्ड के सदस्य इस जन आंदोलन में भाग ले रहे हैं और अयोध्या को स्वच्छ-सुंदर बना रहे हैं। अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं ने भी 'जहां जन्मे राम, स्वच्छ अयोध्या धाम' अभियान में भाग ले रहे हैं और स्नान के बाद घाटों, दर्शन के बाद पुष्प, पॉलिथीन इत्यादि को उचित स्थान पर निस्तारित कर रहे हैं। अयोध्या धाम को साफ-सुथरा रखने के लिए अयोध्या वासियों ने भी कमर कस ली है। अब वह अपने घर की नहीं घर के सामने तथा आसपास भी साफ सफाई कर रहे हैं और इस जन आंदोलन में भाग ले रहे हैं। अयोध्या वासियों सहित असंख्य राम भक्तों का सपना अब साकार होने वाला है। 22 जनवरी को प्रभु श्री राम आने वाले हैं। अनेक प्रकार के सुंदर-मंगल साज सजाएं की गईं हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्वच्छ अयोध्या के इस संदेश को जन-जन तक, हर घर तक पहुंचाकर इस जन आंदोलन को आगे बढ़ाना है। स्वच्छता अभियान में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

झांसी में कोरोना की दस्तक जिला अस्पताल का कर्मचारी निकला पॉजिटिव

झांसी। जिला अस्पताल में कार्यरत एक कर्मचारी के कोरोना पॉजीटिव निकलने पर अस्पताल के कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इसकी पुष्टि एंटीजेन की जांच में हुई है। फिलहाल पॉजिटिव कर्मचारी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। साथ ही उससे संपर्क में आए लोगों को भी सूचीबद्ध कर उनकी जांच करने की कवायद शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल के माइक्रो बायलॉजी विभाग में तैनात एक कर्मचारी पिछले दिनों हैदराबाद गया हुआ था। जहां से लौटकर वह झांसी आए और उनकी कोरोना जांच हुई। जिसमें वह पॉजीटिव निकला। जैसे ही इसकी जानकारी अन्य कर्मचारियों में हुई तो उनमें हड़कम्प मच गया। झांसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधाकर पांडेय ने बुधवार को बताया कि देश में कोरोना का नया वैरिएंट मिलने के बाद पिछले कुछ दिनों से लगातार कोरोना की जांच की जा रही है।

कंटेनर और डंपर की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत

प्रयागराज,। हंडिया थाना क्षेत्रांतर्गत बगहां गांव के हाईवे स्थित एक ढाबा के पास खड़े कंटेनर में बुधवार को कानपुर की तरफ आ रहे एक डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। इसी दौरान डंपर और कंटेनर के बीच खड़े बाइक सवार दो अभ्यर्थियों की मौत हो गई। यह हादसा घने कोहरे के चलते हुआ और चपेट में आने से सोरांव निवासी बाइक सवार दो छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे के काफी देर बाद दोनों की शिनाख्त हो सकी है। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि दोनों मृतक सोरांव इलाके के रहने वाले शिवम (22) और अश्वनी पटेल (23) हैं। दोनों युवक कम्प्यूटर की 'ओ लेवल' की परीक्षा देने के लिए मिर्ज़ापुर जा रहे थे। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी है।

ऑटो व बस की सीधी भिड़ंत में पांच लोग घायल

गाजियाबाद। विद्या भारती ने कविनगर रामलीला मैदान में 31 दिसंबर को होने वाले समुत्कर्ष विद्यार्थी समागम कार्यक्रम के लिए बुधवार को भूमि पूजन किया। इस समागम में लगभग 7000 भैया-बहिन, उनके अभिभावक, अध्यापक तथा महानगर के प्रमुख लोग मौजूद रहेंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री वीके सिंह समागम के मुख्य अतिथि होंगे। भूमि पूजन में भारतीय शिक्षा समिति के मंत्री राम वरुण, प्रदेश निरीक्षक विशोक शर्मा सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक विपिन राठी ने बताया कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मेरठ प्रांत से संबद्ध गाजियाबाद के सभी विद्यालयों द्वारा 31 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से कविनगर के रामलीला मैदान में विद्यार्थी समागम समुत्कर्ष का आयोजन किया जा रहा है। समागम का उद्देश्य भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जाने वाली गतिविधियों को समाज के सामने रखना है। साथ ही नई शिक्षा नीति की बारीकियों से अभिभावकों को अवगत कराना है। इस कार्यक्रम में विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों व आने वाली भावी पीढ़ी को संगीत शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के प्रति जागरूक करना है ताकि भावी पीढ़ी का निर्माण हो सके। राठी ने बताया कि कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो इसलिए सबसे पहले विद्या भारती के अधिकारियों द्वारा रामलीला मैदान कविनगर में भूमि पूजन एवं यज्ञ किया गया। भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक विशोक शर्मा यज्ञ के मुख्य यजमान रहे। इस अवसर पर महेश चंद्र शर्मा, शिवकुमार शर्मा, पंकज शर्मा आदि गण्यमान्य उपस्थित रहे। आचार्य शिवकुमार शर्मा के सान्निध्य में यज्ञ सम्पन्न हुआ।

कोहरा बना आफतः मार्ग दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत

बरेली। जनपद में कोहरे की वजह से वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई, लेकिन हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार की सुबह कोहरे के चलते हादसे में मोटर साइकिल सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल है। हाफिजगंज के गांव नरई नगला गांव निवासी सुनीता देवी (35) अपनी भतीजी प्रभादेवी और रिश्ते में भाई राजपाल के साथ अपने भांजे की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए मोटर साइकिल से जा रही थी। मटकली गांव के पास सीमेंट से भरे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटर साइकिल पर सवार सुनीता और प्रभा सड़क पर गिर गईं और दोनों की मौत हो गई। वहीं राजपाल गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप सुसज्जित होने लगी अयोध्या

अयोध्या के साथ मथुरा, सीतापुर, पश्चिम बंगाल के कारीगर तैयारी में जुटे अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 30 दिसंबर को अयोध्या आगमन को लेकर तैयारियां तेज हैं। अयोध्या अभी से त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप सुसज्जित होने लगी है। पुष्पवर्षा की भी तैयारी है। इस काम में अयोध्या एवं आसपास के जिलों के साथ ही पश्चिम बंगाल, मथुरा एवं सीतापुर के 700-800 कारीगर जुटे हैं। कोलकाता, कानपुर, दिल्ली, बेंगलुरु आदि स्थानों से फूल मंगाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री इस दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डे के लोकार्पण के साथ ही हजारों करोड़ की विकास परियोजनाएं समर्पित करेंगे। एयरपोर्ट बाईपास से फोरलेन धर्मपथ, साकेत पेट्रोल पंप हनुमानगढ़ी के रास्ते लगभग 9 किमी. से अधिक दूरी तय करने में दो दर्जन से अधिक तोरणद्वार बनाए जाएंगे। यहां रेलिंग डिवाइडर-मूर्तियों आदि को फूलों व बुके से सजाया जाएगा। पीएम के स्वागत के मद्देनजर अभूतपूर्व तैयारी है। राममय अयोध्या के भव्य तोरणद्वार काफी शानदार होंगे। अयोध्या के रहने वाले बालकृष्ण सैनी अपनी टीम के साथ काम में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि पीएम के स्वागत में देशी-विदेशी फूलों से अयोध्या महक उठेगी। लगभग 20 डीसीएम से अधिक फूल (अनुमानित 1,44,000 कुंतल) लगाए जाएंगे। इनमें कोलकाता से गेंदा की लड़ी, कानपुर एवं दिल्ली से अशोक की पत्ती, दिल्ली से कर फ्लावर व बेंगलुरु से विदेशी फूल आएंगे। इनमें आर्केड, इनथेरियम, कोनिया, कार्नेसन, टाटा रोज, स्टार, डेली, जरबेरा के साथ ही विक्टोरिया, सन ऑफ इंडिया, पैराग्रास, मनोकोमली, चाइना पत्ती, घोड़ापाम, एरिका पान आदि से सजावट होगी। गेंदा, गुलाब, रजनीगंधा, कनेर, डहलिया आदि फूलों से भी रास्तों को सजाया जाएगा। सैनी के मुताबिक उनकी टीम के 700-800 कारीगर रात-दिन जुटे हुए हैं। कारीगरों ने बताया कि सजावट उनका काम है, लेकिन यह अभूतपूर्व हो, ऐसी मन की आवाज है। पीएम मोदी व सीएम योगी ने अयोध्या को अलग ही पहचान दिला दी। इन दोनों का स्वागत करना हर किसी के मन में है। इस कार्य में मथुरा-वृंदावन के 250, सीतापुर के 250, पश्चिम बंगाल के 150 कारीगर, स्थानीय स्तर पर 75 कारीगर लगे हैं।

डालीगंज क्रसिंग पर बंद शटर के नीचे से परोसी जा रही देसी शराब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ ।शराब का व्यापार ही एक ऐसा व्यापार है जो 24 घण्टे सेवा प्रदान करता है यकीं ना आये तो डालीगंज क्रसिंग थाना मदेय गंज पर पूजा जैसवाल आबकारी की दुकान पर चले जाइये और देखिये कि कैसे शटर के नीचे से लोगो को शराब बेची जाती है यहां आपको कभी भीड़ भी नही दिखेगी क्योंकि ये मधुशाला 24 घण्टे आपकी सेवा मे तत्परता के साथ अपना काम करती है इसको सरकारी आदेश से कोई लेना देना नही रहता सरकार भले समय सारणी बना कर इनको आदेशित करे पर मजाल है ये दुकान शराब के शौकिनो को मायूस करे इस दुकान के बारे मे हम तक ये खबर पहुंची तो हमे भी लगा एक बार देखा जाए की बंद शटर के नीचे से कैसे शराब बाहर आती है फिर हम जैसे वहाँ पहुंचे तो देखा की बंद दुकान से शराब की बिक्री का खुला खेल जारी है हालांकि पुलिस चौकी भी दुकान से करीब है पर आपसी सेटिंग भी तो कोई चीज है जनाब कहावत भी है कि जब सैयां भये कोतवाल तो डर काहे का लेकिन हमारा काम था ख़बर को दिखाना अब आगे सरकारी अमला इस ख़बर को कैसे लेता है ये देखने वाली बात होगी जिसका हम भी इंतज़ार करेंगे

नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता ने मोहम्मद यूसुफ बनकर मुस्लिम युवती से निकाह किया

एजेंसी

नायब तहसीलदार समेत 10 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज, मौलाना समेत दो लोग गिरफ्तारी

हमीरपुर । जनपद के मौदहा तहसील में तैनात नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता ने मोहम्मद यूसुफ बनकर एक मुस्लिम युवती से निकाह कर लिया। वह पहले से ही शादीशुदा था। इस मामले में बुधवार को नायब तहसीलदार समेत 10 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मौलाना समेत दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार की पहली पत्नी की तहरीर पर की गई है। मौदहा तहसील में तैनात नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता कानपुर के रहने वाले हैं जो शादीशुदा हैं और दो बच्चों के पिता भी हैं। पिछले दिनों नायब तहसीलदार का मस्जिद में नमाज पढ़ने की तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की जांच के आदेश के बाद एसडीएम राजेश मिश्रा कस्बे की मजिस्द पहुंचे और मामला पता लगाया। बाद में मौदहा के तहसीलदार ने मस्जिद पहुंचकर पूरे प्रकरण की छानबीन की। जांच के दौरान मौलाना मोहम्मद मुस्ताक ने बताया कि एक शख्स जो कुछ दिनों से मस्जिद आकर नमाज पढ़ते देख पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम मोहम्मद यूसुफ और मौदहा तहसील का नायब तहसीलदार बताया। जानकारी कराने पर पता चला कि कानपुर का रहने वाला शख्स आशीष गुप्ता है जो यहां के नायब तहसीलदार है। जांच अधिकारी ने मस्जिद के मौलाना समेत कई लोगों के बयान दर्ज किए। जांच अधिकारी ने नायब तहसीलदार से भी पूछताछ की तो उसने बताया कि उर्दू सीखने मस्जिद गए थे। धर्म परिवर्तन करने की बात को उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया था। इधर इस पूरे मामले की जांच के बाद अब नायब तहसीलदार पर बड़ी कार्रवाई करने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता के धर्म परिवर्तन कर निकाह करने की खबर से यहां प्रशासन के अधिकारी दंग रह गए। जबकि उसके परिजनों के होश ही उड़ गए हैं। मामले की जानकारी होते ही नायब तहसीलदार की पत्नी आरती यज्ञसैनी उर्फ आरती गुप्ता कानपुर से अपने बच्चों के साथ हमीरपुर पहुंची। आरती गुप्ता कानपुर नगर के हनुमंत बिहार में रहती है। उसने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए मौदहा कोतवाली में तहरीर दी है। आरती का कहना है कि पति का जबरन धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम लड़की से अनैतिक शादी कराई गई है। एसपी डा.दीक्षा शर्मा ने बुधवार को बताया कि मौदहा तहसील के नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता की पत्नी ने पति का जबरन धर्म परिवर्तन कराए जाने और पति के अनैतिक शादी कर लेने के सम्बन्ध में तहरीर मौदहा कोतवाली में दी थी।

इनामिया वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान

लखनऊ । पुलिस अधीक्षक रेलवे, लखनऊ द्वारा ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूट जहर खुरानी की घटनाओं की रोकथाम व इनामिया वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, प्रथम विकास पाण्डेय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक संजय खरवार थाना जीआरपी चारबाग लखनऊ के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दिनांक 23.12.2023 को थाना जीआरपी चारबाग से 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया ।

संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

बस्ती। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के महुलानी गांव में बुधवार को एक किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थिति में फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी दीपक दुबे ने बताया कि पूछताछ में मुबारक ऊर्फ कल्लू ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री शकीना मंगलवार की रात को खाना-पीना खाने के बाद कमरे में सोने के लिए चली गई।

मालवीय जी व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे : रामबहादुर राय

वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. कुमुद शर्मा व पत्रकार जितेंद्र तिवारी समेत सात पत्रकार सम्मानित

मेवाड़ इंस्टीट्यूट में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती पर हुआ समारोह

एजेंसी

गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती पर आयोजित 18वें पत्रकार प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार दिल्ली विश्वविद्यालय, हिन्दी विभागाध्यक्ष व साहित्य अकादमी नई दिल्ली की उपाध्यक्ष प्रोफ़ेसर कुमुद शर्मा समेत कुल सात पत्रकारों को सम्मानित किया गया। जितेन्द्र तिवारी को पत्रकार प्रतिष्ठा सम्मान एवं प्रोफ़ेसर कुमुद शर्मा को साहित्य प्रतिष्ठा सम्मान से सम्मानित किया गया, जबकि पत्रकार संजय श्रीवास्तव, अवनीश कुमार मिश्र, रश्मि ओझा एवं विनोद पांडेय को पत्रकार गौरव सम्मान से नवाजा गया। सभी को शॉल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न व नकद राशि प्रदान की गई। वरिष्ठ पत्रकार एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष पद्मश्री राम बहादुर राय, मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार बनवारी , मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने पत्रकारों को सम्मानित किया। इस मौके पर राम बहादुर राय ने अपने सम्बोधन में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मालवीय जी व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे। वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बड़े उदाहरण हैं। डॉ. गदिया ने कहा कि मालवीय जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी, पत्रकार, वकील, गायक, कथावाचक, देशभक्त व युगदृष्टा थे। देश में प्रोफ़ेशनल्स तैयार हो सकें, इसके लिए उन्होंने बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी बनाई। मुख्य अतिथि बनवारी ने कहा कि शासक आते-जाते रहते हैं।

लेकिन प्रजा हमेशा रहती है। मालवीय जी ने जो काम किये, जो आदर्श स्थापित किये, उन्हें हम अपने जीवन में उतारें। प्रोफ़ेसर कुमुद शर्मा ने कहा कि मेवाड़ संस्थान मालवीय जी के जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान कर रहा है। यह उल्लेखनीय प्रयास है। मालवीय जी स्वाधीनता संग्राम के इतिहास पुरुष थे। साहित्य, शिक्षा, समाज सेवा और देश के प्रति उनका अवदान बहुमूल्य है। इससे पूर्व समारोह की शुरुआत प्राची वर्मा एवं प्रियंका ने सरस्वती वंदना से की। डीएलएड की छात्रा आयुषी और अंशु श्रीवास्तव ने मालवीय जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।संचालन अमित पाराशर ने किया।

ओबरा-सी पावर प्लांट की पहली यूनिट से विद्युत उत्पादन शुरू, ऊर्ज़ा मंत्री ने दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल किया है। ओबरा-सी 2660 मेगावाट पावर प्लांट की पहली यूनिट से मंगलवार को अपराह्न 2.30 बजे पूर्ण क्षमता से विद्युत का उत्पादन शुरू हो गया है। इस प्लांट के पूर्ण रूप से चालू होने से उत्तर प्रदेश की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में 10 प्रतिशत की और वृद्धि होगी।

प्रदेश के ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा ने पावर प्लांट के पूरी क्षमता से चालू होने पर ऊर्ज़ा क्षेत्र के सभी कार्मिकों को बधाई दी है तथा इस सफलता के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन को योगी सरकार प्रदेश को ऊर्ज़ा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर साकार करेंगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश अपने दोगुना विद्युत उत्पादन के लक्ष्य को पूरा कर लेगा। जल्द ही तापीय और सोलर ऊर्ज़ा के माध्यम से प्रदेश के लोगों को भरपूर और निर्बाध बिजली मिलेगी।

ऊर्ज़ा मंत्री ने बताया कि ओबरा सी 2660 मेगावाट क्षमता का पावर प्लांट सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी आधारित प्रोजेक्ट है और यह प्लांट 13,005 करोड रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी आधारित यह पावर प्लांट पर्यावरण के मानक के अनुरूप होगा तथा जीरो लिक्विड डिस्चार्ज से युक्त होगा। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने इस प्लांट से उत्पादित विद्युत का 100 प्रतिशत विद्युत क्रय हेतु अनुबंध किया हुआ है।

उन्होंने बताया कि ओबरा-सी 660 मेगावाट की प्रथम यूनिट से विद्युत का कार्मर्शियल उत्पादन भी शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। पॉवर प्लांट का उदघाटन के बाद लोगों के उपभोग के लिए विद्युत आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

मंत्री ने बताया कि एटा की जवाहरपुर पॉवर प्लांट की प्रथम यूनिट से भी 660 मेगावाट विद्युत उत्पादन शीघ्र ही शुरू हो जायेगा। साथ ही जवाहरपुर की 660 मेगावाट की दूसरी यूनिट से भी फरवरी, 2024 तक में विद्युत के उत्पादन की शुरूआत हो जायेगी। इस प्रकार प्रदेश को कुल 1920 मेगावाट क्षमता की विद्युत और मिलने लगेगी। अभी ओबरा-सी की दूसरी यूनिट, पनकी, और ओबरा-डी आना बाकी है।ऊर्ज़ा मंत्री ने बताया कि इसके साथ ही ओबरा-डी की 2800 मेगावाट के दो पावर प्लांट लगाने का अनुबंध एनटीपीसी के साथ हो चुका है। इसी प्रकार अनपरा में भी 2800 मेगावाट की दो यूनिटें लगाने के लिए एनटीपीसी के साथ अनुबंध है। मेजा की 660 मेगावाट के प्लांट का विस्तार करने के लिए एनटीपीसी सहयोग कर रहा है। पनकी में भी 660 मेगावाट की एक यूनिट के विस्तार के बाद अगले वर्ष से पूर्णतया कार्य करने लगेगा। घाटमपुर में भी 3660 मेगावाट की तीन यूनिटों को स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी हमारी थर्मल पावर प्लांट से विद्युत उत्पादन की कुल क्षमता 6100 मेगावाट है। इन सभी इकाइयों के कार्य करने से इतनी ही क्षमता का और विद्युत उत्पादन प्रदेश में होने लगेगा।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार सौर ऊर्ज़ा से भी 7000 मेगावाट विद्युत उत्पादन के लक्ष्य को पूरा किया जा रहा है। रूफटाप सोलर को भी सरकार बढ़ावा दे रही। सौर ऊर्ज़ा को दिन में स्टोर करने के लिए पम्प स्टोरेज प्रोजेक्ट साइन किये गये हैं। इससे 12 हजार मेगावाट क्षमता के पम्प स्टोरेज लगाये जा सकेंगे।

पूरी तरह से उखड़ गई सड़क,लोगो को आने जाने मे हो रही परेशानी आने जाने वालों के सामने आ रही है परेशानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जन -समस्या

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र के निजामपुर गांव के पास से गुजरने वाली लगभग 2 किलोमीटर लंबाई वाली सड़क पूरी तरह बदसूरत हो चुकी है। अब उस पर केवल उड़ती हुई धूल ही नजर आती हैं।इस मार्ग से गुजरने वाला भी पूरी तरह से धूल धूसरित हो जाता।सड़क निजामपुर चौराहे के निकट गोरिया कला मार्ग से चौराहे से आरंभ होकर सिटकिहा कला से होते हुए धौरहरा वाया अमेठी से निकलकर सुल्तानपुर रोड से जुड़ जाती है।इस मार्ग से लोगो का आना जाना मुश्किल हो गया है।यह स्थिति कई वर्षो से बनी हुई है लेकिन जिम्मेदारों ध्यान इस ओर आकर्षित नहीं हुआ ।इस मामले पर निजामपुर ग्राम प्रधान रेखा की ओर से कहा गया कि यह सड़क एक वर्ष से उखड़ी हुई है।सड़क की यह स्थित इस मार्ग से लगातार मिट्टी ढोने वाले डंफफारो के कारण हो गई है। अब इस रास्ते से गुजरने वाले सभी लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस मार्ग पर अनेकों लोग गिरकर चोट खा चुके है।पूरी स्थिति को जानते हुए भी इस तरफ किसी जिम्मेदार का ध्यान आकर्षित नहीं हुआ।ग्राम प्रधान के अनुसार इस सड़क का निर्माण जिला पंचायत की ओर से किया जाना है लेकिन यह काम कब होगा यह निश्चित नहीं है।अब इस मार्ग से गुजरने वाले लोग सड़क बनने का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं।इस सड़क के जिला पंचायत से निर्मित होने की बात कही जा रही है।लेकिन जिला पंचायत कार्यालय से संपर्क करने से मिली जानकारी के अनुसार यह काम जिला पंचायत से नही होगा। यह तो लोक निर्माण विभाग का काम है।इसी के द्वारा इस सड़क का निर्माण हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार यह सड़क अब प्रधान मंत्री सड़क योजना में है।उसी से इसका निर्माण होना है।इस सड़क का निर्माण कब पूरा होगा यह तो तय नहीं है लेकिन इस समय लोगो को आने जाने में परेशानियों का सामना जरूर करना पड़ रहा है।आने जाने वाले लोग इस तरह से धूल धूसरित हो जाते है कि उनका चेहरा भी पहचानना मुश्किल हो जाता है।बच्चो का स्कूल आना जाना भी प्रभावित हो रहा है।इस समस्या से छुटकारा कब मिलेगा यह तय नहीं है।लोगो के अनुसार इस समय ग्रामीण क्षेत्र की लगभग सभी सड़कों की यही दशा बनी हुई है। समस्या कही भी हो किंतु इस मामले पर सरकार का या अधीनस्थ कोई जिम्मेदार कुछ भी कहने को तैयार नहीं है।

आगमन उत्सव उमंग कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। साहित्यिक संस्था 'आगमन' के संस्थापक दिवंगत पवन जैन को श्रद्धांजलि देकर 11वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। बुद्ध रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑडिटोरियम में संस्था के देश में ही नहीं, विदेश से आए आजीवन सदस्यों ने सतरंगी प्रतिभा के रंग बिखेरे।

दो सत्र में 8 घटों तक चले इस साहित्यिक आयोजन में, देश के 20 राज्यों से 150 से भी अधिक साहित्यकारों ने अपनी हिस्सेदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत कुलदीप कौर द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन, शिप्रा खरे और मनीषा जोशी ने बहुत ही रोचक अंदाज में किया। दीप-प्रज्वलन के उपरांत गिन्नी सहगल ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. अनिल मिश्रा और अध्यक्ष प्रो विश्वभर दयाल शुक्ला रहे। साथ ही आगमन अतिथि मुनालश्री विक्रम बिष्ट, नीमा पंत, रिचा जोशी, कविता मल्होत्रा, तारा इकबाल, एडवोकेट के सरन, संजीव निगम उपस्थित रहे। कविता मल्होत्रा के वात्सलय टीम द्वारा नाटक ह्लब्लैंक चेकङ्क की प्रस्तुति शानदार रही और साथ ही रशिका भसीन द्वारा बेहद खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया गया। पंकज सिंह चावला द्वारा स्मृतिशेष पवन जैन को समर्पित एक डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की गई। इसके बाद आजीवन सदस्यों की काव्य-रचनाओं के साझा-संकलन 'अनन्या' का विमोचन किया गया।

दूसरे सत्र का संयुक्त सञ्चालन अनुराधा पाण्डेय एवं अभिषेक शुक्ला ने किया गया। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि यदुनाथ सिंह मुरारी एवं अध्यक्ष डॉ अर्चना श्रीवस्तव रहे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार व लेखक मनीष शुक्ल, अलंकार रस्तोगी, नमिता सचान सुंदर आगमन अतिथि जुबैर अंसारी, मनोज शुक्ल मनुज, उपस्थित रहे। बालकवि प्रत्यूष की ह्लरश्मिरथीङ्क काव्य प्रस्तुति बेहद शानदार रही। आगमन अध्यक्ष निशान्त जैन ने सभी का आभार प्रकट करते हुए टीम को दिया। कार्यक्रम का संयोजन रेखा बोरा ने किया।

पुलिस भर्ती में आयु सीमा बढ़ाकर मुख्यमंत्री ने किया नौजवानों के साथ न्याय : मनजीत सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता मनजीत सिंह ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस बल में होने वाली 60000 की भर्तियों में सभी वर्गों को आयु में 3 वर्ष की छूट दिए जाने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस निर्णय ने नौजवानों के साथ बहुत बड़ा न्याय करने का काम किया है।श्री सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ सबके विकास के नारे को लेकर सबका विकास करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसानों को सबसे अधिक लाभ भाजपा की सरकार में मिल रहा है। प्रदेश के 2 करोड़ 61 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि सरकार द्वारा दी जा रही है। उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों को सरकार द्वारा 2.25 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। प्रदेश के किसानों का गन्ना की खेती के लिए डेढ़ गुना रकबा बड़ा है।

मनजीत सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विपक्ष के पास के मुद्दा नहीं रह गया। विपक्ष हमेशा किसानों को ठगने का काम किया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की 80 की 80 लोकसभा जीतने जा रही है।

खाना खाने गए ग्राहकों को होटल मालिक व कर्मचारियों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत अहिमामऊ स्थित एक होटल में खाना खाने गए युवकों की होटल मालिक व स्टॉएफ के अन्य लोगो ने पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित ने होटल मालिक व 15 अन्य लोगो के थाने में खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के अनुसार प्लॉट नम्बर 18 अवध बिहार कालोनी थाना सरोजनीनगर लखनऊ निवासी दिव्यांश पांडेय ने उन्हें जानकारी दी कि वह मंगलवार की रात करीब ढाई बजे अहिमामऊ स्थित शिवांस होटल पर अपने दोस्तो नमन सिंह छाबड़ा, प्रखर सिंह , उत्कर्ष तिवारी एवं नवोदय सिंह, के साथ खाना खाने गया था। वहां होटल मालिक की किसी अन्य ग्राहक से झड़प हो गई। कुछ देर बाद होटल मालिक ने 15 परिवार के व होटल कर्मियो ने लाठी, डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया ।उन लोगों ने पिटाई करने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना में मारपीट के दौरान जब पुलिस को फोनकर जानकारी दी गई । पुलिस के वहां पहुंचते ही आरोपी मौके से भाग खड़े हुए। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित दिव्यांश की तहरीर पर होटल मालिक राजशेखर सहित 15 अज्ञात लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।अब पुलिस आरोपियों की तलाश मे लगी हुई थी।

रिपोर्ट दर्ज करने के बाद चुप बैठ गई पुलिस 13 दिन बाद भी बरामद की जा सकी चोरी गई मोटर साइकिल

लखनऊ।पुलिस ने 13 दिन बाद मोटर सायकिल चोरी की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली उसके बाद अपना काम समाप्त समझ लिया।शायद इसी लिए पूरा मामला ठंडे बस्ते मे चला गया है।गोसाईगंज कोतवाली के गांव हसनापुर निवासी शिकयत कर्ता विवेक कुमार पुत्र चंद्र भूषण के अनुसार 15 दिसंबर 2023 को रात 8 बजे गांव शिवलर स्थित आशीर्वाद लान गए हुए थे।वही उन्होंने अपनी मोटर सायकिल खड़ी कर दी थी।लगभग 30 मिनट बाद जब शिकायत कर्ता दावत से फुर्सत पाकर घर जाने लगा तो उसकी मोटर सायकिल खड़े किए गए स्थान से गायब मिली।विवेक कुमार ने इधर उधर अपनी मोटर सायकिल की खोज कर ली,उसके बाद उसने गोसाईगंज कोतवाली मे प्लेटिना मोटर साइकिल यू पी 32 जे ए 7709 के चोरी हो जाने की शिकायत की।कोतवाली मे तैनात दरोगा भारत सिंह यादव ने प्रार्थना पत्र तो ले लिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की।शिकायत कार्य ने जब दरोगा जी से कहा तब उन्होंने मामले को एस एच ओ के सामने रखा।रिपोर्ट फिर भी दर्ज़ा नहीं हो पाई।जानकारी लेने पर पता चला कि एस एच ओ द्वारा मार्क किया गया प्रार्थना पत्र हो खो गया है।शिकायत कार्य से कहा गया दूसरा प्रार्थना पत्र दो।एक बार फिर नया प्रार्थना लिया गया।इस प्रकार पूरे 13 दिन बाद जानकारी मिली कि विवेक कुमार की सी मोटर सायकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है लेकिन अभी तक पुलिस उसकी बरमादगी नही कर पाई है।

सपा कार्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सचिव जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय लखनऊ पर राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी जगदीप सिंह यादव जी का जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ केक काटकर समाजवादी पार्टी नेताओं के द्वारा मनाया गया कार्यक्रम अवसर पर श्री निर्मल सिंह जी ,सूर्यकुमार सिंह जी ,फकीर सिद्दीकी जी ,प्रदेश सचिव प्रदीप कनौजिया, पूर्व महासचिव सौरव सिंह यादव, जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत, नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित,जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ,रजी अहमद,टीवी सिंह, अजय प्रताप बिन्नू ,मनीष यादव ,अजीत सिंह ,वीर बहादुर सिंह ,जीतू यादव लखनऊ बार महामंत्री , नागेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह,राम लखन जी, विनय यादव,सहित बड़ी संख्या में साथियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी कार्यक्रम को सभी साथियों ने बड़ी सादगी पूर्ण तरीके से मनाया तथा बाबूजी की दीर्घायु की कामना की !

कोहरे और लो विजिबिलिटी में नहीं होगा बसों का संचालन

दुर्घटना रोकने के लिए योगी सरकार की ओर से जारी किए गए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कोहरे और लो विजिबिलिटी के कारण दुर्घटनाओं को रोकने के लिए योगी सरकार ने बसों के संचालन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। परिवहन निगम के अधिकारियों से कहा गया है कि दैनिक काउंसिलिंग के माध्यम से बस स्टेशन पर क्रू को बस के प्रस्थान से पूर्व अधिकारियों एवं उपाधिकारियों द्वारा यह अनिवार्य रूप से निर्देशित किया जाए कि कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की स्थिति में बस का संचालन रोककर, निकटवर्ती बस स्टेशन व यात्री प्लाजा (जिस दिशा में बस चल रही हो, उसके विपरीत दिशा में स्थित ढाबे को छोड़कर), पेट्रोल पम्प, पुलिस थाना अथवा अन्य किसी सुरक्षित स्थान पर रोक दिया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि कोहरा समाप्त होने के बाद ही बसों का संचालन पुनः प्रारम्भ किया जाए।

अन्य चालकों को भी दी जाए कोहरे की जानकारी

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि कोहरे के समय किसी भी दशा में मार्ग के विपरीत दिशा में स्थित ढाबे पर बसों को न ले जाएं। ऐसी स्थिति में दुर्घटना की संभावना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि चेकिंग स्टाफ द्वारा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि बस को मुख्य सड़क पर खड़ा न किया जाए। अपरिहार्य स्थिति में खड़ी बस की पार्किंग लाइट जलती रहनी चाहिए।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि दृश्यहीनता की दशा में प्रत्येक बस स्टेशन पर उपस्थित उपाधिकारियों द्वारा मार्ग के बस स्टेशनों से सूचना लेकर अपने व अन्य क्षेत्रों की बसों को बस स्टेशन से मार्ग पर जाने के लिए अनुमति न दी जाए तथा चालक को यह अवगत कराया जाए कि कोहरे के कारण मार्ग बाधित है।

कोहरे, बारिश, आंधी/तेज हवाओं के दौरान बस को धीमी व सुरक्षित गति में संचालित किया जाये तथा सड़क के किनारे विशालकाय पेड़ के नीचे वाहन को रोका न जाए। कोहरे में बस को निर्धारित गति सीमा से अधिक गति पर कदापि संचालित न किया जाए। बस के आगे चलने वाले वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखें व सुरक्षित रहें। हाईवे एवं एक्सप्रेस-वे पर बने अनाधिकृत कट का प्रयोग कदापि न किया जाए।

विकसित भारत के लिए है 2024 की लड़ाई: दुष्यंत

लखनऊ। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि 2024 की लड़ाई विकसित भारत के लिए है। इसके लिए बूथ पर परिश्रम करना होगा। बूथ पर मोर्चा लेने का काम बूथ अध्यक्ष करता है। मजबूत बूथ अध्यक्ष ही बूथ विजय का आधार होता है। लोकसभा चुनाव करीब है इसलिए परिश्रम अधिक है। कामों का बंटवारा और सबको काम मिले इस रणनीति पर काम करें।

भाजपा राज्य मुख्यालय पर बुधवार को पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए गौतम ने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें और विकसित भारत का संकल्प पूरा हो इसके लिए प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता को काम देने और समीक्षा करने की रणनीति पर काम करना है। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ इकाई के द्वारा फाल्स वोटर्स की पहचान आसानी से की जा सकती है। पीएम के जीवन का एक-एक क्षण राष्ट्र की उन्नति तथा देश के नागरिकों की आत्मनिर्भरता के लिए समर्पित है। मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक व सामरिक रूप से मजबूत भी हुआ है और गांव, गरीब, किसान भी आर्थिक सम्पन्न हुआ है। यह वही अंत्योदय का विचार है जिसे लेकर हमनें अपनी राजनैतिक यात्रा प्रारम्भ की थी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व का ही परिणाम है कि पार्टी लगातार जन अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए चुनावों में जीत हासिल कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी के विकास की गारंटी की यात्रा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जिस भी मोहल्ले या गांव में जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। प्रदेश की 78 लोकसभा सीटों पर भाजपा पहले भी विजय का परचम फहरा चुकी है अब हमें लक्ष्य 80 को पूर्ण करना है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि नमो एप पर दो करोड़ लोगों को जोड़ कर विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का लक्ष्य है। जिसमें सभी को जुटना है। युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा कॉलेज कैम्पस में पहुंच कर युवाओं को विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। पार्टी के सभी पदाधिकारी पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी निभाएगें। पार्टी लाभार्थियों से संपर्क व संवाद के लिए लाभार्थी संपर्क अभियान भी प्रारम्भ करेगी। प्रत्येक योजना का पूर्व में ब्लूप्रिंट तैयार कर समय का नियोजन करते हुए कार्य करना है ताकि समय पर प्रत्येक कार्य सम्पन्न हो सके।इस बैठक में 22 व 23 दिसंबर को नई दिल्ली में सम्पन्न पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में हुए निर्णयों और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को साझा किया गया। आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों के क्रियान्वयन के लिए 31 दिसंबर तक सभी संगठनात्मक जिलों में जिला इकाई की बैठकें आयोजित करने का निर्णय हुआ। संचालन प्रदेश महामंत्री श्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया तथा राजनैतिक प्रस्ताव प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान ने प्रस्तुत किया।

श्री राम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अक्षत वितरण बनाने की योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा हेतु श्री अयोध्या जी से आये पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक चलायेगा संघ .

घर घर संपर्क करके अक्षत वितरण कर 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाने का आह्वाहन करेगा लोग अपने घरों में दीपक जलाएं और रामलला की पूजा करें और अयोध्या से लाइव प्रसारण अपने घर के टी वी पर देखें इस योजना के लिए आज नगर अम्बेडकरनगर लखनऊ पूर्व भाग में राम लला श्री अयोध्या से आये पूजित अक्षत वितरण हेतु बनायी योजना एवं निकाली गयी शोभा यात्रा जिसमे लखनऊ विभाग के विभाग प्रचारक अनिल जी, पूर्व भाग कार्यवाह ज्योति जी, नगर के माननीय नगर संघ चालक जगवीर सिंह,नगर कार्यवाह चेतन, सह नगर कार्यवाह रजनीश, नगर व्यवस्था प्रमुख सुधीर सहगल, अभिषेक दुबे, शिवेश द्विवेदी,धर्म जागरण प्रमुख धर्मराज,संजीव अरोड़ा, मुकुल अवस्थी,धर्मेंद्र शुक्ला, सरबजीत, मोहन मावा, अविनाश वर्मा, दिनेश द्विवेदी एवं भाजपा से मुख्य रूप से प्रदीप मिश्रा रहे जिन्होंने इस कार्यक्रम की खबर प्रेषित की।

भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद की बैठक हुई सम्पन्न

लखनऊ ।। भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह ने विशेष कार्याधिकारी एम एल त्रिपाठी जी के लखनऊ एल डी ए कालोनी सी - 1स्थित आवास पर औचक बैठक बुलाई जिसमे जाने माने प्रतिष्ठित जनो ने संस्था से जुड़ने की बात कही और संस्था के द्वारा किये गए कार्यों को विस्तार से समझा और अपना भी सुझाव दिया संस्था के विकास विस्तार सहित पत्रकारिता व सामाजिक अहम मुद्दों पर गम्भीरता से चर्चा परिचर्चा हुई जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह ,विशेष कार्याधिकारी एल एल त्रिपाठी ,चन्द्र भूषण पाण्डेय लखनऊ महानगर मीडिया प्रभारी ,सामजसेवी पियूष उर्फ पम्मी बाजपेई ,सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बाजपेयी ,पत्रकार श्याम त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे ।

उप्र में कोहरा और धुंध रहेगा बरकरार, पश्चिमी हवाओं से गिरेगा पारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवात से उत्तर प्रदेश में नमी बनी हुई है जिससे कोहरा और धुंध आगामी दो दिनों तक बरकरार रहेगा। इससे सुबह और शाम दृश्यता कम रहेगी और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अगर कानपुर की बात करें तो आज सुबह पांच बजे 700 मीटर ही दृश्यता रही। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी हवाओं के चलने से दिन में पारा गिरेगा और सर्दी बढ़ेगी।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि बांग्लादेश और आसपास के इलाकों पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी ईरान और उससे सटे अफगानिस्तान के हिस्सों पर है। इससे उत्तर प्रदेश के गंगा के मैदानी इलाकों समेत अधिकांश जनपदों में पर्याप्त नमी बनी हुई है और धुंध व कोहरा सुबह शाम भीषण रुप ले रहा है। विश्वविद्यालय के वेधशाला के अनुसार आज कानपुर में सुबह पांच बजे दृश्यता 700 मीटर तक पहुंच गई थी जिससे सामने कोई भी चीज नहीं दिख रही थी। ऐसे में सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। अभी आगामी दो दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा और दिन में धूप निकलने से ही धुंध व कोहरा छटेगा। यही नहीं उत्तरी पश्चिमी हवाओं के चलने से सर्द हवाएं उत्तर प्रदेश में आ रही हैं जिससे तापमान में गिरावट होगी और सर्दी में बढ़ोत्तरी होगी।

डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 20.8 और न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 97 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 76 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 1.3 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अगले पांच दिनों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं। बारिश की कोई संभावना नहीं है तथा प्रातःकाल एवं रात्रि के समय ठण्ड/धुंध एवं घने कोहरा छाये रहने के आसार है। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद हवाओं की गति बढ़ने से कम होने की संभावना है।

खालसा संगठन का उद्देश्य लोगों को उत्पीड़न से बचाना: आनंदीबेन पटेल

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि विश्व इतिहास में धर्म की रक्षा एवं मतांतरण के विरोध में सिख पंथ के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह द्वारा सर्वस्व बलिदान करने जैसा उदाहरण कहीं अन्य देखने को नहीं मिलता। खालसा संगठन का उद्देश्य लोगों को उत्पीड़न से बचाना था। शहादत दिवस के इतिहास को बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि वीर बाल दिवस भारतीय इतिहास में वीरता और बलिदान की एक मार्मिक याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि साहिबजादों का बलिदान राष्ट्रीय प्रेरणा का विषय है।राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को ये बातें राजभवन में वीर बाल दिवस को समर्पित दास्तान-ए-शहादत पर लाइट एण्ड साउंड शो सम्पन्न कार्यक्रम में कहीं।

सीएचसी गेट पर मिला लावारिस महिला का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फरधान-खीरी। बुधवार सुबह सीएचसी गेट पर एक वृद्ध महिला का शव बरामद हुआ। मृतका की उम्र 60 वर्ष के करीब लगती है जिसकी शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी भेजवा दिया है।

गेट पर स्थित मेडिकल स्टोर में लगे सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि रात 11 बजकर 23 मिनट पर लखीमपुर की ओर से एक एंबुलेंस आकार रुकती है। उससे एंबुलेंस कर्मचारियों की ड्रेस में दो युवक महिला के शव को लेकर उतरते हैं और शव गेट के किनार ले डाल कर फिर एंबुलेंस में बैठकर गोला की तरफ चले जाते हैं। कोहरा की धुंध होने के कारण उनके चेहरे साफ नजर नहीं आते हैं न ही एंबुलेंस का नंबर ही दिखता है। लेकिन एंबुलेंस से महिला का शव किस लिए यहां लाया गया और लाने वाले युवक कौन थे यह चर्चा का विषय बना हुआ है महिला की वेश

सीसीटीवी फुटेज में के अनुसार 11 बजकर 23 मिनट रात की घटना

भूषा देखकर कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं कि मृतका भिखारी हो सकती है जिसकी मौत ठंड के कारण हो गई होगी। लेकिन अगर मौत ठंड से मान भी लिया जाए तो उसको एंबुलेंस में क्यों लाया गया और अगर लाया भी गया तो सीएचसी गेट पर क्यों डाल दिया गया सीएचसी में भी लाया जा सकता था। उसकी मौत का कारण कुछ भी हो लेकिन घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

इस संबंध में बात करने पर थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया महिला की शिनाख्त के लिए शव मोर्चरी पर रखवाया गया। है। उसकी पहचान करवाने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

प्रयास फाउण्डेशन बीहट बीरम के प्रयास से सड़क सुरक्षा अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा / सीतापुर। जिला यातायात निरीक्षक सीतापुर सहित व थाना प्रभारी मछरेहटा टीम के निर्देशन में अनियमित वाहन चालको द्वारा हो रही निरंतर दुर्घटनाओं से आहत होकर संगठन ने जागरूक करने को की प्रतिज्ञा । मछरेहटा क्षेत्र के ग्राम बीहट बीरम में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-30 से नैमिषारण्य जाने वाले मार्ग पर प्रयास फाउण्डेशन द्वारा यातायात पुलिस व मछरेहटा पुलिस के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जागरुकता एवं चेकिंग अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में तेज गति व अनियंत्रित ऑटो चालको,हेलमेट,सीट बेल्ट न लगाने वालों,अधिक सवारी,ट्रिपलिंग करने वालों को फूल माला पहनाकर सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया, साथ ही वाहनों पर सवार महिलाओं,बहनों एवं पत्नियों को फूल देकर आग्रह के साथ अपने पति,बेटे व भाई की रक्षा के लिए दायित्व समझने और समझाने का आग्रह किया गया।विशेषकर फाउण्डेशन द्वारा अधिकतर वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाकर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने का कार्य किया गया। इस संबंध में संगठन के सदस्यों ने बीते कुछ दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक सीतापुर से फोन वार्तालाप और प्रत्यक्ष भेंट भी की थी, इसी के परिणाम स्वरुप जिला यातायात निरीक्षक की टीम ने गांव का भौतिक निरीक्षण किया तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था हेतु 2 स्लाइड बैरियर भी उपलब्ध कराए।इसी दिशा में बीते माह से निरंतर हो रही भीषण दुर्घटनाओं व मौतो से गांव क्षेत्र दहल उठा तथा आए दिन गांव किनारे स्थित चार सरकारी विद्यालय, दो गैर सरकारी विद्यालय तथा बैंक में आने जाने वाले लोगों के लिए खतरा बना रहता है,इस स्थिति में प्रयास फाउण्डेशन द्वारा निरंतर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने का विचार आज यथार्थ साबित हो रहा है।

गांव के युवा,वरिष्ठ और परिश्रमी लोगों द्वारा गठित प्रयास फाउण्डेशन निरंतर एक वर्ष से ज्यादा समय से गांव-क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चिंता करते हुए तमाम कार्य कर रहा है जो गांव के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उन्नयन के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं।संगठन के आधिकारिक सदस्य सरकारी,गैर सरकारी सेवाओं में, प्रगतिशील किसान व आत्मनिर्भर होकर स्व रोजगार के साथ गांव-क्षेत्र की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर यातायात पुलिस सीतापुर, थाना प्रशासन मछरेहटा के साथ-साथ संगठन के आधिकारिक सदस्य, जनमानस के लोग उपस्थित रहे।

उप्र में कोहरा और धुंध रहेगा बरकरार, पश्चिमी हवाओं से गिरेगा पारा

कानपुर। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवात से उत्तर प्रदेश में नमी बनी हुई है जिससे कोहरा और धुंध आगामी दो दिनों तक बरकरार रहेगा। इससे सुबह और शाम दृश्यता कम रहेगी और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अगर कानपुर की बात करें तो आज सुबह पांच बजे 700 मीटर ही दृश्यता रही। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी हवाओं के चलने से दिन में पारा गिरेगा और सर्दी बढ़ेगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि बांग्लादेश और आसपास के इलाकों पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है।

विकसित भारत यात्रा में पूर्व एम एल सी ने संकल्प दिलाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा-सीतापुर । प्रधान मंत्री के मंशानुरूप सभी विभाग के अधिकारियो के नेतृत्व में जहाँ पूरे देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में ब्लाक मछरेहटा के अंतर्गत सोमवार को दो ग्राम पंचायत हरिपाल पुर व भिटौरा ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन में मुख्य अतिथि रहे सीतापुर के पूर्व विधान परिषद सदस्य राकेश सिंह राजपूत भाजपा नेता मौजूद रहें । जिसमे विकास खण्ड के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने अपने अपने विभाग में चल रही योजनाओं के बारे मे ग्रामीणों को अवगत कराया । तथा योजनांतर्गत लाभान्वित लाभार्थियों ने सफलता की कहानी अपनी

स्व अटल बिहारी वाजपेई को माल्यार्पण कर याद किया

जुबानी सुनाई कार्यक्रम में पूर्व एम एल सी राकेश सिंह ने किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारियां दी वही एडीओ संदीप कुमार, सहकारिता विभाग की तरफ से मयंक बाजपेई , डा भार्गव ने ग्रामीण , जे ई लघु सिंचाई किसानों को लाभान्वित करने के लिए नैनो यूरिया, ,नैनो डीएपी , प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व बीज वितरण सम्बन्धी जानकारियां किसानों के मध्य साझा करतें हुए जानकारी दी एकत्रित जनसमूह को विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।वही प्रधानमंत्री आवास ,पेंशन ,किसान सम्मान निधि ,मुख्य मंत्री कन्या विवाह योजना ,सुकन्या ,आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी और एल सीडी स्क्रीन पर भी केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में सुनाया गया। इस अवसर पर हरिपाल पुर प्रधान राम पति पत्नी महेश भारती , बीडीसी काशी राम, करुणा शंकर, रामजीवन विश्वकर्मा, भिटौरा प्रधान हरी किशोर राठौर, सचिव राजेंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह, अंकित सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री विमलेंद्र अवस्थी, प्र अ अवधेश कुमार , एएनएम निर्मला, आंगन बाड़ी, आशाबहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बिलहरी गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे

विकसित भारत संकल्प यात्रा में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

इस संकल्प के साथ कार्यक्रम में लाभार्थियों को आवास योजना, पीएम किसान सम्मन निधि, उज्जवला गैस कनेक्शन, हर घर राशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदान किया गया, व जानकारी साझा की गई कार्यक्रम में सरकारी महकमो के अधिकारी भी मौजूद रहे जिन्होंने जन समस्याओं को सुना समझा व तुरंत

निस्तारण किया कार्यक्रम में पोषण पोटली, अन्नप्राशन, गोद भराई, जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी सम्मिलित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रीति वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि मुन्ना लाल अवस्थी रहे।

इस अवसर पर बिलहरी ग्राम प्रधान अजमुद्दीन अंसारी ने सभी आये हुये लोगो का माल्यार्पण कर स्वागत किया, और भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओ की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के संचालक पूर्व नगर अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेंद्र सिंह विधान सभा विस्तारक दीपक तिवारी, उमेश तिवारी, ग्राम प्रधान पंचायत सचिव प्रियम शुक्ला,अनुज बाजपेई, सर्वेश कुमार वर्मा व समस्त सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

कस्बे के प्रतिष्ठित विद्यालय स्टडी पॉइंट स्कूल ने बड़ी धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। कस्बे के स्टडी प्वाइंट इंटर कालेज मे वार्षीकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। यह विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जाना जाता है वही अभिवावकों को समय समय पर बच्चों को आज की प्रतिशप्रधा मे उच्च शिक्षा के सभी क्षेत्रो मे भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाता है. शिक्षा देश के विकास की चाभी है इसको ध्यान मे रखते हुए छात्र छात्राओं को शाशन प्रशाशन द्वारा जारी शिक्षा के उच्च मानको के आधार पर शिक्षा दी जाती है. वर्षीकोत्सव अवसर पर बच्चों द्वारा सर्व प्रथम मनमोहक परिधान मे प्राथना की गयी उसके बाद नन्हें मुन्ने बच्चो द्वारा टुकुर टुकुर गीत प्रस्तुत किया गया कार्यक्रमों की श्रखला मे राधा कृष्ण का माखन नृत्य, शिव तांडव, गुलाबी शरारा तथा विज्ञानं के छात्रों द्वारा चंदयान 3(इसरो स्किट) हमारा स्टडी प्वाइंट , अंग्रेजी नृत्य सच ए सुंदर दिन, मानव जीवन की सात अवस्थाएं, कुर्सी डांस, सुफी डांस, पंजाबी डांस, सुख समृद्धि भाईचारा सांप्रदायिक सौहार्द हमारा भाई हमारा खैराबाद, डांडिया गुजराती डांस, सक्सेज मंत्र,बापू सेहत के लिये, अंग्रेजी डांस प्री प्राइमरी, चाएल्ड हुड मेमोरीज, यादो की बारात, झूमें जो पठान, फनी डांस,फनी डांस आदि उक्त अवसर पर जनपद के शिक्षाविद प्रमुख लोगो ने वर्षीकोत्सव पर्व की शोभा बधाई जिसमे है, मोना आंनद(प्रेसिडेंट मदर प्राइड)कुनाल आंनद,एम. एस.जैदी (रीजेंसी स्कूल), मंजू लोचन, पंकज पाण्डेय (अध्यक्ष वित्तविहीन शिक्षक संघ), अशोक प्रजापति, के.बी . श्रीवास्तव-प्रधानाचार्य सुमित्रा इंटर कॉलेज , सिस्टर मैगी-प्रधानचार्य नर्सिंग कॉलेज बीसीएम खैराबाद , पुनीत सिंह, राम निवास सिंह(प्रधानाचार्य आनदी देवी इंटर कालेज सीतापुर), संजय बाजपेयी, अतुल मिश्रा, शिवबालक त्रिवेदी-पूर्व कार्यालय अधीक्षक जवाहर लाल पालिटेक्निक महमुदाबाद ,अली जाफरी -अधीक्षक बी एस ए कार्यालय सीतापुर,संजय बाजपेई -प्रधानाचार्य सर्वोदय हाई स्कूल बभैरा,नसीम भाई, दिलीप जोशी सभासद, रामसुमिरन शर्मा (प्रदेश अध्यक्ष सम्पादक वेलफ़ेयर एसोसिएस उ. प्र.)दिनेश महेंद्र, निलय मिश्रा, जयप्रकाश शर्मा, रामनाथ दीक्षित, साद फारुकी, नवेंद असलम, ओवैस फारुकी कार्यक्रम समापन अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य अमी किरन अवस्थी ने विद्यालय की प्रगति आख्या और छात्राओं के शिक्षा की समुचित व्यवस्था से अभिवावको को अवगत कराया अंत मे विद्यालय प्रबंधक आमिर रिज़वी व प्रशाषिका लुबना रिज़वी ने आये सभी आँगनतुको के प्रति आभार व्यक्त किया। वर्षीकोत्सव कार्यक्रमों को देख कर उपस्तिथ सभी लोगो ने इसकी सफलता का श्रेय शिक्षक शिक्षिकाओं को देते हुए सराहना कर रहां था विद्यालय प्रबंधक व उनके विद्यालय परिवार को जिसने इतना भव्य आयोजन कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया और इस नगर को शिक्षा का इतना बड़ा पवित्र मंदिर दिया।

चाकू की नोक पर विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास

सकरन(सीतापुर)। थाना क्षेत्र सकरन में इन दिनों अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। आलम यह है कि बीते महज चंद दिवसों में अलग-अलग जगहों से छेड़छाड़ संबंधित कई घटनाएं संज्ञान में आई हैं। इन घटनाओं में प्रथम घटना थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत दुगना व हाल ही में प्रकास में आई एक अन्य घटना जिसका संबंध थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेमरिया से है। घटना विगत दिनांक 24 दिसंबर की है, जब ग्राम पंचायत सेमरिया थाना सकरन निवासी नीलम(परिवर्तित नाम) ने गांव के ही एक अन्य व्यक्ति पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। विवाहिता का आरोप है कि शाम करीब 5:30 बजे जब वह अपने खेत से वापस आ रही थी, तभी ग्राम पंचायत सेमरिया निवासी विपक्षी विनोद पुत्र इंद्रबली ने उसके जबरदस्ती करते हुए छेड़खानी व दुष्कर्म का प्रयास किया। गनीमत यह रही कि विवाहिता के परिवार के ही कुछ लोग आसपास के खेतों में काम कर रहे थे, जो शोरगुल की आवाज सुन घटना स्थल पर पहुंचे।

चोरी की ताबड़तोड़ वारदातों से सहमे ग्रामीण

सांडा(सीतापुर)। क्षेत्र की पुलिस चौकी सांडा के अंतर्गत इन दिनों चोरों में पुलिस प्रशासन का खौफ लगभग खत्म हो चुका है, जिसके चलते चोरों ने पिछले महज चंद दिनों में अलग-अलग स्थानों पर चोरी की लगभग आधा दर्जन घटनाओं को अंजाम दिया। मामला पुलिस चौकी सांडा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोडियानपुरवा चौराहे का है, जहां अज्ञात चोरों ने चौकी पुलिस को चुनौती देते हुए तीन अलग- अलग दुकानों के शटर काट कर लाखों का सामान पार कर दिया। चोरी की इस घटना में किराने की दो दुकानों समेत एक अन्य शराब की दुकान शामिल है। चौकी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर हुई चोरी की इन वारदातों में क्रमशः ग्राम सांडा निवासी दिनेश कुमार की किराने की दुकान से रुपए 60 हजार, देसी शराब की दुकान से 15 पेटी शराब (कीमत रुपए 15 हजार लगभग) तथा थाना सकरन क्षेत्रांतर्गत ठेकेपुरवा निवासी कृपा दयाल की पान की दुकान का ताला तोड़ रुपए लगभग 20 हजार व एक अन्य ग्रामीण मनोहर के घर से बक्सा (कीमत मय सामान लगभग 25 हजार रुपए) का सामान पार कर दिया। चोरी की इन तमाम वारदातों को अंजाम देते हुए चोरों ने पुलिस को भनक तक नहीं पड़ने दी। मामले को लेकर पीड़ितों ने पुलिस चौकी सांडा में तहरीर दी है। वहीं क्षेत्र में हुई चोरी की इन ताबड़तोड़ घटनाओं से ग्रामीण सहमे हुए हैं। खबर लिखे जाने तक चौकी सांडा की तरफ से अपराधियों के खिलाफ कोई खास कार्यवाही नजर नहीं आई। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्षेत्र में रोज गस्त का दावा करने वाली चौकी पुलिस आखिर वारदातों के समय कहां थी?

चोरी की ताबड़तोड़ वारदातों से सहमे ग्रामीण

सांडा(सीतापुर)। क्षेत्र की पुलिस चौकी सांडा के अंतर्गत इन दिनों चोरों में पुलिस प्रशासन का खौफ लगभग खत्म हो चुका है, जिसके चलते चोरों ने पिछले महज चंद दिनों में अलग-अलग स्थानों पर चोरी की लगभग आधा दर्जन घटनाओं को अंजाम दिया। मामला पुलिस चौकी सांडा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोडियानपुरवा चौराहे का है, जहां अज्ञात चोरों ने चौकी पुलिस को चुनौती देते हुए तीन अलग- अलग दुकानों के शटर काट कर लाखों का सामान पार कर दिया। चोरी की इस घटना में किराने की दो दुकानों समेत एक अन्य शराब की दुकान शामिल है। चौकी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर हुई चोरी की इन वारदातों में क्रमशः ग्राम सांडा निवासी दिनेश कुमार की किराने की दुकान से रुपए 60 हजार, देसी शराब की दुकान से 15 पेटी शराब (कीमत रुपए 15 हजार लगभग) तथा थाना सकरन क्षेत्रांतर्गत ठेकेपुरवा निवासी कृपा दयाल की पान की दुकान का ताला तोड़ रुपए लगभग 20 हजार व एक अन्य ग्रामीण मनोहर के घर से बक्सा (कीमत मय सामान लगभग 25 हजार रुपए) का सामान पार कर दिया। चोरी की इन तमाम वारदातों को अंजाम देते हुए चोरों ने पुलिस को भनक तक नहीं पड़ने दी। मामले को लेकर पीड़ितों ने पुलिस चौकी सांडा में तहरीर दी है। वहीं क्षेत्र में हुई चोरी की इन ताबड़तोड़ घटनाओं से ग्रामीण सहमे हुए हैं। खबर लिखे जाने तक चौकी सांडा की तरफ से अपराधियों के खिलाफ कोई खास कार्यवाही नजर नहीं आई। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्षेत्र में रोज गस्त का दावा करने वाली चौकी पुलिस आखिर वारदातों के समय कहां थी?

योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया जा रहा आयोजन

खैराबाद/सीतापुर बुधवार को बीसीएम अस्पताल के पास स्थित गौरी देवी मंदिर परिसर में आयोजित हुआ इसके मुख्य अतिथि सांसद मा श्री राजेश वर्मा रहे। संकल्प यात्रा वाहन के माध्यम से देश एवं प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत योजनाओं से संबंधित विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए। माननीय मुख्य अतिथि द्वारा पीएम आवास योजना,पीएम सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला योजना, एवं आयुष्मान कार्ड योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया । माननीय सांसद जी अपने संबोधन में कि प्रत्येक नागरिक को गारंटी दी गई है देश एवं प्रदेश की योजनाओ का लाभ शत प्रतिशत मिलेगा । अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ''बबलू भैया'' द्वारा नगर पालिका परिषद खैराबाद के प्रत्येक नागरिक जो योजनाओं से वंचित हैं उसके घर घर सर्वे कराकर योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। कार्यक्रम में श्रीमती बेबी अभिषेक गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैराबाद , श्रीमती जया सिंह जिलामंत्री अन्य जनप्रतिनिधिगण के साथ-साथ अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, मनोज राणा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक व नगर पालिका स्टाफ एवं सभासदगण उपस्थित रहे।

सकरन में आवास घोटाला,अपात्रों को आवास दे डाला

सकरन(सीतापु) । जहां एक तरफ सरकार भ्रष्टाचार मुक्त समाज का ढिंढोरा पिट रही ठीक उलट सकरन में करीब एक सैकड़ा मुख्यमंत्री आवास अपात्रों को बांट दिए गए जिसके जिम्मेदार ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव सहित जांच प्रभारी आवास हैं जो सिर्फ व सिर्फ रिश्वत की मलाई काटने में व्यस्त।ग्राम पंचायत ओड़झार,रसूलपुर बकैया,नसीरपुर अंदूपुर,सेमरा खुर्द,पटना में महले दुमहले वाले सर्वसम्पन्न लोगों को रेवड़ी की तरह बांट दिए गए आवास।ओड़झार में तो सबके सब धन्नासेठों को आवास देकर गरीब लोगों के पेट पर मार दी गई लात।आवास वितरण से लेकर आवास निर्माण के सभी मानकों को ताक पर रख हो रहा खेल पर जिम्मेदारों को क्या मोटी रकम के चलते नहीं दिखते पात्र गरीबों के आँसू।शिकायत की स्थिति में पल्ला झाड़ रहे एडीओ आइएसबी ऐसे करते बात जैसे कि उन्हें कुछ मालूम ही नहीं दूसरी तरफ ग्राम प्रधान व सचिव भी एक निश्चित रकम लेकर फरमा रहे मौन।रिश्वतखोरी की जड़ें इतनी मजबूत हैं कि विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने से लेकर जिओ टैग तक सिर्फ वसूली के दमपर बन रहे अपात्रों के आवास।

अतिक्रमण और जाम से जूझ रही नगर पालिका महमूदाबाद की जनता

कैनविज टाइम्स संवाददाता महमूदाबाद

महमूदाबाद-सीतापुर। आज अतिक्रमण हटाओ दूसरे दिन फिर अतिक्रमण कर लेने में माहिर यहां के दुकानदार आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नही रखते है जबकि नित ई-रिक्शाओं की संख्या में हो रही बढोत्तरी भी इसका एक कारण है। अतिक्रमण और वाहनों की संख्या में हो रहे लगातार इज़ाफ़े के चलते भी शहर के विभिन्न मार्गों पर भयंकर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। महमूदाबाद के रामपुर मथुरा मार्ग, फतेहपुर मार्ग, सिधौली मार्ग, कोतवाली मार्ग, रामकुण्ड चौराहा, बस स्टॉप चौराहा, चिकमंडी चौराहा, बजाजा मार्ग, रामकुण्ड चौराहे से लेकर संकटा देवी मंदिर मार्ग पर भारी जाम की समस्या रहती है। इस समस्या के कारण वाहन चालको व आम नागरिको को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति उस समय और विकट हो जाती है जब शहर भर के कई विद्यालयों में छुट्टी एक साथ होती है। विद्यालय के छात्र व छात्राये सायकिल, स्कूटी, मोटरसाइकिल व स्कूल बस से जब निकलते है तब अधिक जाम लगने की स्थिति से लोगों को अनेक समस्यायें उत्पन्न होती है, पैदल निकलने वाले छात्र व छात्राओं के एक साथ झुण्ड में सड़क पर निकलने के कारण भी वाहन चालको को समस्याये उत्पन्न होती है। साथ ही साथ भारी तादात में ई-रिक्शा शहर भर में बेतरतीब ढंग से चलाकर और उचित स्थान से सवारियों को न बैठाकर जहाँ से चाहा वहीं पर रिक्शा खड़ा करके सवारियों को बैठा लेते है और सड़क पर ही अपना रिक्शा खड़ा कर देते है, जिसके कारण भी शहर में यातायात व्यवस्था बद से बदतर बनी हुई है। जाम की वजह के कारक यहाँ के दुकानदार भी है जो सड़क के किनारे बने फुटपाथ पर अपनी दुकान लगा लेते है, कुछ दुकानदार तो सड़क पर भी कब्जा करके दुकान लगाते है, सड़क पर लगाने वाले दुकानदार बजाजा बाज़ार में देखे भी जा सकते है। इन अव्यवस्थाओ के चलते नागरिको व छात्र छात्राओं को विवश होकर सड़क पर ही निकलना पड़ता है, इसलिये भी शहर में लगने वाली भारी जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसा भी नही है कि स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों को अतिक्रमण दिखाई नही देता है, उन्हें भी दिखाई देता है किन्तु वे जाम की समस्या से जूझ लेते है और समस्या को नज़रअंदाज़ कर देते है। इसलिये अतिक्रमण करने वाले दुकानदार और वाहन चालक बेखौफ होकर बेतरतीब ढंग से अपनी दुकान फुटपाथ पर व वाहन चालक अपना वाहन सड़क पर ही खड़ा कर देते है। रामकुण्ड चौराहे से कोतवाली मार्ग होते हुए रोडवेज बस स्टॉप चौराहे तक अक्सर जाम लगता है। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा यदा कदा अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः दुकानदार अवैध रूप से अतिक्रमण करके मार्ग पर कब्जा कर लेते है किन्तु दुबारा किये गए अतिक्रमण की ओर ध्यान न देना और कोई कार्यवाही न करना भी अतिक्रमण और जाम को बढ़ावा देने का मुख्य कारण है। शहर की जाम व अतिक्रमण की व्यवस्था में सुधार कब होगा या नही होगा, यह तो राम भरोसे ही है। इस मामले पर कुछ नागरिको का कहना है कि जिस दिन कोई कड़क और अच्छा प्रशासनिक अधिकारी महमूदाबाद में आएगा तभी इस समस्या से निजात मिल सकती है। शहर व देहात क्षेत्र के तमाम नागरिको ने जाम और अतिक्रमण से मुक्ति दिलाये जाने की मांग अधिकारियों से की है।

विवादित बयान पर फूंका स्वामी प्रसाद का पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जन सरोकार समिति व सत्य क्रांति पार्टी के बैनर तले बीते दिन हिंदू धर्म को आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल करने के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट सुलतानपुर में सामाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन कर स्वामी प्रसाद मौर्य मुर्दाबाद नारे लगाए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व जन सरोकार समिति के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने किया। इस मौके पर उपस्थित जन सरोकार समिति के समिति अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने पहले रामचरितमानस को लेकर विवादित बयान दिया,

फिर अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को धोखा बता दिया. हाल ही में दिवाली के समय भी स्वामी प्रसाद के माता लक्ष्मी को लेकर दिए बयान पर भी सियासी बखेड़ा खड़ा हो गया था और अब उन्होंने कहा है कि हिंदू धर्म नहीं, एक धोखा है । जैसे फर्जी शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं समजावादी पार्टी को चाहिए दो कौड़ी के नेता को पार्टी से बाहर निकल देना चाहिए। देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले ऐसे नेता के लिए कानूनी कार्रवाई के लिए हम संघर्ष करते रहेगें।इस मौके पर उपस्थित सत्य क्रांति में अयोध्या मंडल अध्यक्ष आकाश सिंह ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य अक्सर हिंदू और सनातन विरोधी बयानों से विवादों में घिरे रहते हैं। एक बार फिर स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदू धर्म के खिलाफ जहर उगला है। जो बिल्कुल बर्दाश्त नही है।

जिसके विरोध में आज स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर उपस्थित बृजेश मिश्र, अजय वर्मा, विकास मिश्रा, संतोष कुमार गुप्ता, जियालाल कोरी अजीत कुमार गौतम अंकुर सिंह दर्जनों लोग उपस्थित रहें।

लाभांश बढ़ाए जाने को लेकर कोटेदार परेशान, वितरण कार्य से रहेंगे विरत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सीएम योगी ने निर्देश दिए, राशन वितरण में यदि कहीं कोटेदार अथवा अन्य किसी कार्मिक द्वारा गड़बड़ी की जाती है तो ऐसे लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। इसी समय सुल्तानपुर में ऑल इंडिया फ़ेयर प्राइस शाप डीलर्स फ़ेडरेशन उत्तर प्रदेश के बैनर तले कोटेदारों ने मांग उठा दी, हमें जो लाभांश दिया जा रहा है, उससे इस महंगाई में भरण पोषण नहीं हो पा रहा है। लाभांश बढ़ाया नहीं गया तो एक जनवरी से वितरण कार्य से विरत रहेंगे। इन प्रदेशों में इस प्रकार का मिल रहा लाभांश जिला इकाई के उचित दर विक्रेता ने जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश यादव के नेतृत्व में डीएम के जनता दर्शन में पहुंचे। अपर उपजिलाधिकारी संजीव कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। उचित दर विक्रेताओं की मांग थी कि हमें जो लाभांश दिया जा रहा है, उससे इस महंगाई में भरण पोषण नहीं हो पा रहा है। उचित दर विक्रेताओं का आरोप है कि हम लोगो को 90 रुपए प्रति कुंतल लाभांश दिया जा रहा है। जबकि हरियाणा, गोवा, केरल आदि प्रदेशों में 200 रुपए प्रति कुंतल लाभांश दिया जा रहा है। महाराष्ट्र में 150 रुपए, तो राजस्थान में 125 रुपए प्रति कुंतल लाभांश मिल रहा है। जबकि गुजरात में 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। कोरोना काल से ही उचित दर विक्रेताओं द्वारा प्रधानमंत्री अन्न योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लोगों को निःशुल्क राशन वितरण किया जा रहा है। परिवार की चिंता न करते हुए उचित दर विक्रेताओं द्वारा कठिन समय में राशन वितरण किया है। जिसके लिए उन्हें केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा प्रशस्त पत्र भी मिला है। लेकिन लाभांश की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से सीएम को लाभांश बढ़ाए जाने की मांग की है। उचित दर विक्रेताओं ने बताया कि अगर उनका लाभांश बढ़ाया नहीं गया तो एक जनवरी से वितरण कार्य से विरत रहेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

तमिल लेखकों के समूह ने श्री काशी विश्वनाथ दरबार में टेका मत्था

वाराणसी। काशी तमिल संगमम-2 में भाग लेने आए तमिल लेखकों के समूह (सिंधु) ने बुधवार को श्री काशी विश्वनाथ दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर परिसर में तमिल लेखकों का पुष्प वर्षा और मंत्रोच्चार के बीच भव्य स्वागत किया गया। सभी ने बाबा के पावन ज्योतिर्लिंग पर जल अर्पण किया और शंकराचार्य चौक परिसर में इकट्ठा हो गए। इसके बाद तमिल दल ने लोक नृत्य और गीतों के माध्यम से बाबा की स्तुति की। मंदिर में पुजारियों ने उन्हें मंदिर के इतिहास एवं सुख सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लेखकों का समूह (सिंधु) मंदिर की भव्यता को देख काफी प्रसन्न दिखा। सभी ने अन्नपूर्णा रसोई का प्रसाद ग्रहण किया।

अयोध्या पहुंचेगे 65 हजार पार्टी वर्कर, हर बूथ से जाएगी 2 बसें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। प्रधानमंत्री मोदी 30 दिसंबर 2023 को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लोकार्पण के बाद एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसमें सुल्तानपुर से 65 हजार भाजपा कार्यकर्ता अयोध्या में शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अध्यक्षता में जन- प्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक आनंद द्विवेदी ने बताया कि जिले से बूथ स्तर के 65 हजार कार्यकर्ताओं को जनसभा में ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। प्रत्येक शक्ति केंद्र पर दो बसों से कार्यकर्ता जाएंगे। सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी जनपद पहुंचे। यहां पयागीपुर स्थित डाक बंगले में जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने उनको पीएम की अयोध्या में होने वाली जनसभा को लेकर कार्यालय पर हुई तैयारी बैठक की विस्तृत जानकारी दी। कृषि मंत्री ने विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए कहा आप बूथों पर 51 प्रतिशत वोट प्राप्त करने के लिए तन्मयता से काम करें।लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत प्राप्त करेंगी। उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्या के हिंदुत्व के खिलाफ दिए गए बयान पर कहा हजारों साल से कुछ लोगों की देश को नुकसान पहुंचाने की मनोवृत्ति रही है। यह मनोवृत्ति खत्म होनी चाहिए और अपने देश पर गौरव होना चाहिए। लेकिन समाज ऐसे दूषित मनोवृत्ति वाले लोगों को परास्त कर रहा है। और आने वाले समय में दूषित मानसिकता वाले लोग समाप्त हो जाएंगे। यह मर्यादा पुरुषोत्तम राम व कृष्ण की भूमि है, सनातन धर्म का गौरव हमेशा रहेगा। आज सभी विधानसभा में जनसभा को लेकर आयोजित बैठक में तैयारी को अंतिम रूप दिया जाएगा।

अस्पताल से चोरी हुआ बच्चा, सीसीटीवी में आरोपित कैद

कानपुर। शिवराजपुर थाना क्षेत्र में एक महिला अपने तीन वर्षीय बच्चे को लेकर अस्पताल गई थी। इस दौरान उनका बच्चा चोरी हो गया। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है और आरोपित महिला की पुलिस ने तलाश तेज कर दी है। रवांलालपुर निवासी नीलू कुशवाहा के तीन वर्षीय बेटे सत्यम को कुत्ते ने काट लिया था। इस पर पत्नी करुणा बेटे को लेकर सीएचसी शिवराजपुर रेबीज का इंजेक्शन लगवाने गई थी। अस्पताल में पर्चा बनवाने के दौरान उसने बच्चे को किनारे पर बैठा दिया और उस पर नजर भी बनाये हुए थी। लेकिन जैसे ही वह पर्चा लेने लगी तभी बच्चा चोरी हो गया। बच्चा चोरी की घटना से अस्पताल में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अग्निपीड़ितों की हुई मदद, चार परिवारों की किया 18 हजार की मदद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। अग्निपीड़ित परिवारों की जब जनप्रतिनिधि उपेक्षा कर रहे हैं उस समय मछुआ कल्याण संस्थान एवं समुदाय के समाज सेवी आगे आए हैं। बुधवार को चार पीड़ित परिवार को 18250 की मदद दी गई। परिवार ने मदद करने वालों का धन्यवाद प्रकट किया है। ग्राम प्रधान योगेश ने जानकारी देते हुए बताया कि गोसाईगंज के ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत में मुन्ना निषाद व रीना निषाद के घर बीते 21 दिसंबर की रात और थाना धनपतगंज के ग्राम पंचायत मायंग में हौसिला निषाद व शीतला निषाद के घर पर 22 दिसंबर को अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। इसमें घर-गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया था। जिससे घर का सर्वाधिक नुकसान हुआ। आर्थिक मदद के लिए समुदाय के समाज सेवी और ष्मछुआ कल्याण संस्थान आगे आया। जिसके आवाहन पर सभी ने

एकजुट होकर आर्थिक संग्रह किया। आज निषाद समुदाय के समाज सेवी एवं संस्था का संयुक्त प्रतिनिधि मंडल अग्निपीड़ित परिवार मुन्ना निषाद व रीना निषाद से मिला। कुशलक्षेम पूछा एवं मुन्ना निषाद ?5 हजार व रीना निषाद ?5 हजार और मायंग में हौसिला निषाद ?3 हजार व शीतला निषाद ?3 हजार की आर्थिक मदद प्रदान की गई। मछुआ कल्याण संस्थान के सचिव विजय निषाद ने बताया कि समाज में किसी भी प्रकार की आपदा परेशानी से निपटने के लिए संस्थान हमेशा तैयार रहेगा।प्रतिनिधि मंडल में संस्था एवं समुदाय के संस्थापक हरिश्चंद्र निषाद, सचिव विजय निषाद फतेहपुर संगत, अध्यक्ष योगेश निषाद भोयें, कोषाध्यक्ष अनिल निषाद भोयें, उपाध्यक्ष संतोष निषाद कबरी, सदस्य संतराम निषाद भोयें, नरेंद्र निषाद भोयें, सदस्य सुरेश निषाद राजापुर, सुरेन्द्र निषाद भोयें, अनिल निषाद लालाकापुरवा, रामचंद्र निषाद कमनगढ, संतोष निषाद फतेहपुर संगत आदि समाजसेवी शुभचिंतक व समाज के नेतागण शामिल रहे. मायंग में राहुल निषाद युवा नेता (वीआईपी) मायंग, शिवशंकर निषाद मायंग मौजूद रहे।

बाधित हो रही बोर्ड परीक्षा की तैयारी, बारह दिन से लापता डीआईओएस और लेखाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। तदर्थ शिक्षक संयुक्त मोर्चा के द्वारा लगभग 17 माह के वेतन भुगतान के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सुल्तानपुर में क्रमिक अनशन का बारहवां दिन चल रहा है।

जिला विद्यालय निरीक्षक सुल्तानपुर के कार्यालय का ताला खुला हुआ है किंतु कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर और लेखाधिकारी अमित मिश्रा अपने कर्मचारियों के साथ बारह दिन से कार्यालय छोड़ कर गायब हैं। प्रदेश के अधिकतर जनपदों में तदर्थ शिक्षकों के अवशेष वेतन का भुगतान कर दिया गया है। किंतु सुल्तानपुर जनपद के तदर्थ शिक्षकों

को लगभग 17 माह का अवशेष वेतन दिया नहीं जा रहा है। जिसके बाद तदर्थ शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा निर्णय लिया गया कि शासनादेश के अनुसार शिक्षकों का अवशेष वेतन भुगतान तत्काल न किए जाने के कारण अनवरत धरना चलता रहेगा। शिक्षा निदेशक ने डीआईओएस से स्पष्ट रूप से कहा की तदर्थ शिक्षकों के अवशेष वेतन का भुगतान मुख्यमंत्री एवं शासन की मंशा के अनुरूप कर दिया जाय। शिक्षा निदेशक ने यह भी कहा की धरने के संदर्भ में जिले की व्यवस्था डीआईओएस और जिला प्रशासन की है। लेकिन डीआईओएस द्वारा वेतन भुगतान के संदर्भ में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। एडीएम प्रशासन पंकज कुमार सिंह ने शिक्षकों को आश्वस्त किया है की अवशेष वेतन भुगतान की कार्यवाही शीघ्र कराई जाएगी। जिला प्रशासन और सरकार से हम लोग आशा करते हैं कि शीघ्र ही शिक्षकों का भुगतान कराया जाए क्योंकि तदर्थ शिक्षकों ने कार्य किया है।

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में दो पद्मभूषण प्रकाशन समिति के सदस्य नामित

वाराणसी। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय की प्रकाशन समिति में दो पद्मभूषण प्रो.वशिष्ठ त्रिपाठी,पद्मभूषण प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी को भी नामित किया गया है। बुधवार को यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलसचिव राकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यपरिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन में प्रकाशन समिति का पुनर्गठन किया गया है। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा की अध्यक्षता में प्रकाशन-समिति का पुनर्गठन कर दो पद्मभूषण सदस्य बनाये गए हैं। समिति में कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा अध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, श्रमण विद्या संकाय सदस्य, संकायाध्यक्ष, आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय, प्रो. हरिशंकर पाण्डेय, आचार्य प्राकृत एवं जैनागम विभाग, प्रो. विद्या कुमारी चन्द्रा, आचार्य (हिन्दी) आधुनिक भाषा एवं भाषा विज्ञान विभाग, पद्मभूषण प्रो.वशिष्ठ त्रिपाठी, पूर्व आचार्य, न्याय-वैशेषिक विभाग, सं.सं.वि.वि., वाराणसी,पद्मभूषण प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी, पूर्व आचार्य, आधुनिक भाषा एवं भाषा विज्ञान विभाग, सं. सं.वि.वि., प्रो. रमेश प्रसाद, आचार्य, सं.सं.वि.वि. (कार्यपरिषद सदस्य), निदेशक, अनुसंधान संस्थान सदस्य बनाए गए है।

आज कांग्रेस मनाएगी अपना 138 वां स्थापना दिवस

सुल्तानपुर। बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के 138 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने हेतु सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। सुबह 10 बजे पार्टी कार्यालय पर पार्टी का चरखे वाला तिरंगा झंडा फहराया जाएगा, उसके बाद संगोष्ठी एवं अपरान्ह 12 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। गौरतलब हो कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जनपद सुल्तानपुर में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के प्रांगण में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी 138 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। वही संगोष्ठी के माध्यम से पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी और पुराने नेताओं द्वारा नए लोगों को कांग्रेस पार्टी के इतिहास से परिचित कराया जाएगा। उसके बाद पार्टी कार्यालय के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने यह जानकारी दी।

सीएमओ के निर्देश पर फर्जी क्लीनिक व पैथालॉजी पर पडे छापे

सुल्तानपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चैधरी के निर्देश पर जिले में फर्जी ढ़ग से चलने वाले क्लीनिक व पैथालॉजी पर टीम ने छापे मारकर कई फर्जी क्लीनिक संचालकों व विभिन्न प्रकार की जांच करने वाले बगैर पंजीकृत पैथालॉजी पर कार्यवाही की गई। साथ ही तीन दिन का समय दिया गया है की मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में उपस्थिति होकर स्पष्टीकरण दें, जिससे उनके क्लीनिक व पैथालॉजी की वास्तविकताओं का पता चले की उनके पास वैध अभिलेख है, जिसके चलते उनके द्वारा ईलाज व जांच की जा रही है। हालाकि स्वास्थ विभाग की कार्यवाही से फर्जी ढ़ग से क्लीनिक व पैथालॉजी संचालकों में हड़कंप है। उधर सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चैधरी ने बताया कि जनपद में लोगों के जीवन से किसी को भी खिलवाड़ करने नही दिया जाएगा। ऐसे संचालकों पर नजर रखी जा रही है और उनकी डिग्री खंगाली जाएगी। ऐसी कार्यवाही लगातार होती रहेगी।उन्होनें बताया की टीम गठित की गई है। टीम में डॉ.संजय कुमार गुप्ता, वरि.सहायक विजय कुमार राय, वसीम अहमद द्वारा के.डी.हास्पिटल मोतिगरपुर, संजीवनी पालीक्लीनिक दियरा बाजार, शरण पैथालॉजी दियरा बाजार, कृष्णा डेंटल क्लीनिक शाहगढ़ कुटिया, आदर्श बाल चिकित्सालय लंभुआ आदि पर टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में किसी के पास भी अभिलेख नही मिले, टीम ने कार्यों पर रोक लगाते हुए तीन दिन में स्पष्टी करण मांगा है, सही

किसान यूनियन अनिश्चित कालीन धरने पर, सीडीओ व सीआरओ पर लगाए गंभीर आरोप

सुल्तानपुर। कड़ाके की ठंड में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए हैं। अन्नदाता किसान यूनियन के तत्वाधान में प्रदर्शन कर रहे पदाधिकारियों का बड़ा आरोप सीआरओ व सीडीओ पर अपमानजनक शब्द कहा। किसानों की मांगे भी पूरी नहीं हुई। इसलिए हम लोग अनवरत धरने पर बैठे हैं। अन्नदाता किसान यूनियन जिला उपाध्यक्ष रियाज अहमद ने बताया कि राजस्व, पुलिस, विकास, चिकित्सा एवं शिक्षा, खाद बिजली बिल, नहरों की सिल्ट सफाई, मनरेगा की समस्याओं को लेकर कई बार डीएम को ज्ञापन दिए। सीआरओ व सीडीओ को भी अवगत कराया। तो सीडीओ ने ये कहकहर भगा दिया कि किसान दिवस में समस्या सुनी जाएगी ऐसे समस्या नहीं सुनी जाएगी। मर्जी हो तो किसान दिवस में आना मर्जी हो ना आना। इस पर हमारे संगठन के लोगों ने तय किया कि हम लोग अनवरत धरना देगें। रियाज ने ये भी आरोप लगाया कि कलेक्टर से लेकर सीडीओ और सीआरओ जिले के किसानो की आवाज को अनसुना कर रहे हैं। हमारे खेतों को जानवर चरने का काम कर रहे हैं। प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद शुक्ला, जिला प्रभारी अजय सिंह यादव, जयसिंहपुर अध्यक्ष विजय शंकर आदि मौजूद रहे। इस मामले में सीडीओ अंकुर कौशिक ने बताया कि आरोप निराधार हैं। हाल ही में कृषि विज्ञान केंद्र पर किसान दिवस का आयोजन हुआ था। जिसमें ये किसान पहुंचे ही नहीं। इनके द्वारा मिलकर समस्या से अवगत कराया जाएगा तो इनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

दिल्ली और लखनऊ में होगी खिताबी भिड़ंत

प्रयागराज। असद दिल्ली ने एपीसीएल मथुरा को 13 रन और यूपीएएसटी लखनऊ ने कोलकाता हाईकोर्ट को 67 रन से हराकर ऑल इंडिया सॉलिसिटर्स क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। जहां दोनों की भिड़न्त गुरुवार को होगी। एनसीआर रेलगांव मैदान पर बुधवार को खेले गये पहले सेमीफाइनल में असद दिल्ली ने 16 ओवर में 109 रन (हरबंश गोदारा 26, अक्की 19, प्रदीप देवातवाल 17, राकेश यादव 4-16, राजेश सैनी 2-25) बनाकर एपीसीएल मथुरा को 16 ओवर में 93 रन (राकेश यादव 21, राजीव चतुर्वेदी 15, हैरी तनवर 2-18, सौरभ यादव 2-25) पर समेट दिया।

मोदी की गारंटी वाली गाड़ी लोगों का बढ़ा रही विश्वास : नन्दी

सांसद, विधायक के साथ जनप्रतिनिधिगण रहे मौजूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सांसद केशरी देवी पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ फव्वारा चौराहा, ममफोर्डगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होते हुए मोदीजी की गारंटी वाली गाड़ी का स्वागत किया। वहीं, वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुए प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना। नन्दी ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। इस अवसर पर मंत्री नन्दी ने कहा कि यात्रा शुरू होने के बाद उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। यात्रा के दौरान मौके पर ही 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा, ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। नन्दी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का ध्येय हर उस व्यक्ति तक पहुंचने का है, जो किसी कारणवश भारत सरकार की योजनाओं से वंचित रहा है। इस अवसर पर सांसद केसरी देवी पटेल, विधायकगण गुरु प्रसाद मौर्य, हर्षवर्धन बाजपेयी, प्रवीण पटेल, विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान एवं सुरेंद्र चौधरी, भाजपा महानगर महामंत्री कुंज बिहारी मिश्रा, मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद ज्ञानेंद्र मिश्रा, विश्वास पंत, भोला तिवारी, राघवेंद्र कुशवाहा उपाध्यक्ष, सचिन जायसवाल मंत्री आदि उपस्थित रहे।

अंतरराज्यीय गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार, 67 मोबाइल बरामद

लखीमपुर खीरी। हैदराबाद थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान अंतरराज्यीय गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 67 मोबाइल, मोटरसाइकिल, स्कूटी, तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि निरुआ मोड़ पर खड़े होने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करके आठ लोगों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान झारखंड निवासी शेख लाडला, मो हफीज,शेख मुजफ्फर, पश्चिम बंगाल का रहने वाला हसीम मुस्तफा, बिहार निवासी शेखजिगर (22) शेख मुबारक, खीरी निवासी सैफ अली (24) और अबरार (26) के रूप में हुई है।

बरेली में मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाये जाने पर मुस्लिम समाज में रोष

बरेली। इमामों की शान में तौकीर रज़ा मैदान में हाथों में तख्तियां और नारों के साथ मुस्लिम समाज पैदल मार्च करते हुए बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। आईएमसी पदाधिकारी का आरोप है कि लाउडस्पीकर हटवाने के नाम पर मस्जिद के इमामों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। इसी को लेकर आईएमसी पदाधिकारी ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने के निर्देशों का पुलिस सख्ती से पालन कर रही है। चाहे मंदिर हो या मस्जिद या फिर कोई भी धार्मिक स्थल । यहां से लाउड स्पीकर को हटवाया जा रहा है। इसी प्रकरण में आईएमसी प्रमुख की अगुआई में पदाधिकारियों ने चौकी चौराहा से पैदल मार्च किया। आईएमसी पदाधिकारी डॉक्टर नफीस का कहना था कि न्यायालय के आदेश अनुसार धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर की आवाज का पैमाना तय किया गया है। जिसका पालन मस्जिदों में भी किया जा रहा है। उसके बावजूद सुबह-शाम मस्जिदों में पुलिसकर्मी चक्कर लगा कर मस्जिद में लगे लाउडस्पीकर को भी उतरवा रहे हैं। विरोध करने पर इमाम के साथ अभद्रता कर रहे हैं, जिसको लेकर आईएमसी में रोष है। जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया है। नदीम खां ने कहा कि शहर में सांप्रदायिक माहौल पैदा किया जा रहा है।

टूटे हाईटेंशन तार की चपेट आई बुजुर्ग महिला की मौत

फतेहपुर। जिले में बुधवार को विद्युत विभाग की लापरवाही से कई दिन पहले से टूट कर गिरी हाई टेंशन तार से एक बुजुर्ग महिला की चिपककर मौत गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर टेकारी गांव निवासी कंचनिया देवी (80) आज घर से गांव के बाहर जंगल की तरफ शौचक्रिया के लिए गई थी। महिला जंगल से गुजरी रही थी तभी अचानक वह टूट कर जमीन में पड़ी हाईटेंशन की तार की चपेट में आ गई।

वजीरगंज में सो रहे व्यवसाई पर जानलेवा हमला, हालत गभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर एक पंचर व्यवसायी को लोहे के रॉड से मार कर दबंगो ने लहू लुहान कर दिया।घायल अवस्था में दुकानदार को जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित के पुत्री के शिकायती प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार व बुधवार की रात राजा सागर गांव के नीचे वजीरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले 65 वर्षीय संतराम पुत्र रामदुलारे पांडे अपने घर के बरामदे में सो रहे थे इसी दौरान युवक ने लोहे के रॉड से मार कर वृद्ध को लहूलुहान कर दिया।जिससे वृद्ध बरामदे में ही अचेत अवस्था में पड़ा रहा। वृद्ध की लड़की खुशी ऑनलाइन कोचिंग क्लास अटेंड करती है।मध्य रात्रि में कोचिंग क्लास खत्म होने के बाद जब वह घर से बाहर निकली तब देखा कि उसके पिता खून से लहू लुहान होकर बेहोशी की अवस्था में पड़े हुए हैं।जिससे वह हल्ला गुहार मचाने लगी हल्ला गुहार सुनकर आसपास के लोग मौके पर मौजूद हो गए, स्थानीय पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने वृद्ध की स्थिति को गंभीर देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।घटना की सूचना के बाद सुबह फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया। मामले की सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने दलबल साथ मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करने के लिए सख्त से सख्त निर्देश दिया।वही पिता के साथ हुई वारदात के मामले में पीड़ित की पुत्री खुशी पाण्डेय ने वजीरगंज थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के रहने वाले उत्तम मिश्रा पुत्र उमाशंकर मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाते हुए कहा है कि एक माह पूर्व देर रात्रि में गाड़ी का पंचर बनवाने के दौरान उक्त आरोपी और उसके पिता के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट हुआ था। उस दौरान आरोपी ने देख लेने की धमकी दी थी।वहीं घटना के बाबत थाना अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने दूरभाष पर बताया कि रात में सूचना मिलते ही घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने वृद्ध को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया, वही पीड़ित के पुत्री के शिकायती पत्र पर नामजद आरोपी के खिलाफ जान से मार देने के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है।

धूमधाम से सम्पन्न हुआ बाबा महाकाल भैरव मन्दिर का वार्षिकोत्सव

अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी द्वय ने किया बाबा काल भैरव के विग्रह का पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। शहर के त्रिमुहानी घाट श्मशान पर स्थित श्री श्री श्री महाकाल भैरव मंदिर के षष्टम एकदिवसीय वार्षिकोत्सव मे महाराजाधिराज बाबा महाकाल भैरव का महाभिषेक व अष्ट भैरव संग चौसठ योगिनी पूजन,मात्रिका पूजन किया गया। इस दौरान गुप्तवास के कारण परिसर में ही महाराजाधिराज बाबा काल भैरव जी की नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई जहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने यात्रा का पुष्पार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री श्री श्री काल भैरव श्मशान घाट सेवा मण्डल के तत्वाधान में शहर के स्वर्ग धाम त्रिमुहानी घाट स्थित श्री श्री श्री महाकाल भैरव मन्दिर पर षष्टम एक दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। आयोजन में महाराजाधिराज बाबा महाकाल भैरव जी का महाभिषेक,दश महाविद्या पूजन,महाकालिका पूजन एवं खप्पर भोग दिया गया। सर्वप्रथम दोपहर 12 से सायं 5 बजे तक मन्दिर में बाबा का अभिषेक हुआ इसके उपरान्त भैरव नाम संकीर्तन तत्पश्चात पुष्पों से सजे रथ में सवार होकर बाबा नगर भ्रमण के लिये निकले। इस बार गुप्तवास के चलते श्मशान परिसर में ही बाबा की शोभा यात्रा निकाली गई।

रथ पर विराजित होने से पूर्व अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया एवं क्षेत्राधिकारी पयागपुर आनन्द कुमार रॉय ने बाबा महाकाल भैरव एवं दण्ड पूजन कर सम्पूर्ण नगरवासियों के लिए सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की।बाबा महाकाल भैरव के एक दिवसीय वार्षिकोत्सव का संयोजन शाक्त ईशान रजनीश ने किया जबकि अघोर अखाड़ा परिषद तारा पीठ से पधारे श्री श्री श्री 1008 अघोरी बाबा बैजनाथ एवं अघोरी बाबा ज्ञानेन्द्र नाथ के निर्देशन में विधिवत पूजन अर्चन सम्पन्न हुआ। इस दौरान भैरव जी को षोडशोपचार पूजन दिया गया। यात्रा में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात चौकी प्रभारी तिकोनीबाग विकास वर्मा सहित अन्य चौकी क्षेत्रों के प्रभारी मौजूद रहे।

महाकाल भैरव जी के महाभिषेक संग आरंभ हुआ वार्षिकोत्सव महानिशा पूजन

दश महाविद्या,महाकालिका पूजन व खप्पर भोग दिया गया

डड़वा दसौतिया के निर्विरोध कोटेदार बने दीपचंद्र मिश्र

मोतीगंज गोण्डा। विकास खंड झंझरी अन्तर्गत ग्राम पंचायत डड़वा दसौतिया में स्थित राजकीय उचित दर विक्रेता के चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक,एडीओ पंचायत झंझरी सतीश चंद्र तिवारी ने बताया कि खुली बैठक के दौरान मात्र एक आवेदन दीपचंद्र मिश्र का आया।उन्होंने बताया कि कई बार उपस्थित लोगों से पूछा गया लेकिन किसी ने कोई आवेदन नहीं किया।बैठक के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान आकांक्षा मिश्रा ने किया। ग्राम पंचायत अधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि 20 जून 2023 से डड़वा दसौतिया की सरकारी कोटे की दुकान निरस्त चल रही थी और वहां के ग्रामीणों को दूसरे ग्राम पंचायत कुंदरखी में जाकर राशन लेना पड़ता था। नवागत कोटेदार दीपचंद्र मिश्रा ने ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जो भी योजनाएं चलाएगी,सभी को उनका लाभ दिलाया जाएगा। इस मौके पर मौजूद रहे प्रधान प्रतिनिधि सच्चिदानंद मिश्र,रवि प्रकाश मिश्र, अवधेश मिश्र, फूल सिंह, गुलाब सिंह, मोनू सिंह, प्रदीप मिश्र, महेश, दीपक मिश्र, शोभित मिश्र, अंकित मिश्र, बब्बू मिश्रा, देवतादीन मिश्र, छैल बिहारी मिश्र, श्याम बिहारी, अवध बिहारी, राजकुमार यादव, मंशाराम तिवारी, चंदन तिवारी सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे।वहीं सुरक्षा की दृष्टि से कहोबा चौकी प्रभारी मयफोर्स मुस्तैद रहे।

विकसित भारत का संकल्प लें ग्रामीण: गौरव

जरवल बहराइच जरवल विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरनी ऑसेरी व हरना उनौरा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम मे प्राथमिक विद्यालय कुरमौरा के नन्हे मुन्ने बच्चो के द्वारा विभिन्न प्रकार का सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा का खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पाण्डेय ने पुष्प गुछ देकर किया स्वागत अभिनंदन,मुख्य अतिथि ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा मिलने वाली जन कल्याणकारी योजनाओ का बखान किया,तथा मुख्य अतिथि द्वारा देश हित का संकल्प दिलाया गया।तत्पश्चात गर्भवती महिलाओं या गोदभराई व बच्चो का अन्नप्राशन कराया गया। पूर्ति निरीक्षक जरवल कुंवर दिवाकर सिंह, एस डी ओ विद्युत कैंसरगंज, आईसीडीएस से सीमा कश्यप सहित अन्य विभागों के द्वारा लगाए गए जनसुनाई कैंप में आई लोगो की समस्या का नोडल अधिकारी सुनील कुमार द्वारा निस्तारण का आश्वासन दिया गया।प्रधान प्रतिनिधि सुनील गुप्ता,सनी गुप्ता के अलावा हरीश मिश्रा,बाल कृष्ण तिवारी,सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन कर रहे बीजेपी कार्यकर्ता दिनेश तिवारी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इन दिनों दारू व मीट मांस रोड के नाम से पहचान बना रहा है जेल बाई पास रोड

पादरी बाजार ,गोरखपुर । शाहपुर थानाक्षेत्र के जिला जेल के पीछे से जाने वाला जेल बाई पास सड़क पर मुड़ते ही देशी शराब , बियर व अंग्रेजी शराब की दुकान सहित सड़क के पटरीयों पर इनदिनों क्रमशः बीस से अधिक बकरा व मुर्गा मीट के दुकानदार खुले में मांस बेच कर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है । इनके इस कृत्य से जेल बाई पास सड़क के किनारे बने मकान वासियों , सीधेसादे राहगीरों , लड़कियों व महिलाओं को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री के आदेश पर सक्रिय हुई नगर निगम की प्रवर्तन दल तथा यातायात पुलिस धर्मशाला , असुरन व स्टेशन सड़क के किनारे दुकान लगा रहे दुकानदारों की दुकानें उजाड़ कर खाली करवा रही है जिसके फलस्वरूप उजड़े सभी दुकानदार जेल बाई पास सड़क पर दुकान लगाना सुरक्षित स्थान मान रहे है क्योंकि पास में मदिरा की दुकानें होने के कारण बिक्री दर बढ़ जा रहा है । जबकि सड़क किनारे ही श्री वैष्णोंमाता धाम, श्रीराधाकृष्ण मंदिर , मजार व मस्जिद भी स्थित है ।

वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक चलचित्र चार साहिबजादे पिक्चर का हुवा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान बहराइच के द्वारा वीर बाल दिवस उपलक्ष्य में एक चलचित्र चार साहिबजादे पिक्चर का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के लगभग 500 बच्चों को यह पिक्चर दिखाई गई और वीर बाल दिवस क्यों मनाया जाता है इसके विषय में बच्चों को पिक्चर के माध्यम से बताया गया। उपरांत संस्था की उपाध्यक्ष चरणजीत कौर जी के नृतित्व में सिख समाज के स्त्री सत्संग के द्वारा एक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमे पांच प्यारो में गगनप्रीत कौर, सहजदीप कौर, सीरत करू, रिद्धि कुमारी, खुशी कौर, गुरबाणी कौर , नाटक में हरगुन, राजजोग सिंह,गुरलीन कौर, अर्षप्रीत कौर, सरनप्रीत, हर्षप्रीत कौर, जसमीत कौर, अंश सिंह, महक कौर, एवं बाद में संस्था के द्वारा प्रश्न उत्तर कार्यक्रम का आयोजन इस विषय पर किया गया। अतिथियों में बहराइच के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट श्रीमान शिवेंद्र मिश्रा जी मौजूद रहे साथ ही साथ भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बृजेश पांडे व गुरु सिंह सभा बहराइच के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया एवं समस्त पदाधिकारीगण कार्यक्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीजेएम साहब ने संबोधित करते हुए आज के विषय पर बोलते हुए बच्चों को बताया की 7 साल और 9 साल के छोटे साहेबजादो ने जिस तरह बहादुरी का परिचय देते हुए देश और धर्म के लिए अपनी जान निछावर की इसी से प्रेरणा लेते हुए हमको भी अपने देश की रक्षा करनी चाहिए और बच्चो आप हमारे आने वाले भविष्य हैं और आज आप इस विषय से प्रेरणा लेते हुए भविष्य में अपने देश और समाज का नाम रोशन करें यही मेरी कामना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रीमान अवधेश जी भाई साहब ने कहा कि वीर बाल दिवस को मनाना और उससे प्रेरणा लेकर समाज में एक नई चेतना जागृत करना ही हमारा लक्ष्य है जिस प्रकार छोटे साहेबजादो ने बिना अपना धर्म परिवर्तन किए समाज के सामने जो उदाहरण पेश किया है वह आज हमारे आने वाली पीढ़ियां को इससे सीखना चाहिए और आज का दिन का विषय, विषय न बनकर रह जाए एक जन चेतना बने जिससे समाज एक नई ऊंचाइयों को छुए और गुलामी की जंजीरों से बाहर निकले आज मेरी है। अंत में संस्थान के अध्यक्ष ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सीजीएम साहब भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बृजेश पांडे जी गुरुसिंह सभा के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य रवि शुक्ला एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक, जिला प्रचारक, जिला समरसता प्रमुख, एवं सभी का हार्दिक धन्यवाद किया।

जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्याएं

थानाध्यक्षों को तत्काल कार्यवाही करने के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बुधवार को जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत कार्यालय आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया।संबंधित थानों के थानाध्यक्षों को भी तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत बुधवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल कार्यालय पर सुबह पहुंच गए उन्होंने कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया।कटरा,परसपुर, तरबगंज,नवाबगंज, खोडारे,छपिया,मनकापुर, खरगूपुर,धानेपुर, इटियाथोक , नगर कोतवाली, देहात कोतवाली, कौड़िया, मोतीगंज, और उमरी थानों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद थानों के प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों को मामले की जांच कर समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया।एसपी ने कहा कि समस्या लेकर आने वाले फरियादी निराश न जाए यही उनकी प्राथमिकता है।

प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किये गये प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। मंगलवार को कौशल विकास मिशन के अंतर्गत पी.टी.पी.फ्रंटलाइन ग्लोबल सर्विसेज के द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र हेल्थकेयर सेक्टर के जनरल ड्यूटी असिस्टेंट जॉब रोल में प्रशिक्षण पूर्ण कर परीक्षा में उत्तीर्ण हुई 84 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सेंटर मैनेजर सुरेंद्र कुमार मिश्रा प्रोजेक्ट हेड राजेश कुमार तिवारी ट्रेनर विजय कुमार उपाध्याय सीमा यादव ज्योति शुक्ला तथा प्रभाकर मिश्रा आदि की गरिमामयी उपस्थित रही।इसी अनुक्रम में मुख्य अतिथि रहे दीपक खरे एम अईयश मैनेजर कौशल विकास मिशन गोंडा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना की उपलब्धियां व इसके बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना से गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवार के बच्चे निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बन रहे है और अपना भविष्य संवार रहे हैं।तथा सभी बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कार्यक्रम में सम्बन्धित विभाग से एमआईएस मैनेजर कौशल विकास गोंडा दीपक खरे, व संस्था से व सैकडों की संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रही।

डीआईजी व पुलिस अधीक्षक ने गोण्डा- अयोध्या बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा प्रधानमन्त्री के आगामी अयोध्या में प्रस्तावित आगमन भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद गोण्डा-अयोध्या बार्डर पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तत्पश्चात गोण्डा- अयोध्या सीमा पर ड्रोन कैमरों से अनवरत रूप से निगरानी रखने व सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। साथ ही साथ यातायात व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने हेतु जनपद अयोध्या से समन्वय स्थापित कर रूट डायवर्जनों का कड़ाई से पालन करने तथा अयोध्या की तरफ आने- जाने वाले वाहनों की सघनता से चेकिंग हेतु निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त गोण्डा-अयोध्या बार्डर सीमा के आस- पास होटलों, ढाबों, दुकानों आदि की नियमित रूप से संघन चेकिग कराने व नये कर्मचारियों,किरायेदारों को रखने से पूर्व उनका पुलिस सत्यापन अवश्य रूप से कराये जाने हेतु निर्देश दिये।कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं पीएसी बल की ड्यूटी चिन्हित स्थानों पर लगाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा -निर्देश दिये।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री सौरभ वर्मा, प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज मनोज राय, प्रभारी यातायात,पीआरओ डीआईजी,पीआरओ पुलिस अधीक्षक,चौकी प्रभारी सरयू घाट व पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रभु की प्रभुता से श्रेष्ठ राष्ट्रनायक से वैश्विक हस्ती बनने की ओर डॉ. सुरेश प्रभाकर प्रभू: सर्वेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। भारत भूमि वैश्विक गगन मण्डल को हमेशा चमत्कृत करने वाली अनेक विशिष्ट विभूतियों,प्रखर प्रतिभाओं व वैश्विक हस्तियों को जन्म देने वाली अत्यंत उर्वरा भूमि है इस महान भूमि ने सनातन समय से लेकर अब तक अनेक असीम सख्शियतों को अंकुरित कर वटवृक्ष बनाया और इन वटवृक्षों ने मां भारती व विश्व परिवार को अपने आचार, विचार और व्यवहार से एक प्रगतिशील सकारात्मक व मानवतावादी दृष्टिकोण दिया इन्हीं वटवृक्षों में से एक हैं भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेई की कैबिनेट से लेकर वर्तमान यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट में केन्द्रीय मंत्री, जी-20 व जी-7 के? भारतीय प्रतिनिधि रहे ऋषिहुड विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति,लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के विजिटिंग प्रोफ़ेसर एशिया वीक पत्रिका के अनुसार एशिया की सबसे ताकतवर तीन सख्शियतों में से एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी यशस्वी डॉ. सुरेश प्रभाकर प्रभू जिनका व्यक्तित्व एक अत्यंत प्रतिभेय अर्थशास्त्री का हैं,जो एक वैश्विक स्तर के कुशल वक्ता हैं और सुयोग्यतम राष्ट्र नेता हैं,डॉ. सुरेश प्रभाकर प्रभू विभिन्न मंत्रालयों में केन्द्रीय मंत्री रहते हुए अपने शानदार कार्यों के कारण आज भी लाखों करोड़ों युवाओं युवतियों, महिला-पुरुषों, प्रौढ़ो-वृद्धों आदि के दिलों में बसे हैं,लाखों लोगों में ओज, तेज, शौर्य, शक्ति का संचार करने वाले,मां भारती को विश्व वरेण्य बनाने की अलख जगाने वाले और राष्ट्रसेवा,राष्ट्ररक्षा भाव का प्रचार,प्रसार व विस्तार करने में कर्मरत सहजता,सरलता,सौम्यता,करूणा व दया के अद्वितीय पर्याय डॉ.प्रभू के जीवन का केवल और केवल एक ही प्रधान लक्ष्य है मां भारती को एक सर्वसंसाधन युक्त शीर्षस्थ शक्तिशाली राष्ट्र बनाना और वे इस महायज्ञ में अपनी सहधर्मिणी सुप्रसिद्ध पत्रकार उमा प्रभू व पुत्र अमेया प्रभू के साथ ऋषिहुड विश्वविद्यालय के अतिरिक्त जन शिक्षण संस्थान व मानव संसाधन सेवा संस्थान जैसे उत्कृष्ट संस्थानों की स्थापना कर पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ साधनारत हैं,मां भारती के वैश्विक पहचान के लिए यज्ञरत एकनिष्ठ साधक और आराधक डॉ सुरेश प्रभाकर प्रभू का सम्पूर्ण व्यक्तित्व पुरातन संस्कृति व अधुनातन सभ्यता का एक बेहतरीन संतुलन बिन्दु हैं,आप पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व.अटल बिहारी व यशस्वी नरेंद्र मोदी सरकार के बीच की एक मजबूत कड़ी रहे हैं,जी-20 व जी-7 में प्रधानमंत्री यशस्वी नरेन्द्र मोदी के शेरपा (प्रधान प्रतिनिधि) के रूप में वैश्विक स्तर पर मां भारती का प्रतिनिधित्व करते हुए शीर्षस्थ वैश्विक संस्थाओं में अनवरत अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे डॉ. सुरेश प्रभाकर प्रभू वास्तव में अपने श्रेष्ठ व्यक्तित्व,अविस्मरणीय कार्यों और प्रभू की प्रभुता से श्रेष्ठ राष्ट्रनायक से ताकतवर वैश्विक हस्ती बनने की ओर तेजी से अग्रसर हैं निःसंदेह वह क्षण हम सबके साथ ही देश व विदेश में रह रहे उनके लाखों करोड़ों चाहने वाले के लिए भी अत्यंत ही गर्व और हर्ष का होगा जब डॉ सुरेश प्रभू एक ताकतवर वैश्विक हस्ती बनकर उभरेंगे।

खरगुपुर पुलिस की सरपरस्ती में हो रहा मिट्टी खनन का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में खरगूपुर थाना क्षेत्र में खनन माफिया के द्वारा धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है।खनन विभाग को इसकी भनक तक नहीं है,या ये कहें कि स्थानीय पुलिस की सरपरस्ती में ही यह खेल खेला जा रहा है।इस अवैध कारोबार में रात के समय नियमों की अनदेखी कर मिट्टी उठाई जा रही है।जबकि पुलिस जानकारी न होने का हवाला देकर चुप्पी साधे हैं।और मिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली थाने के सामने से ही गुजरते हैं।थाना परिसर से दो सौ मीटर की दूरी पर ही ग्राम पटखोली (चमारनपुरवा) में मिट्टी के अवैध खनन का कार्य जोरों पर है।स्थानीय पुलिस की नाक के नीचे चल रहे इस अवैध खनन पर खनन अधिकारियों से लेकर स्थानीय पुलिस तक ने आंखें बंद रखी हैं।जबकि यह खनन माफिया इतने बेखौफ हो गए हैं कि थाना के बगल से ही थाने के सड़क मार्ग पर दिन में ही मिट्टी भरे हुए ट्रैक्टर तेज रफ्तार सरपट भरते रहते है।न तो पुलिस की परवाह है और न ही प्रशासन का डर।इन अवैध मिट्टी की भरी ट्रालियों को सात सौ से लेकर एक हजार रुपये में बेचा जा रहा है।वही खरगूपुर थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें मिट्टी के अवैध खनन की जानकारी नहीं है।

प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उमड़ेगी एक लाख जनता

महानगर को मिली जिम्मेदारी, अयोध्या अभिनंदन के नाम से आयोजित होगा कार्यक्रम

क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने सर्किट हाउस में पदाधिकारियों के साथ किया बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी के रामपथ व धर्मपथ पर प्रधानमंत्री के प्रस्तावित मार्ग पर ऐतिहासिक स्वागत की जिम्मेदारी अयोध्या महानगर को मिली है। महानगर से एक लाख की संख्या को प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। ढोल, नगाड़े, नृत्य, शंखनाद, आरती, पुष्पवर्षा पूरे मार्ग पर अभिनंदन परिवेश का निर्माण करेगी। इस पूरे कार्यक्रम को अयोध्या अभिनंदन का नाम दिया गया है।आयोजन की तैयारी को लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने बुधवार को क्षेत्रीय व महानगर के पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक की। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि नगर निगम के हर वार्ड से एक हजार की संख्या लाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसकी जिम्मेदारी जीते हारे पार्षदों व पदाधिकारियों की होगी। पूरे ब्लॉक को 20 हजार की संख्या लाने के लिए कहा है। इसके साथ में महानगर के अन्य जगहों से 20 हजार की संख्या आएगी। महानगर के पदाधिकारियों को एक लाख की संख्या लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पूरे आयोजन की समीक्षा अवध क्षेत्र के पदाधिकारियां को सौंपी गई है। दस पदाधिकारियों को नगर निगम व पूरा क्षेत्र में लगाया गया है।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि रामपथ व धर्म पथ पर प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए जनता आतुर है। अयोध्या विधानसभा की जनता के लिए यह ऐतिहासिक अवसर होगा। इसको महोत्सव की भांति लेकर जनता अपना उत्साह के प्रगटीकरण से वैश्विक स्तर पर संदेश दे।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि वार्ड, बूथ व शक्तिकेन्द्र के पदाधिकारियों को आमंत्रण की जिम्मेदारी दी गई है। समाज के हर व्यक्ति व हर घर पर पार्टी का आमंत्रण पहुंचना चाहिए। महानगर के पदाधिकारी रोजाना इसकी समीक्षा करेंगे। महानगर स्तर के पदाधिकारी अपने बूथों पर आमंत्रण की रूपरेखा तैयार करें। धर्म पथ साकेत पेट्रोल पम्प से लेकर लता मंगेशकर चौराहा व रामपथ लता मंगेशकर चौराहा नया घाट से क्षीरेश्वर मंदिर प्रातः दस बजे स्वागत हेतु लोगों को आने के लिए कहा गया है।

बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, राजकिशोर वर्मा, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, सोशल मीडिया के सहसंयोजक मनोज त्रिवेदी सहित महानगर के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

रामभक्तों ने निकाली अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा, 1100 कलश लेकर निकली मातृ शक्तियां

बांदा। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि में नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में घर घर में दीप जलाकर दीपावली मनाने का आवाहन करते हुए बुधवार को शहर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकल गई।शोभा यात्रा में 11 सौ मातृ शक्तियों कलश लेकर आगे आगे चल रही थी। शोभा यात्रा में भगवान राम की झांकी और संत भी सम्मिलित हुए। इनके अलावा क्षेत्रीय सांसद, विधायक व जल शक्ति राज्य मंत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए।यह यात्रा श्रीरामलीला मैदान, महेश्वरी देवी से प्रारम्भ होकर बाकरगंज चौक, पदमाकर चौक, बलखण्डी नाका से होते हुए महेश्वरी देवी मंदिर से चौक बाजार से होकर बाबूलाल चौराहा से काली देवी मंदिर होकर श्रीगणेश भवन रामलीला मैदान अलीगंज में संपन्न हुई।

सीएचओ कैजुअल अवकाश पर स्पष्टीकरण में हो गया स्पष्ट

टूडला। अंक में हिंदी न्यूज पेपर ''स्वदेश''के पृष्ठ संख्या 8 पर छपी खबर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सिकरारी के सम्बन्ध में उक्त उपकेंद्र बंद पाये जाने को लेकर खबर मय फ़ोटो के साथ समाचार पत्र में छापी गई है।इसका खंडन करते हुए अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराना है।कि दिनांक 12.12.23 को उक्त समाचार पत्र द्वारा सत्यता की जांच किये बिना जो खबर अखबार में छापी थी। उसका खंडन करते हुए बताया गया हैं।कि दिनांक 11.12.23 से 12.12.23 तक मनीषा सिंह सीएचओ सिकरारी अपने इंचार्ज,अधीक्षक सामुदायक स्वास्थ्य केंद्र टूंडला द्वारा स्वीकृत कैजुअल अवकाश में थी।इसके लिए मनीषा सिंह दोषी नहीं है।इस बाबत अधीक्षक सीएचसी टूंडला द्वारा स्पष्टीकरण मांगे जाने पर मनीषा सिंह ने अपना स्पष्टीकरण अधीक्षक कम्युनिटी हेल्थ सेंटर टूंडला फिरोजाबाद को दिनांक 20.12.2023 को दिया जा चुका है।

शिक्षा श्री और टीचर आइकॉन अवार्ड में सम्मानित होंगे उन्नाव के शिक्षक प्रदीप

उन्नाव। औरास विकासखंड के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में कार्यरत शिक्षक प्रदीप वर्मा का चयन शिक्षा श्री और टीचर्स आइकॉन अवार्ड के लिए हुआ है। प्रदीप वर्मा को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में अनवरत सकारात्मक प्रयासों, परिषदीय बच्चों के जीवन स्तर को बदलकर प्रेरणा प्रदान करने एवम् उत्तरप्रदेश नशामुक्ति आंदोलन चलाकर भ्रमित हो रहे जनमानस को सही राह पर चलने व जागरूक करने के लिए प्रदान किया जाएगा। डॉक्टर यादवेंद्र नाथ मेमोरियल ट्रस्ट रुड़की ने प्रदीप को उत्तरप्रदेश के उन्नाव से इस विशिष्ट सम्मान के लिए चुना है। संपूर्ण भारत से चुने गए कुल 72 शिक्षकों में चयनित प्रदीप को यह सम्मान आगामी 7 जनवरी को रुड़की में प्रदान किया जाएगा। प्रदीप को सामाजिक कार्यों, शिक्षा में नवाचारों व उत्कृष्ट लेखन हेतु पूर्व में कई राज्य व राष्ट्रीय पुरस्कारों से अलंकृत किया गया है। जनपद के शिक्षकों ने प्रदीप को शुभकामनाएं प्रदान की।

घने कोहरे के पड़ने से फसलों को हो रहा हैं नुकसान

पुरनपुर।तराई क्षेत्र में घने कोहरे के साथ ही तापमान में रोज गिरावट दर्ज की जा रही है। कोहरे की वजह से नेशनल और कलीनगर तहसील के तराई क्षेत्र पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। वहीं न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट आ गई है। जिसके कारण लोगो को गलन भरी सर्दी का सामना करना पड़ रहा है।अब सर्दी ने सितम ढाना शुरू कर दिया है।कभी मौसम कुछ साफ हो जाता हैं तो कभी दिन में धूप भी निकल जाती हैं।लेकिन बीते दो दिनों से मौसम अचानक से पलट गया। तापमान गिरकर सात डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे लोगों ने घरों में रहने में ही भलाई समझी। तमाम लोग अलाव के आगे बैठकर सर्दी से निजात पाते नजर आए हैं।बिना बारिश पड़ा कोहरा, फसलें होने लगीं प्रभावित भीषण कोहरा होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बगैर बारिश के कोहरा पड़ने से मटर,मसूर, चना,सरसों,अलसी की फसलों की सेहत बिगड़ने लगी है।इससे अन्नदाता चिंतित होने लगा है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह के मुताबिक कोहरे का प्रकोप बढ़ने से माहू,सूंडी की फसलों में बढ़ोतरी होने लगी है।

निषाद पार्टी 13 जनवरी को लखनऊ में मनाएगी 11 वॉ स्थापना दिवस

पादरी बाजार , गोरखपुर । बुधवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के तत्वावधान में ऐक्सि भवन में जिला कार्यकारिणी बैठक की गई बैठक का मुख्य उद्देश्य 13 जनवरी को निषाद पार्टी का 11 वॉ संकल्प दिवस रमाबाई पार्क,लखनऊ में मनाया जाना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा विधायक इंजीनियर सरवन निषाद जी उपस्थित रहे । विधायक जी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह 2017 में आप लोगों ने इकट्ठा होकर अपनी ताकत दिखाई थी जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया फिर 2019 मैं समाज ने अपनी ताकत दिखाई एक बार फिर रमाबाई पार्क मैदान को भरकर मछुआ समाज अपनी ताकत दिखाएं और अपना और अपना हक हिस्सा अधिकार ले । अब पार्टी का विस्तार तेजी से आगे बढ़ रहा है । अन्य प्रदेशों में भी आपकी पार्टी खड़ी हो गई है । योगी मोदी संजय निषाद जी के नेतृत्व में कई योजना मिली जैसे प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना वह मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण कोष तमाम योजनाओं में सब्सिडी का लाभ मिल रहा है ।

साथियों माननीय मत्स्य मंत्री डॉ संजय निषाद जी के नेतृत्व में पूरे देश में उत्तर प्रदेश में पहला दर्जा मिला है भाजपा सरकार मैं जिस तरह समाज आगे बढ़ रहा अन्य किसी भी सरकार में नहीं हुआ था आज हमारे पास 11 विधायक और सांसद है , कैबिनेट मंत्री हैं , एमएलसी हैं । साथ में हजारों लाखों कार्यकर्ता है । इतना 6 वर्षों में अन्य कोई भी पार्टी विस्तार नहीं कर सकी हमें धैर्य रखकर वह अपने अगुआ नेताजी पर विश्वास करके निरंतर आगे बढ़ाना है पिछली सरकारों में हमारे लोग बस वोट देते थे पर जब से निषाद पार्टी आई है हमारे सांसद विधायक सब मौजूद है एक बार पुणे 2024 में मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है जितने भी राजनीतिक मुकदमे कार्यकर्ता पर हुए थे उन मुकदमों को खारिज कराया जा रहा है। इसी तरह भाजपा सरकार में समस्याओं का हल निकालना संभव है।

कार्यक्रम में उपस्थित संतोष निषाद जगदीश निषाद गुंजा निषाद आरती निषाद सूरज निषाद अजय निषाद धीरज निषाद विजेंद्र सिंह सत्यनारायण निषाद रघुराई निषाद महेंद्र निषाद वह अन्य मौजूद रहे।

गोरखपुर की जनता बीजेपी के साथः रवि किशन

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव को तैयारी में जहां राजनीतिक पार्टियां जुटी हुई हैं। वही देश की प्रमुख मीडिया संस्थान भी देश की जनता का मूड जानने के लिए सर्वे करनी शुरू कर दी है। इसी तरह एबीपी सी वोटर ने एक सर्वे वीवीआईपी सीटों का किया है।

एबीपी सी वोटर सर्वे में गोरखपुर की जनता ने वर्तमान सांसद व प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन को प्रचंड बहुमत जीता रही है। यही नहीं सर्वे में बीजेपी के गोरखपुर क्षेत्र में एक यही वीवीआईपी सीट है, जिस पर बीजेपी की जीत का अंतर पिछली बार से अधिक है। एबीपी न्यूज पिछले चार दिन से लगातार यह ओपिनियन पोल दिखा रहा है। देश का मूड बता रहा है कि बीजेपी गठबंधन को फिर से सत्ता में वापसी मिलेगी। यही नहीं इस बार एबीपी सी वोटर के सर्वे की माने तो इस बार पूरे देश में भाजपा को 350 से अधिक सीटों पर विजय मिलने जा रही है। एबीपी सी वोटर के सर्वे में यूपी की सभी वीवीआईपी सीटों पर भाजपा अपनी जीत दर्ज कर रही है। इसके साथ ही इस बार केंद्र सरकार में भाजपा लगातार तीसरी बार अपनी जीत दर्ज करके देश में एक नया इतिहास रचने जा रही है। इसके साथ ही साथ गोरखपुर की जनता भी वर्तमान सांसद रवि किशन को ओपिनियन पोल में अपना साथ देकर उन पर फिर से अपना विश्वास जता रही है। गोरखपुर में सक्रिय रहने वाले और लोगों के बीच में हमेशा घूलमिलकर उनके दुखदर्द सुनने वाले रविकिशन को अपना विश्वास जता रही है। पिछले पांच साल के रिकार्ड को देखें तो सांसद रविकिशन लगातार गोरखपुर में बने हुए हैं। पार्टी हो या किसी भाजपा से जुड़े लोगों से मिलने की बात हो, वह हमेशा तैयार रहते हैं। गोरखपुर की जनता इसी के कारण इस बार उनको ओपिनियन पोल में उनको सबसे अधिक मतों से जीत दिला रही है।

कोहरे के चलते आधा दर्जन वाहन आपस में भिड़े एक की मौत, कई घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नसीरापुर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कोहरे के चलते भीषण सड़क हादसा हो गया। एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे तीन वोल्वो बसें, एक ट्रक, एक फॉर्च्यूनर व दो अन्य छोटी गाड़ियां एक-एक कर पीछे से भिड़ गयी। घटना में एक की मौत हो गयी, जबकि दर्जन से अधिक घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये भर्ती कराया है।

बता दें आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नसीरापुर के सामने एक ट्रक खड़ा हुआ था। भीषण कोहरे के चलते सड़क किनारे खड़ा ट्रक पीछे से आ रही वोल्वो बस चालक को नहीं दिखा, जिससे वोल्वो बस ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार में भीड़ गयी। घटना के बाद एक के बाद एक तीन वोल्वो बसें, एक ट्रक एक फॉर्च्यूनर व दो अन्य छोटी गाड़ियां पीछे से भिड़ गयी। दुर्घटना में वोल्वो बस में सवार विजय सिंह (50) वर्ष पुत्र कारिया सिंह निवासी कंदल पुरवा थाना धोहवा राम गोंडा की मौत हो गयी।

वहीं मेहराज (18)पुत्र अलवर अली काबा व थाना खरगूपुर गोंडा, शहजाद (3) पुत्र रमजान कस्बा व थाना खरगूपुर गोंडा, सुहेल(17) पुत्र शाकिर निवासी खरगूपुर गोंडा, रामकुमार (40) पुत्र अगनू निवासी गांव गोडियन पुरवा थाना कटरा बाजार गोंडा, अदनान (18) पुत्र सगीर अंसारी निवासी गांव करम डंडा थाना मितली पुर अयोध्या, हरिप्रसाद (35) सैनी पुत्र रामेश्वर प्रसाद निवासी दौसा जनपद शिकंदरा राजस्थान, आशाराम (44) पुत्र राम उजागर यादव निवासी अशोकपुर थाना कटरा जनपद गोंडा, महरून निशा (33) पत्नी निशार अहमद निवासी कारियन पुरवा थाना कटरा बाजार गोंडा, सफर अली (30) पुत्र मोहमद अली निवासी मायापुरवा थाना कौडिया जनपद गोंडा, मुकेश दुबे (40) पुत्र रामखेरे दुबे निवासी पहाड़ पुरवा थाना कटरा बाजार जनपद गोंडा , आरती (35) पत्नी रमेश निवासी कोथान जनपद गोंडा एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। गट्टा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया है।

बढ़ी ठंड कई दिनों से कोहरे का कहर

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र में शीतकाल में बीते कई दिनों से कोहरे का कहर निरंतर बढ़ता जा रहा है। शाम ढलते ही कोहरा गिरना शुरू हो जाता है जो दूसरे दिन तक नहीं हटता है जिसके कारण दिन में भी देखने में दिक्कत उठानी पड़ रही है। सड़कों पर चलने वाले वाहन रेंगते हुए चल पा रहे है। दृश्यता कम होने के कारण हादशों की आशंका के चलते वाहन चालक ही नहीं पैदल और साइकिल सवार तक डरे सहमे रहते हैं। बीते मंगलवार को तो दोपहर बाद कुछ धूप निकल भी आई थी किन्तु बुधवार को पूरे दिन धूप नहीं निकली और धुंध जैसी छाई रही। हालांकि किसान कोहरे को गेहूँ की फ़सल के लिए फायदेमंद मान रहे हैं लेकिन यात्रा करने वालों के लिए कोहरा मुसीबत बनता जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची वख्तापुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर। ब्लॉक की ग्राम पंचायत वख्तापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया जिसमे सरकार द्वारा चलाई जा रही हर वर्ग के लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से एवं एलईडी के माध्यम से दिखाया गया एवं बताया गया जिसमें एमएलए बाबूराम पासवान, सहायक खंड विकास अधिकारी अजय देवल,ग्राम प्रधान पुष्पा देवी,सचिव राहुल कनौजिया, प्रधान प्रतिनिधि खुशीराम एवं सभी विभागीय कर्मचारी गण अधिकारी गण उपस्थित रहे।साथ ही कृषि सम्मान निधि के प्रमाण पत्र एवं प्रधानमंत्री आवास के प्रमाण पत्र वितरित किए जिसमें है।

केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को विधायक बाबूराम पासवान ने वितरण किए प्रमाण पत्र

सड़क हादसे में पिता पुत्र की मौत, एक घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

औरास,उन्नाव। लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के रास्ते से बाइक से घर जा रहे पिता पुत्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे कि पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई एक युवक घायल हो गया। यूपीडा ने सीएससी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने पिता, पुत्र को मृत घोषित कर दिया वहीं युवक को रिफर कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक बांगरमऊ थाना क्षेत्र के बल्लापुर गांव निवासी राजेश पुत्र मौजीलाल 45 व संदीप पुत्र राजेश 22 व प्रद्युम्न पुत्र राजेश तीनों एक ही मोटरसाइकिल से सवार होकर लखनऊ से अपने घर, लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के रास्ते से जा रहे थे कि जैसे ही औरास थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 254 के सामने पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे कि संदीप व राजेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बेटा प्रद्युम्न गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची यूपीडाकर्मी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने संदीप और राजेश को मृत घोषित कर दिया जबकि प्रद्युम्न की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल उन्नाव रिफर कर दिया। सूचना पर पहुंची औरास पुलिस ने दोंनो शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल उन्नाव भेज दिया हैं।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने चलाया चेकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान जिसमें कई मार्गो से गुजर रहे वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग में दो ओवरलोड वाहन संचालित पाये गये,एक वाहन में क्षमता से अधिक भूसी एवं दूसरे वाहन में चावल का परिवहन होता पाया गया इन दोनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।इसी प्रकार चार वाहनों जिसमें समय सीमा समाप्त हो जाने के उपरांत भी हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाये बिना संचालित होते मिले। उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई एवं दो मैजिक वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियों के परिवहन करने पर चालान की कार्रवाई की गई। इसी के साथ एक स्कूली वाहन जिसकी फिटनेस वैधता समाप्त हो गई थी लेकिन मार्ग पर संचालित होती पाई गई जिसपर उसकेके विरुद्ध चालान की कार्रवाई तथा तीन वाहन चालको जो कि वाहन संचालन के समय मोबाइल का प्रयोग करते पाए गए के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।चेकिंग के साथ ही वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग एवं सड़क सुरक्षा के विषय में जागरुक किया गया है।

स्कूली बस और नायब तहसीलदार की कार में भिड़ंत, बच्चे सुरक्षित

मथुरा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को स्कूली बस और छाता के नायब तहसीलदार की गाड़ी में भिड़ंत हो गई। बस में सवार बच्चे चीखने चिल्लाने लगे घटना की सूचना लगते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। दुर्घटना में नायब तहसीलदार की बोलेरो गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक गाड़ी में फंस गया। उसे केविन काटकर बाहर निकालकर उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।छाता थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एंजेल पब्लिक स्कूल की बस गोवर्धन रोड की तरफ से गांवों के बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। सामने से नायब तहसीलदार, छाता की बोलेरो गाड़ी का चालक उन्हें लेने के लिए उनके आवास जा रहा था। रास्ते में कोहरे के कारण बोलेरो और स्कूल बस में भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक केबिन में ही फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी काटकर चालक को बाहर निकाला। उसे शंकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी हालत नाजुत देखते हुए उसे भरतपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। गनीमत रही कि स्कूली बच्चे और बस चालक पूरी तरह सुरक्षित हैं।

पुरानी पेंशन इमरजेंसी बंदियों और माननीयों की बहार, कर्मचारियों में हाहाकार: रूपेश

एक ही व्यक्ति एक पेंशन का हो प्रावधान नहीं तो खाली हो जायेगा देश का खजानाः पं0 श्यामनारायण शुक्ल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी ने एक संयुक्त बयान जारी कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी का ध्यान ऐसे व्यक्तियों की तरफ आकृष्ट कराया है जो लोग अरबों ऽखरबों के संपत्ति के मालिक होने के बाद ही सरकारी खजाने से तीनऽतीन, चारऽचार पेंशन ले रहे हैं, और दूसरी तरफ देश की सेवा में 35 से 40 वर्ष खपा देने वाला कर्मचारी आज पेंशन का मोहताज बना हुआ है।

इमरजेंसी में बंदियों को मिलती है पेंशन

कर्मचारी नेताओं ने बताया कि इमरजेंसी के वक्त तत्कालीन सरकार द्वारा तकरीबन 140000 ऐसे लोगों को बंदी बनाया गया था जिनके ऊपर कोई मुकदमे नहीं थे। तथा 43000 सिखों को भी बंदी बनाया गया इसके अतिरिक्त तकरीबन 20000 लोग जो राजनीतिक पृष्ठभूमि के थे उन्हें भी बंदी बनाया गया इन सभी को आज सरकार लोकतंत्र सेनानी मानकर ? 25000 महीना पेंशन देती है।

माननीय को मिलती है तीन-तीन चार-चार पेंशन

हमारे देश के कई ऐसे माननीय हैं जो विधानसभा, विधान परिषद राज्यसभा और लोकसभा अर्थात चारो सदनों के सदस्य रहे हैं उन्हें चार पेंशन मिलती है जो तीन सदन के सदस्य रहे हैं उन्हें तीन पेंशन मिलती है और इसमें भी जो लोकतंत्र सेनानी रहे हैं उन्हें उसका अलग से भी पेंशन मिलता है, कर्मचारी नेताओं ने यह मांग की की एक व्यक्ति कितना हूं पद पर रहा हो उसे सिर्फ एक पेंशन का प्रावधान होना चाहिए।

देश के खजाने पर पड़ रहा है असर कर्मचारी नेताओं द्वारा बताया गया कि ऐसा करने से देश के खजाने पर असर पड़ रहा है और सरकार कर्मचारियों को जो उनका मौलिक अधिकार है पुरानी पेंशन वह नहीं दे पा रही है।

दोहरी व्यवस्था बंद कर वन नेशन वन पेंशन की व्यवस्था लाई जाए

सभी कर्मचारी नेताओं ने मांग किया कि इस प्रकार की दोहरी व्यवस्था को समाप्त किया जाए और वन नेशन वन पेंशन की व्यवस्था लागू की तो माननीयो को भी पेंशन मिलेगी और कर्मचारियों को भी पेंशन मिलेगी और देश के खजाने पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

यह लोग रहे उपस्थित

इस अवसर पर अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव महामंत्री मदन मुरारी शुक्ला उपाध्यक्ष श्याम नारायण शुक्ला अशोक पांडेय इजहार अली बंटी श्रीवास्तव राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ उठाए जा रहे है सख़्त कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव।जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व और सख्त निर्देशन जिसके कारण जनपद के अधिकांश विभाग मासिक समीक्षा बैठक में उत्कृष्ट प्रदर्शन और राजस्व में बढ़ोतरी करते रहते है।

इसी प्रकार के कुशल कार्यों की श्रृंखला में जनपद के लखनऊ कानपुर हाइवे स्थिति जाजमऊ क्षेत्र में खनन विभाग द्वारा पहली बार अवैध खनन के साथ ओवरलोड वाहनों की जिले में आवक और एंट्री माफियाओ की कमर तोड़ने के लिए उच्च तकनीक से लैस कैमरे लगाए गए है ।

जिनकी निगरानी जनपद स्तर पर खनन विभाग कार्यालय और खनन निदेशालय द्वारा की जाएगी।इस प्रकार की हाईटेक व्यवस्थाओं के उत्तम प्रयास शुरू होने से पहले पिछले माह नवंबर में खनन विभाग द्वारा अभियान चला कर जनपद में सभी प्रकार के अवैध खनन सामग्री से लदे हुए साठ वाहनों पर कार्यवाही करते हुए साढ़े 23 लाख रुपए का राजस्व जुर्माने के रूप में अर्जित किया है ।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई -प्रणाली के अर्न्तगत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण-

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ - 226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01.	56235919A	Set of Delrin Top Liner and Delrin Bottom Liner as per Drg. No -CG-K4059 ALT (4) ITEM NO-1 & 3. ONE SET CONSISTS 01 NO OF EACH ITEM	4200 SET	18/01/2024

निविदा शर्तें:1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
निविदा नोटिस सं.: ईपीएस/56/2023-2024
ईमेल पता: dycmmcb15@gmail.com 4044/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कामगारों की मांग

विकसित देशों में श्रमिकों की भारी कमी के बीच खेती, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काम करने के वास्ते भारतीय कामगारों को विदेश भेजने के लिए विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते करने का भारत सरकार का इरादा है। यूनान ने भारत से संपर्क किया है कि वह कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 10,000 कामगारों को उसके यहां भेजे। इटली भी अपने विभिन्न शहरों के नगर निकायों में काम करने के लिए लोगों की तलाश में है। भारत पहले ही 40,000 से अधिक श्रमिकों को इजरायल भेजने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है और इस समझौते को विस्तार दिया जा सकता है। हमास के साथ युद्ध शुरू होने से पहले इजरायल में लगभग 18,000 भारतीय श्रमिक काम कर रहे थे जो मुख्यतौर पर मरीजों की देखभाल के काम से जुड़े थे। हालांकि, वहां युद्ध जारी है, ऐसे में इजरायल पहले से काम करने वाले लगभग 90,000 फिलिस्तीनियों की जगह दूसरी जगहों के कामगारों की भर्ती करना चाहता है। सरकार की इस पहल का स्वागत कई कारणों से अवश्य किया जाना चाहिए। भारत में कुशल और मेहनती कामगारों की तादाद बहुत ज्यादा है। कई वर्षों से संगठित और अनौपचारिक तरीके से ये कामगार कई देशों में जाते रहे हैं और इसका अंदाजा विदेश से भारत भेजी जाने वाली राशि से मिलता है। भारत भी अपने व्यापारिक साझेदार देशों के साथ किए जाने वाले विभिन्न समझौतों में भी कामगारों की आवाजाही की वकालत करता रहा है। विकसित देशों की समस्या यह है कि इनकी आबादी में बुजुर्गों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में उन्हें काम कराने के लिए बाहर के श्रमिकों की जरूरत बढ़ने लगी है। भारत के लिए यह एक सुनहरा मौका है क्योंकि भारत कामगारों की कमी की भरपाई करने में सक्षम हो सकता है। हालांकि कामगारों को विदेश भेजने पर एक चिंता जरूर हो सकती है कि इससे देश में कहीं श्रमिकों की कमी न हो जाए लेकिन फिलहाल विकसित देशों की मांग अस्थायी ही लग रही है। कामगारों के विदेश जाने का एक फायदा यह है कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के तजुर्बे के साथ देश वापस आएंगे। विकसित देशों में मजदूरी की दर ज्यादा है, ऐसे में वे अपने बचत के पैसों से भारत में घर या जमीन जैसी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। यह भी संभव है कि कुछ लोग वहीं बसना चाहेंगे। भारत में कुशल कामगारों की बड़ी तादाद को देखते हुए ऐसे आसार नहीं दिखते हैं कि देश में श्रमिकों की कमी होगी। इस संदर्भ में भी भारत को हर हाल में अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों को कौशल परीक्षण देने और इसका बेहतर माहौल बनाने की जरूरत है। विदेश में श्रमिकों को भेजने की पहल अच्छी है लेकिन नीतिगत नजरिये से भी यह समझना जरूरी है कि इससे भारत की बेरोजगारी या कम रोजगार की समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। यह एक तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था की अच्छे वेतन वाली पर्याप्त नौकरियां सृजित न कर पाने की कमजोरी का हल भी नहीं है। उदाहरण के तौर पर ताजा वार्षिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण के अनुसार, कुल श्रमबल के 57 फीसदी लोग से अधिक स्व-रोजगार से जुड़े हैं। इसे उद्यमशीलता का सूचक नहीं माना जा सकता है क्योंकि ये ऐसे लोग हैं जो अपनी आजीविका के लिए किसी तरह की आर्थिक गतिविधि से जुड़ जाते हैं क्योंकि कोई काम न करने का विकल्प उनके पास नहीं है। भारत के कामगारों पर नजर डालें तो चौंकाने वाली तस्वीर सामने आती है। कुल कामगारों में से 18 फीसदी से ज्यादा अपने छोटे-मोटे घरेलू कारोबार में ही सहयोगी के तौर पर लगे हुए हैं जबकि 21 फीसदी से ज्यादा खुद को अस्थायी मजदूर मानते हैं। इस तरह से इन लोगों को लगातार बेरोजगारी की समस्या से जूझना पड़ता है। यह बात सभी स्वीकारते हैं कि भारत को अपनी बढ़ती आबादी के लिए रोजगार के बेहतर मौके बनाने की जरूरत है। अमीर देशों में श्रमिकों को भेजने से भारत की बेरोजगारी और कम रोजगार की समस्या का हल नहीं होगा। फिर भी, अभी जो मौके मिल रहे हैं उनका फायदा उठाना चाहिए क्योंकि दीर्घावधि में इससे देश को फायदा होगा। सरकार कामगारों को विदेश भेजने की पहल में काफी सक्रिय दिख रही है। कम से कम दो जरूरी बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

प्रौद्योगिकी के साथ नया आकार लेता वित्तीय क्षेत्र

एम्सटर्डम विश्वविद्यालय के महान विचारक अर्नोड डब्ल्यू.ए. बूट ने हाल ही में उभरते बाजारों के सम्मेलन में आधुनिक समाज में बैंकों की जगह के बारे में अपनी बात रखी। उन्होंने जो विचार प्रकट किए वे इस बारे में सवाल पैदा करते हैं कि भारत में इसे लेकर क्या हो सकता है। अर्थशास्त्री मर्टन मिलर ने बैंकिंग को 19वीं सदी का ऐसा उद्योग करार दिया था जो आपदा का शिकार हो सकता है। जब बैंकों का नए सिरे से पूंजीकरण करने के लिए करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल किया जाता है तो इसे लेकर काफी हो हल्ला होता है। इन समस्याओं को हल करने की प्रक्रिया बहुत लंबी रही है। इसे लेकर विचारक दो खेमों में बंटे हुए हैं: एक तो वे जो मानते हैं कि बैंकिंग नियमन और निस्तारण को सही ढंग से अंजाम दिया जा सकता है। दूसरे वे जो मानते हैं कि एकमात्र सुरक्षित रास्ता समाज में बैंकों की भूमिका कम करने में निहित है। पहली थी 'फिनटेक क्रांति'। इसके पीछे विचार यह है कि जो कंपनियां बैंक नहीं हैं वे ऐसे काम कर सकती हैं जो पारंपरिक तौर पर बैंकों द्वारा किए जाते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर यह व्यावहारिक है कि आधुनिक तकनीक की मदद से ऐसी कंपनियां तैयार की जाएं जो भुगतान करें, आवास ऋण या वाहन ऋण आदि दिला सकें। ये कंपनियां सीधे बॉन्ड बाजार में जा सकती हैं। वे या तो सीधे अपने बॉन्ड जारी कर सकती हैं या फिर प्रतिभूतिकरण कर सकती हैं।



विकसित देशों में बैंकिंग व्यवस्था बदल रही है। सबसे पहले वहां 'फिनटेक क्रांति' आई। इसके पीछे विचार यह था कि पहले जो काम पारंपरिक रूप से बैंकों द्वारा किए जाते थे उन्हें नई तरह की कंपनियों के द्वारा अंजाम दिया जाए। अब हमने देखा कि इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के जरिये बैंकों की देनदारियों की स्थिरता का नुकसान हो रहा है। तीसरी समस्या इस संभावना से जुड़ी है कि कहीं महत्त्वपूर्ण और विश्वसनीय तकनीक आधारित उपभोक्तामुखी कंपनियां बैंकों का स्थान न ले पाएं। केंद्र नियोजित भारतीय वित्तीय बाजार ने ऐसी बातों को आमतौर पर दूर ही रखा है।

एम्सटर्डम विश्वविद्यालय के महान विचारक अर्नोड डब्ल्यू.ए. बूट ने हाल ही में उभरते बाजारों के सम्मेलन में आधुनिक समाज में बैंकों की जगह के बारे में अपनी बात रखी। उन्होंने जो विचार प्रकट किए वे इस बारे में सवाल पैदा करते हैं कि भारत में इसे लेकर क्या हो सकता है। अर्थशास्त्री मर्टन मिलर ने बैंकिंग को 19वीं सदी का ऐसा उद्योग करार दिया था जो आपदा का शिकार हो सकता है। जब बैंकों का नए सिरे से पूंजीकरण करने के लिए करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल किया जाता है तो इसे लेकर काफी हो हल्ला होता है। इन समस्याओं को हल करने की प्रक्रिया बहुत लंबी रही है। इसे लेकर विचारक दो खेमों में बंटे हुए हैं: एक तो वे जो मानते हैं कि बैंकिंग नियमन और निस्तारण को सही ढंग से अंजाम दिया जा सकता है। दूसरे वे जो मानते हैं कि एकमात्र सुरक्षित रास्ता समाज में बैंकों की भूमिका कम करने में निहित है। पहली थी 'फिनटेक क्रांति'। इसके पीछे विचार यह है कि जो कंपनियां बैंक नहीं हैं वे ऐसे काम कर सकती हैं जो पारंपरिक तौर पर बैंकों द्वारा किए जाते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर यह व्यावहारिक है कि आधुनिक तकनीक की मदद से ऐसी कंपनियां तैयार की जाएं जो भुगतान करें, आवास ऋण या वाहन ऋण आदि दिला सकें। ये कंपनियां सीधे बॉन्ड बाजार में जा सकती हैं। वे या तो सीधे अपने बॉन्ड जारी कर सकती हैं या फिर प्रतिभूतिकरण कर सकती हैं। पारंपरिक तौर पर फिनटेक के पास वैसी सूचनाएं नहीं होती थीं जैसी आमतौर पर बैंकों को ग्राहकों के बारे में होती हैं लेकिन वे आईटी सिस्टम बनाने तथा नई तरह की सूचनाओं के प्रसंस्करण के मामले में बेहतर थीं। फिनटेक क्रांति की शुरुआती 2005 के आसपास हुई और इसने उस समय गति पकड़ी जब विकसित देशों के नियामकों ने गैर बैंकिंग कंपनियों के लिए अधिक गुंजाइश तैयार की। इस क्षेत्र में बड़ा विचार है 'मुक्त बैंकिंग' के जरिये बैंकों को सूचना के मामले में हासिल बढ़त को समाप्त करना। इसमें बैंकों पर राज्य की यह जबरदस्ती शामिल है कि किसी ग्राहक के बारे में सूचना को बैंक की नहीं बल्कि उस ग्राहक की संपत्ति माना जाए और उसी मुताबिक इस्तेमाल किया जाए। इस प्रक्रिया में जहां ओपन प्रोटोकॉल शामिल है, वहीं इसमें सरकारी एकाधिकार, संरक्षणवाद या जबरदस्ती करने के सरकारी तौर तरीके शामिल नहीं हैं। दूसरा बड़ा विचार सिलिकन वैली बैंक के पतन के साथ सामने आया। एक बार उपभोक्ताओं के पास इलेक्ट्रॉनिक भुगतान व्यवस्था आ जाने के बाद बैंकों का कामकाज तेज हो सकता है और सप्ताहांत पर अबाध ढंग से जारी रह सकता है। दुनिया भर के बैंकों में जोखिम प्रबंधन का काम करने वाले अर्थशास्त्र के विद्वानों को यह बात समझ में आ गई कि मांग संबंधी जमा अस्थिर है और उन्होंने बुनियादी बनाम अस्थिर काम को लेकर अपने अनुमानों में संशोधन किया। इन्हीं अनुमानों का इस्तेमाल जोखिम प्रबंधन मॉडल में किया जाता है। फिनटेक कंपनियों ने बैंकों के काम का कुछ हिस्सा ले लिया लेकिन ग्राहक अभी भी बैंकों के ही थे क्योंकि वही उनके खाते की जांच कर सकते थे और इससे संबंधित अन्य गतिविधियों को अंजाम दे सकते थे। ग्राहकों के दिलोदिमाग पर बैंकों की गहरी छाप है। अब हालात में बदलाव आ सकता है। गूगल, एमेजॉन और ऐपल जैसी कंपनियां अब हर ग्राहक के साथ जुड़ी हुई हैं और उनके बीच गहरे विश्वास का रिश्ता है। बड़ी तकनीकी कंपनियों को आईटी की बेहतर समझ है। यही वजह है कि अब ऐपल अमेरिका में 4.15 फीसदी ब्याज दर वाला बचत खाता शुरू कर रही है। गूगल बहुत पहले 'शैतान मत बनो' का नारा दे चुकी है जबकि ऐपल ने एफबीआई के साथ डेटा साझा करने से इनकार कर दिया था। अधिकांश उपभोक्ता इन पर विश्वास करते हैं। इतना ही नहीं इन कंपनियों को ग्राहकों के बारे में सूचनाओं पर काफी नियंत्रण होता है। फिनटेक क्रांति में जहां नई कंपनियां बैंकों के भीतर की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही हैं, वहीं नए प्रतिद्वंद्वियों के पास बैंकों की तुलना में ग्राहकों के बारे में अधिक जानकारी रहती है। भविष्य के वित्तीय क्षेत्र को लेकर समकालीन रणनीतिक समझ तो यही है। ऐसे लोग भी हैं जो मानते हैं कि बैंकिंग नियमन की बार-बार की नाकामी से निपटने के लिए बेहतर बैंक नियामक की जरूरत है। ऐसे भी लोग हैं जो बैंकों पर निर्भरता कम करके समाज का जोखिम कम करना चाहते हैं। फिनटेक क्रांति के जरिये गैर बैंकिंग कंपनियों को आईटी की मदद से बैंक जैसे काम करने थे। उन्हें आदर्श तौर पर बैंकों के भीतर के आंकड़ों तक पहुंच बनानी थी और फिर इसे बॉन्ड बाजार से जोड़ना था। ग्राहकों की बढ़ती तादाद के कारण बैंकों की स्थिर जमा की मांग में कमी आई और अब ऐसी कंपनियां भी हैं जिन पर ग्राहक अधिक यकीन करते हैं। भारत में, हम इन घटनाओं को आश्चर्य से देखते हैं, बिल्कुल उसी तरह जैसे हम यूक्रेन में ड्रोन युद्ध देखते हैं। भारतीय बैंकिंग उद्योग लगभग वहीं है जहां 1960 के दशक के अंत में उन्नत अर्थव्यवस्थाएं थीं। वित्तीय सुधार में दशकों की कठिनाइयों के बाद यह उपभोक्ता ऋण के मामले में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है लेकिन कंपनियों को ऋण मुहैया कराने में विफल हो रहा है। फिनटेक क्रांति राज्य के दबाव से प्रभावित हुई, जिसने गैर-बैंकों को भुगतान प्रणाली और कई बैंक जैसी गतिविधियों से और बॉन्ड-मुद्रा-डेरिवेटिव संबंध और प्रतिभूतिकरण की कठिनाइयों से अवरुद्ध कर दिया। कई प्रकार के संरक्षणवादी कदम विदेशी कंपनियों को भारत में काम करने से रोकते हैं। वित्तीय क्षेत्र में मौजूद नीतिगत रणनीति निवेश/जीडीपी अनुपात को जीडीपी वृद्धि दर में तब्दील करने की भारतीय वित्त की क्षमता को बाधित करती है।

अजय शाह

आबकारी नीति यूपी में निवेश के लिए कारगर?

आदिति फडणीस

उत्तर प्रदेश में गत सप्ताह योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल ने 2024-25 की आबकारी नीति को मंजूरी प्रदान की। पहली बार सरकार ने फ्रैंचाइज शुल्क की व्यवस्था की है ताकि वैश्विक ब्रांड उत्तर प्रदेश की स्थानीय डिस्टिलरीज के साथ सहयोग कर सकें और उनके बॉटलिंग संयंत्रों का इस्तेमाल कर सकें ताकि बिना नई डिस्टिलरी स्थापित करने के दबाव के आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

बियर की दुकानों से सटे 100 वर्गमीटर के इलाके को परमिट रूप में विकसित किया जा सकेगा ताकि लोगों को बाहर सड़क पर खड़े होकर न पीना पड़े। इसके लिए सालाना 5,000 रुपये की राशि का भुगतान करना होगा। उत्तर प्रदेश में आम, जामुन, कटहल, अंगूर, लीची और अमरूद जैसे स्थानीय फलों की वाइन बनानी शुरू की जाएगी। एक स्थानीय कारोबारी संजय गुप्ता ने मुजफ्फरनगर में अपने गुप्ता रिजॉर्ट पर प्रदेश की पहली वाइन परियोजना शुरू की है। उनका कहना है, 'हमने अपना संयंत्र राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 58 पर स्थापित किया है और यहां रोजाना 155 लीटर वाइन बनाई जा सकेगी। यानी करीब 50,000 लीटर का सालाना उत्पादन।'परंतु इस नीति की आलोचना करने वाले भी मौजूद हैं। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आबकारी नीति को उदार बनाने की तीव्र आलोचना की। उन्होंने कहा, 'क्या उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के पास प्रदेश को एक लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का यही तरीका शेष है कि वह रेलवे और मेट्रो स्टेशनों तथा क्रूज शिप पर शराब बेचे? इसका अर्थ तो यह हुआ कि करोड़ों रुपये के निवेश के तमाम दावे फर्जी हैं। यही वजह है कि सरकार ऐसे अनैतिक तरीकों से राजस्व कमाना चाह रही है।' अक्टूबर से अब तक उत्तर प्रदेश ने ऐसी कई अहम प्रशासनिक पहल की हैं जो दूरगामी प्रभाव वाले साबित हो सकते हैं। अगले दो वर्षों में प्रदेश में नौ नए हवाई अड्डे बनाने का काम भी शुरू हो चुका है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने गत सप्ताह लोक सभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि बीते 65 वर्षों में उत्तर प्रदेश को तीन हवाई अड्डे मिले हैं और 2025-26 तक इनकी तादाद बढ़ाकर 18 होने की उम्मीद है। इनमें मेरठ में एक हवाई अड्डा भी प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं। नवंबर में राज्य ने स्वीकार किया था कि अक्टूबर 2019 से दिसंबर 2022 के बीच प्रदेश में करीब 9,345 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया यानी देश में आए कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का करीब 0.7 फीसदी। सरकार ने माना कि यह निवेश कम था और इसके साथ ही उसने ऐसी नीति घोषित की जिसमें विदेशी निवेशकों को जमीन अधिग्रहण, स्टांप शुल्क और पूंजी निवेश को लेकर रियायतें शामिल थीं। सरकार ने मतदाताओं के अनुकूल अन्य कई कदम उठाए हैं। सरकार अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 तक दो तिमाहियों के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क घरेलू गैस सिलिंडर मुहैया कराएगी। इससे करीब 1.75 करोड़ परिवार लाभान्वित होंगे और राज्य सरकार पर 2,312 करोड़ रुपये का बोझ आएगा। लाभार्थियों को बाजार दर पर सिलिंडर खरीदना होगा और बाद में तेल कंपनी आधार प्रमाणित बैंक खाते में सब्सिडी की राशि वापस करेंगी। दिल्ली में एक बातचीत में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि वह मौजूदा राजनीतिक चुनौती से आमने-सामने की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उनका नारा है: 80 हराओ, भाजपा हटाओ। परंतु शायद यह उतना भी आसान न हो। नवंबर में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य इकाई के शीर्ष नेताओं की बैठक बुलाई। इनमें दो उप मुख्यमंत्री भी शामिल थे। बैठक में यह चर्चा की गई कि सांसदों आदि जन प्रतिनिधियों के काम पर लोगों की राय कैसे हासिल की जाए? उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले एक भाजपा महासचिव ने कहा, 'एक बार लोगों की राय मिल जाने के बाद राज्य के 30 फीसदी मौजूदा सांसदों को बदला जा सकता है। यह प्रतिपुष्टि मिलनी शीघ्र शुरू हो सकती है।' 2019 में पार्टी को प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 15 में हार का सामना करना पड़ा था। उस चुनाव में सपा और बसपा एक साथ लड़े थे। कांग्रेस ने रायबरेली सीट पर जीत हासिल की थी।

सेहत मंत्र

दिल्ली में प्रदूषित हवा बन रही है सूखी खांसी और अस्थमा की वजह, बरतें ये सावधानियां

दिल्ली समेत कई महानगरों में लोग सूखी खांसी से परेशान है। यह खांसी का वह प्रकार होता है जिसमें खांसते वक्त व्यक्ति की आंते तक हिल जाती हैं। इसमें न सिर्फ पांव से लेकर सिर तक जोर लगाना पड़ता है बल्कि कई बार खांसते वक्त मुंह से खून भी आ जाता है। डॉक्टर्स और एक्सपर्ट का कहना है कि सिर्फ अस्थमा या अधिक धूम्रपान करने वालों को ही नहीं बल्कि ये खांसी आम लोगों को भी हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण प्रदूषित हवा है। प्रदूषित हवा के चलते गंदे बैक्टिरिया और धूल मिट्टी के कण सांस लेते वक्त मुंह में चले जाते हैं और फिर फ़ेफड़ों में जम जाते हैं। जिसके चलते सूखी खांसी होती है। हार्ट केयर फाउंडेशन (एचसीएफआई) के अध्यक्ष डॉ. के.के. अग्रवाल का कहना है कि सर्दी के महीनों में एलर्जी जनित खांसी अधिक होती है, जब तापमान में गिरावट के कारण प्रदूषक और एलर्जी कारक तत्व वायुमंडल से हट नहीं पाते हैं, जिससे अस्थमा, एलर्जी राइनाइटिस और अन्य एलर्जी विकार बढ़ जाते हैं। तापमान और ठंड में अचानक परिवर्तन के चलते, शुष्क हवा भी वायुमार्ग को संकुचित करती है, जिससे कष्टप्रद खांसी शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसे शहरों में आबादी का अधिकांश हिस्सा ओजोन और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी प्रदूषक गैसों के कारण एलर्जी जनित खांसी से परेशान होता रहता है। अन्य कारकों में सड़क और निर्माण स्थलों से उठने वाली धूल, पराग कण, धुआं, नमी, और तापमान में अचानक परिवर्तन शामिल हैं। गले में जलन और खुजली हफ्तों से महीनों तक बनी रह सकती है और यह तीव्रता में भिन्न हो सकती है। डॉ. के.के. अग्रवाल ने कहा कि मौसमी एलर्जी के कुछ अन्य लक्षणों में नाक बहना, छींकना, आंखों में पानी और खुजली तथा आंखों के नीचे काले घेरे शामिल हैं। ये काले घेरे या एलर्जिक शाइनर्स नाक की गुहाओं में सूजे हुए ऊतकों और आंखों के नीचे रक्त के जमाव के कारण होते हैं। एलर्जी जनित खांसी आमतौर पर रात में तीव्र हो जाती है।

धर्म मंत्र

प्रेम और समृद्धि के लिए शुक्रवार को करें देवी लक्ष्मी की पूजा

शुक्रवार के दिन यह उपाय करने से आप कई खुशियां पा सकते है। शुक्र ग्रहों में सबसे चमकीला है और प्रेम का प्रतीक है। इस ग्रह के पीड़ित होने पर आपको ग्रह शांति हेतु सफ़ेद रंग का घोड़ा दान देना चाहिए। रंगीन वस्त्र, रेशमी कपड़े, घी, सुगंध, चीनी, खाद्य तेल, चंदन, कपूर का दान शुक्र ग्रह की विपरीत दशा में सुधार लाता है। शुक्र से सम्बन्धित रत्न का दान भी लाभप्रद होता है। इन वस्तुओं का दान शुक्रवार के दिन संध्या काल में किसी युवती को देना उत्तम रहता है। शुक्र ग्रह से सम्बन्धित क्षेत्र में आपको परेशानी आ रही है तो इसके लिए आप शुक्रवार के दिन व्रत रखें। करें ये विशेष उपाय- इस दिन मिठाईयां एवं खीर कौओं और गरीबों को दें। ब्राह्मणों एवं गरीबों को घी भात खिलाएं। अपने भोजन में से एक हिस्सा निकालकर गाय को खिलाएं। शुक्र से सम्बन्धित वस्तुओं जैसे सुगंध, घी और सुगंधित तेल का प्रयोग नहीं करना चाहिए। वस्त्रों के चुनाव में अधिक विचार नहीं करें। शुक्रवार के दिन सफ़ेद गाय को आटा खिलाना चाहिए। काली चींटियों को चीनी खिलानी चाहिए। किसी काने व्यक्ति को सफ़ेद वस्त्र एवं सफ़ेद मिष्ठान्न का दान करना चाहिए। किसी महत्त्वपूर्ण कार्य के लिए जाते समय 10 वर्ष से कम आयु की कन्या का चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लेना चाहिए। अपने घर में सफ़ेद पत्थर लगवाना चाहिए। किसी कन्या के विवाह में कन्यादान का अवसर मिले तो अवश्य स्वीकारना चाहिए। शुक्रवार के दिन गौ-दुग्ध से स्नान करना चाहिए।

पर्यटन

नेचुरल ब्यूटी से घिरे ढाका में है मिला जुला इस्लामिक और बंगाली कल्चर

भारत के पड़ोसी देश के बारे में तो आपने सुना ही होगा... एक बड़ा ही खूबसूरत देश है... हम बात कर रहे हैं खूबसूरत बांग्लादेश की। बांग्लादेश की राजधानी ढाका घूमने के लिए बहुत ही अच्छी जगह है। यहां से भारत का कोई सरहदी दुश्मनी का नाता नहीं है न ही गोली लगने का डर, तो आप जा सकते हैं ढाका घूमने के लिए। यहां पर एक्सप्लोर के लिए बहुत कुछ है। नेचुरल ब्यूटी से घिरे ढाका में मिला-जुला इस्लामिक और बंगाली कल्चर आपको देखने को मिलेगा। औद्योगिक और प्रशासनिक केन्द्र- ढाका बांग्लादेश की राजधानी होने के अलावा बांग्लादेश का औद्योगिक और प्रशासनिक केन्द्र भी है। लेकिन ये शहर बूढ़ी गंगा नदी के तट बसा है इसलिए ये काफी खूबसूरत भी है। ढाका को राजनीतिक गतिविधियों का गढ़ माना जाता है लेकिन यहां की खूबसूरती पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है। ढाका का इतिहास- मुगल शासन काल में ढाका को जहांगीर नगर के नाम से जाना जाता था। उस समय यह बंगाल प्रांत की राजधानी था। वर्तमान ढाका का निर्माण 19वीं शताब्दी में अंग्रेजों के अधीन हुआ। जल्द ही कलकत्ता के बाद ढाका बंगाल का दूसरा सबसे बड़ा नगर बन गया। बंटवारे के बाद ढाका पूर्वी पाकिस्ताान की राजधानी बना। 1972 में यह बंगलादेश की राजधानी बना। यहां पुरानी और नई सभ्यताओं के कई नमूने देखने को मिलते हैं। पर्यटक ढाका क्यों आते हैं? यहां राष्ट्रीय स्मारक देखने के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं। यह स्मारक ढाका से थोड़ा ही दूर लगभग 35 किलोमीटर दूर साभर में स्थित है। इस स्मारक का डिजाइन मोइनुल हुसैन ने तैयार किया था। यह स्मारक उन लाखों सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने बंगलादेश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। ढाका में बना लालबाग किला काफी विशाल है। इस किले का निर्माण बादशाह औरंगजेब के पुत्र शाहजादा मुहम्मद आजम ने करवाया था। यह किला भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) का मूक गवाह है। 1857 में जब स्थानीय जनता ने ब्रिटिश सैनिकों के विरुद्ध विद्रोह किया था तब 260 ब्रिटिश सैनिकों ने यहीं शरण ली थी।

अस्पताल में जुट रही मरीजों की भीड़, कोरोना का खतरा बढ़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कोरोना का खतरा बढ़ने लगा है। गौतमबुद्धनगर और गोरखपुर में कोरोना के मरीज मिले हैं। जिला अस्पताल में मंगलवार को मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। जांच कराने में लोगों को पसीना छूट रहा है। जिस तरह से अस्पताल में भीड़ जुट रही है इससे कोरोना के फैलने की आशंका बढ़ गई है। लेकिन अस्पताल में कोविड नियमों का पालन होता नहीं दिख रहा। न तो दो गज की दूरी अपनाई जा रही है और न ही चेहरे पर मास्क लगाया जा रहा है।जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ रोजाना बढ़ती जा रही है। मंगलवार को ओपीडी में करीब 1,395 मरीज देखे गए। इनमें से सबसे ज्यादा 490 मरीज सर्दी, जुकाम और बुखार के रहे। उधर, गोरखपुर में कोरोना के मरीज मिलने के बाद खतरा और ज्यादा बढ़ गया है। क्योंकि, यहां के ज्यादातर लोगों को

प्रतिदिन गोरखपुर आना-जाना रहता है। जिला अस्पताल में पहले की अपेक्षा ज्यादा भीड़ बढ़ने लगी है। जांच कराने के लिए पैथोलॉजी में भी ज्यादा संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। लेकिन कहीं पर भी कोविड नियमों का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। जिससे कोराना का खतरा और ज्यादा बढ़ता जा रहा है। सीएमएस डॉ. ब्रजेश कुमार का कहना है कि अस्पताल में सबसे ज्यादा मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार के आ रहे हैं। ज्यादातर लोगों की जांच कराई जा रही है। अभी कोरोना का एक भी केस नहीं मिला है।

पर्चा बनवाने में बाधा बना नेटवर्क

अस्पताल में नेटवर्क की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। जिसके कारण मरीजों को पर्चा बनवाने में आए दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मंगलवार को भी यही स्थिति बनी रही। रामकुमार ने बताया कि सुबह नौ बजे से वे लाइन में लगे हैं और 11 बजे जाकर पर्चा बन सका। इसी प्रकार महेश का भी दो घंटे बाद पर्चा बन सका। लोगों ने बताया कि पर्चा बनवाने से लेकर दवाई लेने में ही पूरा दिन निकाल गया।

कोरोना को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस संबंध में सभी सीएचसी अधीक्षकों को निर्देश जारी किए गए हैं। यदि कोई संदिग्ध मिलता है तो इसकी सूचना तत्काल कार्यालय को देने के साथ ही आरटीपीसीआर जांच कराने के आदेश दिए गए हैं। बाहर से आने वालों पर भी नजर रखने को कहा गया है।

–डॉ.अवधेश कुमार यादव, सीएमओ

कोहरे ने थामी रफ़्तार, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा, एक की हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। घने कोहरे के चलते एक के बाद एक वाहन के पीछे से टकरा जाने से जहां एक पिकअप चालक की घटना स्थल पर घंटो तड़पने के बाद मौत हो गई वहीं चावल लादकर बिहार से दिल्ली जा रहा ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए पलट गया।जानकारी के अनुसार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 39.5किमी पर बम्हरौली गांव के निकट बुधवार की सुबह हुए हादसे में चावल लादकर बिहार से दिल्ली जा रहा तेज रफ्तार ट्रक जब दुर्घटना स्थल पर पहुंचा तो हाईवे पर पहले से दुर्घटनाग्रस्त होकर खड़ी ट्रक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए एक्सप्रेसवे के नीचे पलट गया।

जानकारी के अनुसार ब्रम्हरौली गांव के निकट पढ़ने वाले दुर्घटना स्थल पर भीषण कोहरे के चलते इसी दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के पीछे एक के बाद एक कई वाहन पीछे से आकर लड़ते चले गए। इसी ट्रक में पीछे से लड़ी पिकअप के

चालक ध्रुव राज यादव 38वर्ष पुत्र अंगद यादव निवासी तेरहू का पुरवा मजरे सथरी फैजाबाद की मृत्यु हो गई।

दुर्घटना के बाद सूचना पाकर पिकअप मलिक व परिजन सी एच सी हैदरगढ़ पहुंचे पिकअप मलिक सद्दाम हुसैन निवासी थाना कोतवाली नगर के पिता फैयाज हुसैन ने बताया कि पिकअप ड्राइवर एक लाख दस हजार रुपए लेकर कानपुर केमिकल लेने जा रहा था।

बताते हैं कि हादसे का प्रमुख कारण कई दिनों से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक एक्सप्रेसवे पर ही खड़ा था जिसके चलते सबसे पहले चावल लगा ट्रक टक्कर से बचने के चलते पलट गया वहीं तेज रफ्तार व कोहरे की वजह से पीछे से लड़ी पिकअप के चालक की मौत हो गई।

तराई क्षेत्र मे आतंक का पर्याय बना सियार, दो मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। थाना क्षेत्र में सियार के हमले से महिला समेत 2 की इलाज के दौरान मौत हो गयी। विकासखंड सूरतगंज क्षेत्र में दहशत का पर्याय बन सियार एक माह के भीतर करीब आधा दर्जन लोगो पर हमला बोलकर घायल कर चुका जिनका इलाज चल रहा। सियार के हमले से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। लेकिन वन विभाग चुप्पी साधे बैठा है।

ज्ञात हो कि बीते 19 नवंबर को पिपरी ग्राम निवासिनी रूपरानी पत्नी रूपचंद व इसी गाँव के रहने वाले निसार खान का 12 वर्षीय पुत्र अनस गाँव के निकट एक खेत में था। सियार ने अचानक हमला बोल कर दोनों को घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर घायलों को बचाने दौड़े ग्राम टिहुर्की निवासी राजाराम पुत्र सुकई को भी सियार ने हमला करके घायल कर दिया।चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गयी तब तक सियार वहाँ से भाग निकला। सियार के हमले से घायल महिला को सूरतगंज व अन्य दोनों घायलों को रामनगर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भिजवाया गया था। जहां पर तीनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीते 9 दिसंबर को इलाज के दौरान 50 वर्षीय रूप रानी की मौत हो गई।

बुधवार को 50 वर्षीय राजाराम ने भी दम तोड़ दिया। अनश की हालत में सुधार बताया जा रहा है। आतंक का पर्याय बना सियार गररी, टिहुर्की, मल्लापुर पिपरी समेत कई गाँव के लोगो पर। करीब आधा दर्जन लोगो पर हमला करके घायल कर चुका है। लगातार सियार का कहर जारी है। जिससे ग्रामीण सहमे हैं। इस संबंध में फतेहपुर वन रेंजर दरोगा मोहित श्रीवास्तव ने बताया ऐसी कोई जानकारी हमारे संज्ञान में नहीं है।

आपसी प्रेम को एक सूत्र में पिरोते है ग्रामीण अंचलों के मेले: अरुण शुक्ला

भाजपा नेता ने किया पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत का जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

त्रिवेदीगंज बाराबंकी : ग्रामीण अंचलों में होने वा आमेला आयोजनों से आपसी शैहार्द और प्रेम की भावना उत्पन्न होती है एकता और अखंडता को प्रमाणित करते ग्रामीण अंचलों के मेले प्रेम के सूत्रधार को मजबूत करने का काम करते है उक्त बात युवा भाजपा नेता अरुण शुक्ला ने विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम सभा शिव नाम मे आयोजित वार्षिक मेला

शिवनाम में आयोजित मेले में लगा दिग्गजो का जमावड़ा

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही इस दौरान उन्होंने मेला मच पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सास्कृतिक आयोजनों के महत्व को समझाया ।

ग्राम शिव नाम मे आयोजित मेले में सास्कृतिक कार्यक्रम , रामलीला आदि का मंचन किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुची पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत का भाजपा नेता अरुण शुक्ला व अम्बर शरण जायसवाल द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

इस दोरान प्रियंका सिंह रावत ने श्री शुक्ला व मेला कमेटी को धन्यवाद ज्ञापित किया इस दौरान मुख्य रूप से विवेक वर्मा , उत्तम वर्मा , गुड्डू रावत , तेज बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे । मेले में भारी भीड़ को देखते हुए थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी के निर्देश पर पर्याप्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गई ।

सोने चांदी के जेवर व नगदी समेत 08 लाख रुपये कीमत का सामान समेट ले गए घर मे घुसे अज्ञात चोर

बाराबंकी। मंगलवार देर रात बेख़ौफ़ चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए कमरे में रखे बक्सों के ताले तोड़कर नकदी, सोने चांदी के ज़ेवर, बर्तन व कपड़े सहित लगभग 8 लाख रुपये कीमत के समान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित मकान मालिक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।फ़तेहपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा फतेहपुर खेरिया वार्ड 5 के रहने वाले अरविंद कुमार पुत्र हरिश्चन्द्र अपने तीन भाइयो के संयुक्त परिवार के साथ रहते है। बीती रात कुछ बेख़ौफ़ चोर मकान के पीछे से बांस के सहारे छत पर चढ़ कर घर मे दाखिल हो गए। चोर कमरे में रखे बक्सों के ताले तोड़ कर तीनों भाइयों की पत्नियों के ज़ेवर, साड़ी, बर्तन व 30 हज़ार नगदी समेट कर फ़रार हो गए। छत पर लेटे भाई देवेंद्र जब लघु शंका के लिए उठे तो नीचे तितर बितर सामान देखकर शोर मचाया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उक्त चोरी से वार्डवासियों में भय व्याप्त है।

नगर पंचायत देवा में निकला भ्रष्टाचार का जिन्न , जांच करने पहुँचे एडीएम , हड़कम्प

देवा, बाराबंकी : आदर्श नगर पंचायत देवा में सोलर प्लांट, रैन बसेरा के निर्माण में भ्रष्टाचार की लोकायुक्त से शिकायत के बाद लोकायुक्त के आदेश पर बुधवार को एडीएम न्यायिक के नेतृत्व में कई बिभागों के अधिकारियो की टीम ने नगर पंचायत देवा पहुंचकर अभिलेखों की जांच करने के साथ स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का मूल्यांकन किया नगर पंचायत देवा में पूर्व चेयरमैन साहबे आलम वारसी व तत्कालीन ईओ जियाउल हक के कार्यकाल में करीब तीन करोड़ रूपये की लागत से सोलर प्लांट, आदर्श नगर योजना की धनराशि से रैन बसेरा आदि का निर्माण कराया गया था इन कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत लोकायुक्त के यहां हुई थी बुधवार को एडीएम न्यायिक इंद्रसेन, तहसीलदार नबाबगंज योगेंद्र कुमार सिंह, बिजली बिभाग के उपखण्ड अधिकारी देवा रमाशंकर पाल के साथ पीडब्लूडी व नेडा के अधिकारियो की टीम देवा नगर पंचायत कार्यालय पहुंची टीम ने यहां निर्माण कार्यों के अभिलेखों की जांच पड़ताल की इसके बाद नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ कार्यालय की छत पर लगे सोलर प्लांट का निरीक्षण किया टीम ने निर्माण कार्यों में खर्च की गई धनराशि का मूल्यांकन किया इस दौरान नगर पंचायत कार्यालय में हड़कंप की स्थित बनी रही मालूम हो कि इससे पूर्व में लोकायुक्त की टीम द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में आकर जांच कर चुकी है ।

पीएम मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर बन रहा है भारत: एके शर्मा

विकसित भारत यात्रा में शामिल हुए नगर विकास मंत्री, चार को दिया गैस सिलेंडर और चूल्हा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को यहां कहा कि मोदी अखण्ड भारत की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बन रहा है। मोदी ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने की शुरूआत कर दी है और इसके लिए गरीबों, वंचितों, समाज के सबसे पिछड़े व हासिये पर रहने वाले लोगों को सुविधा सम्पन्न बनाने की शुरूआत की गयी है।

नगर विकास मंत्री बुधवार को हथौन्धा ग्राम पंचायत के राम लीला मैदान शुक्लनपुरवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मौके पर उज्जवला योजना के तहत 4 लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर और चूल्हा दिया। साथ ही जय श्री, काजल,सविता की गोद भराई की। एके

शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को बताया गया है कि उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रदान किया जा रहा है।

मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए ही उनकी प्रेरणा से देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत 15 नवम्बर, 2023 से की गयी और यह 26 जनवरी, 2024 तक देश के कोने-कोने में करोड़ों लोगों तक पहुंचेगी।

इस मौके पर राज्य मंत्री सतीश शर्मा ,बाबा परमेंद्र सिंह,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आकाश सिंह,नीरज सिंह,ओम प्रकाश तिवारी सहित तमाम आलाधिकारी मौजूद रहे।

संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को सौंपे गए प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा, बाराबंकी : विकास खण्ड देवा के ग्राम केसरुआ में बुधवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में संकल्प यात्रा की नोडल डा. वसुंधरा उपमन्यु शामिल हुई उन्होंने लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र प्रदान किया और इसके साथ ही लोगों को विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिये शपथ ग्रहण कराया द्य

संकल्प यात्रा के दौरान मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुये उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मकसद शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों के घर पर तक पंहुचाना है इसके लिए सभी विभाग के अधिकारी गांवों में जाकर पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ दे रहे हैं यात्रा की संयोजक राम कुमारी मौर्या ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। इसके लिए योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचाना है इसके बाद नोडल ने पात्रों को आवास, पेंशन और अन्य योजनाओं के स्वीकृत पत्र प्रदान किये यात्रा में विभिन्न विभागों के स्टालों पर लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया गया इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह, खण्ड विकास अधिकारी देवा देवेंद्र प्रताप सिंह,परशुराम रावत, एडीओ मोहम्मद सलीम, सचिव यशवंत सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शैल हस्तकला विकास समिति ने एक दिवसीय कार्यक्रम जीवन संध्या का किया आयोजन

बाराबंकी। बुधवार को मलिक मैरिज हॉल में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जीवन संध्या एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का आयोजक शैल हस्तकला विकास समिति सरावगी की प्रबंधक ईरा शुक्ला,चारूलता त्रिपाठी सोशल एक्टिविस्ट, कवियत्री किरन भारद्वाज ने कराया।अपनी पुरानी संस्कृति धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है।जिसको लेकर सरकार विभिन्न जनपदों में कई कार्यक्रमों का आयोजन करा रही है।जिससे लोग अपनी संस्कृति को लेकर जागरूक हो सके। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई उपस्थित रहे। शैल हस्तकला विकास समिति सरावगी की प्रबंधक ईरा शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया की आज के युवा अपनी पुरानी संस्कृति भूलते जा रहे हैं जिसको लेकर हम सबको जागरूक होना पड़ेगा।देश में लुप्त हो रही संस्कृति को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम जीवन संध्या का आयोजन किया गया जिससे लोग अपनी संस्कृति को लेकर जागरूक हो सके।कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति की प्रबंधक ईरा शुक्ला,सोशल एक्टिविस्ट चारुलाता त्रिपाठी व रीता त्रिपाठी, कवियत्री किरन भारद्वाज,एडवोकेट कौशल किशोर त्रिपाठी,जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा रामेश्वरी त्रिवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में जनपद के पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने वाले पत्रकार सगीर अमान उल्लाह,अरशद जमाल रवींद्र कुमार, ऋषभ सैनी, सद्दाम राइन आदि को संस्था ने सम्मानित किया गया।

सफर करते समय यातायात नियमो का पालन करना जरूरी : हर्षित चौहान

रामनगर पुलिस द्वारा छात्र/छात्राओं के साथ यातायात जागरुकता रैली निकालकर सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरुक किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर- बाराबंकी पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद बाराबंकी में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे ल्लसड़क सुरक्षा पखवाड़ाङ्क कार्यक्रम के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी रामनगर हर्षित चौहान व प्रभारी निरीक्षक रामनगर रत्नेश कुमार पाण्डेय द्वारा कस्बा रामनगर में पुलिस टीम व रामनगर पीजी कॉलेज,यूनियन इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ कमलेश सिंह एवं छात्र/छात्राओं के साथ यातायात जागरुकता रैली निकाली गई। जागरुकता रैली के माध्यम से आमजन मानस को यातायात के नियमों/संकेतों के बारे मे

जानकारी दी गयी एवं यातायात नियमों के पालन हेतु शपथ ली गयी। जागरुकता रैली के माध्यम से शीत ऋतु में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों/घायलों की संख्या में कमी लाये जाने के उद्देश्य से 5ई (एजुकेशन, इनफोर्समेन्ट, इन्जीनियरिंग, इमरजेन्सी केयर और इनवायरमेंट) पर फोकस कर आम जनमानस में यातायात/सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जैसे सीट बेल्ट/हेलमेट पहनना, ओवर स्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन/ईयर फोन का प्रयोग न करना, नशे/नींद की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट भेंटकर भविष्य में सदैव हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए जागरुक किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामकुमार सिंह के निर्देशन में रामनगर पीजी कॉलेज के छात्राओं ने मुख्य गेट पर रामनगर बदोसराय मार्ग पर आने जाने वाले वाहन चालकों को यातायात के विषय में जानकारी देते हुए गुलाब का फूल भेंट किया। भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ कृष्ण प्रताप सिंह व ओम कुमार वर्मा लिपिक अवधेश सिंह महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विवादो मे घिरे चौकी इंचार्ज सिद्धौर किये गए लाइन हाजिर

बाराबंकी। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार को असंद्रा थाने की सिद्धौर पुलिस चौकी के इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करते हुए हटा दिया।

ज्ञात हो की इस चौकी पर जो भी इंचार्ज तैनाती पाता है उसका विवादो से गहरा रिश्ता हो जाता है। इनसे पहले यहां तैनात रहे छट्टू चौधरी,कन्हैया पांडेय भी कुछ ही समय मे विवादो मे घिर गए थे और उन्हे वहां से एसपी के द्वारा लाइन हाजिर किया गया था। चौकी इंचार्ज रहे विपिन प्रकाश सिंह बीते कुछ दिनो मे क्षेत्र मे किरकिरी किये हुए थे। जिसकी जानकारी जिला मुख्यालय तक पहुंची तो एसपी दिनेश कुमार सिंह ने तत्काल ही चौकी इंचार्ज की जांच विभाग के राज पत्रित अधिकारी से करवाई जांच मे दोष सिद्ध होने पर चौकी इंचार्ज विपिन प्रकाश सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करने का आदेश एसपी ने दे दिया।

संतों ने लिखा पीएम मोदी को पत्र, प्राण प्रतिष्ठा के दिन हो सार्वजनिक अवकाश

वाराणसी। रामनगरी अयोध्या में जन्म स्थान पर श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां पूरे देश में चल रही हैं। इसको लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। ऐसे में काशी के संतों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया है।अखिल भारतीय सन्त समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजे गए पत्र में लिखा है कि 500 वर्षों के संघर्षों के समापन तथा भारत राष्ट्र के परम वैभव के प्रारम्भ काल के ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने के लिए लोगों का सपरिवार घर और मन्दिरों में होना आवश्यक है। संविधान के मूल अधिकार में धर्म-स्वतन्त्रता का अधिकार भी है। अगर पूरे देश में राष्ट्रीय अवकाश नहीं होगा तो बहुत सारे लोग इस क्षण से वंचित रह जाएंगे। पति ऑफिस में, पत्नी घर पर और बच्चे स्कूल में रहेंगे तो सबका मन दर्शन से अधूरा रह जाएगा। इस दिन जब आप (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे।

वर्ष 2023 में प्रत्येक प्रमुख पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बने नीरज चोपड़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। नीरज चोपड़ा ने 2023 में खेल में एक विशेष पूर्ण चक्र पूरा किया, और प्रत्येक प्रमुख पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बन गए।

उन्होंने अपना और भारत का पहला विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप स्वर्ण और अपना दूसरा एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता। ट्रैक के बाहर, नीरज ने हमें दिखाया कि वह सिर्फ एक चैंपियन एथलीट ही नहीं बल्कि एक चैंपियन इंसान भी है। भारत के विरोध करने वाले पहलवानों का समर्थन करने से लेकर अपनी प्रतिस्पर्धा के बीच में हमवतन किशोर जेना के लिए खड़े होने तक, उन्होंने महानता का एक और स्तर दिखाया। ओलंपिक चैंपियन कमर की चोट से उबरकर वापस आए, भारत के पहले ट्रैक और फील्ड विश्व चैंपियन बने और अपने एशियाई खेलों के खिताब का सफलतापूर्वक बचाव भी किया। इस दौरान, उन्होंने फाइनल में दूसरे स्थान पर

रहने से पहले दो डायमंड लीग प्रतियोगिताएं जीतीं और अपने करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ थ्रो परफ़ेक्ट 88.88 मीटर भी दर्ज किया। 2023 में उन्होंने जिन छह स्पर्धाओं में भाग लिया, उनमें से चार में वह पोडियम पर शीर्ष पर रहे।पूरे वर्ष भारतीय एथलीटों का समर्थन करते रहे नीरज चोपड़ा इस वर्ष नीरज हर जगह थे। जब किशोर को वर्ल्ड्स में प्रतिस्पर्धा करने के लिए समय पर वीज़ा नहीं मिल सका, तो नीरज ने इस मुद्दे को सत्ता तक पहुंचाने के लिए हस्तक्षेप किया। जब भारत के शीर्ष पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख के विरोध में बैठे, तो नीरज ने सोशल मीडिया पर उन्हें अपना समर्थन दिया। एशियाई खेल गांव में नीरज लगातार मौजूद रहे और उन्होंने सभी को प्रेरित करने का प्रयास किया - चाहे वह शॉट-पुट में कांस्य पदक जीतने से पहले किरण बलियान के साथ एक संक्षिप्त बातचीत हो या जब किशोर ने पुरुषों की 4ब400 मीटर रिले टीम फिनिश लाइन पर एक नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ हासिल किया तो उसे थपथपाना हो या उसके साथ जश्न मनाने के लिए दौड़ना हो।

बहुत से लोग अपने प्रतिस्पर्धियों को सहज महसूस कराने के लिए उस हद तक नहीं जाते, जो नीरज करते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं, लेकिन नीरज ने इसे कभी भी खेल में नहीं आने दिया। 2018 एशियाई खेलों में, उनकी और पाकिस्तान के अरशद नदीम की सौहार्दपूर्ण क्षण वाली एक तस्वीर वायरल हो गई; और जब नदीम पर टोक्यो ओलंपिक में बिना अनुमति के नीरज के भाले का उपयोग करने का आरोप लगाया गया, तो नीरज ने उस मुद्दे को दूर करने के लिए कदम उठाया। 2023 में, नीरज ने विश्व चैंपियनशिप जीती और नदीम दूसरे स्थान पर रहे। नीरज को भारत का झंडा दिया गया, लेकिन नदीम को झंडा सौंपने के लिए पाकिस्तानी दल की ओर से कोई नहीं था। चमकते कैमरों के लिए पोज़ देते समय, नीरज ने यह देखा और नदीम को भारत के झंडे के नीचे शामिल होने का इशारा किया। यह एक सरल, छोटा सा इशारा था जिस पर किसी का ध्यान नहीं जा सकता था। लेकिन ये छोटी-छोटी हरकतें ही हैं जो नीरज को अलग बनाती हैं।

आईएसएल : घरेलू मैदान पर इन-फॉर्म केरला ब्लास्टर्स से भिड़ने को तैयार मोहन बागान

एजेंसी

कोलकाता। मोहन बागान सुपर जायंट बुधवार रात यहां अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में इन-फॉर्म केरला ब्लास्टर्स एफसी से भिड़ने के लिए तैयार है। मैरिनर्स नौ मैचों के बाद मुसीबत भरे हालात में फंसे हुए हैं, क्योंकि उन्हें पिछले दो मैचों में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों के हाथों हार मिली। जीत की पटरी से उतरने का यह सिलसिला मुम्बई में मोहन बागान के हाथों 2-1 की उनकी करारी हार के साथ शुरू हुआ, और फिर एफसी गोवा ने मजबूत प्रदर्शन करके मैरिनर्स को उनके ही घर में 4-1 से मात दी। जुआन फ़ेरान्डो को तमाम समस्याओं के जवाब ढूंढने के लिए ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाने की आवश्यकता होगी क्योंकि लगातार चोटों और प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण उनके पास एक कम क्षमतावान टीम रह गई है। दूसरी ओर, केरला ब्लास्टर्स एफसी एक ऐसी इकाई है जो इस सीजन में फॉर्म दिखा रही है और मैरिनर्स की लड़खड़ाहट के रूप में इस अवसर को लेकर उत्सुक नजर आ रही है। हेड कोच इवान वुकोमानोविक की देखरेख में खेलने वाली टीम ने कप्तान एड्रियन लुना की चोट की चिंताओं को दूर कर दिया है, क्योंकि अन्य वरिष्ठ और अनुभवी स्टार खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी संभाली है और लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। ब्लास्टर्स ने पिछले मैच में मुम्बई सिटी एफसी को 2-0 के अंतर से हराया था, लेकिन क्या वे आगामी मुकाबले में भी उस तरह का दमदार प्रदर्शन को दोहरा पाएंगे? मोहन बागान सुपर जायंट के स्पेनिश हेड कोच जुआन फ़ेरांडो ने कहा, ह्लहम उसी स्थिति के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आशीष और युस्टे अब खेल सकते हैं। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण टीम है। हम अगले मैच के लिए तैयार हैं। हम सर्वश्रेष्ठ लाइन-अप, कौन फिट है, और तीन अंक जीतने के बारे में सोच रहे हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी के सर्बियाई हेड कोच इवान वुकोमानोविक ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ह्लहमारे पास खिलाड़ियों का एक शानदार समूह है। हम एक-दूसरे के लिए लड़ते हुए एक साथ जुड़े हुए हैं और यही हमारी टीम भावना है। शीर्ष पर रहना अच्छा है, हालांकि हमने एफसी गोवा की तुलना में अधिक मैच खेले हैं, जो जीत में निरंतरता दिखा रही है और रक्षण में सुदृढ़ हैं, मैं यही कहूंगा।

आईसीसी टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे फिल साल्ट, सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी

दुबई। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद करियर के उच्चतम रेटिंग अंक (802) के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, त्रिनिदाद में साल्ट के 119 और 38 के स्कोर ने उन्हें 18 स्थान ऊपर पहुँचाया, उनके करियर की सर्वोच्च रेटिंग 802 है, जो तीसरे (787) स्थान पर मौजूद पाकिस्तान के मोहम्मद रिज़वान से 15 रेटिंग अंक आगे है। साल्ट की छलांग के बावजूद,सूर्यकुमार यादव 887 अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। साल्ट की टीम के साथी लियाम लिविंगस्टोन भी बल्लेबाजी रैंकिंग में ऊपर चढ़े हैं। लिविंगस्टोन समान मैचों में नाबाद 54 और 28 रनों की पारी के बाद 27 स्थान ऊपर चढ़कर 38वें स्थान पर

पहुंच गए। इस प्रदर्शन की बदौलत लिविंगस्टोन को ऑलराउंडर श्रेणी में भी मदद मिली है और वह चार पायदान ऊपर आठवें (175) पर पहुंच गए हैं। हमवतन मोईन अली और पाकिस्तान के शादाब खान संयुक्त रुप से नौवें स्थान (173) पर हैं। वेस्टइंडीज ने आखिरी मैच जीतकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-2 से जीत हासिल कर ली। उनकी जीत का श्रेय मुख्य रूप से शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन को दिया गया, जिसने इंग्लैंड को 132 रनों के मामूली स्कोर पर रोक दिया। इसके बाद वेस्टइंडीज ने अंतिम ओवर में छह विकेट शेष रहते लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा कर लिया। बाएं हाथ के स्पिनर अकील होसेन, जिन्होंने जीत में चार ओवरों में 20 रन देकर 2 विकेट लिया, श्रीलंकाई जोड़ी वानिंदु हसरंगा और महीश थीक्षाना (क्रमशः 679 और 677) को पछाड़कर दो स्थान ऊपर चौथे (683) पर पहुंच गए। इंग्लैंड की ओर से रीस टॉपले पूरे सप्ताह के दो मैचों में पांच विकेट की बदौलत 13 स्थान की छलांग के साथ शीर्ष 10 गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं। न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच एकदिवसीय श्रृंखला के साथ-साथ भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के परिणामस्वरूप कई छोटे समायोजन हुए हैं। एकदिनी रैंकिंग में शोरफुल इस्लाम गेंद के साथ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद 24 स्थान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि भारत के युवा बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह 41 स्थान ऊपर चढ़ गए हैं, हालांकि वह अभी भी शीर्ष 100 से बाहर हैं।

आईओए ने भूपिंदर सिंह बाजवा को डब्ल्यूएफआई तदर्थ समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के रोजमर्रा के मामलों को चलाने के लिए बुधवार को तत्काल प्रभाव से नव निर्मित तदर्थ समिति के अध्यक्ष के रूप में भूपिंदर सिंह बाजवा के नियुक्ति की घोषणा की। आईओए ने इस संबंध में एक पत्र जारी किया है। यह केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा पूरे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की संचालन परिषद को निलंबित करने के बाद आया है। इससे पहले रविवार को केंद्रीय खेल मंत्रालय ने आईओए को डब्ल्यूएफआई के मामलों के प्रबंधन और नियंत्रण के लिए एक तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया था। आईओए के एक आधिकारिक पत्र में कहा गया, ''भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव 21 दिसंबर 2023 को हुए, जिसमें भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफटी) की कार्यकारी समिति के अन्य पदाधिकारियों के बीच संजय कुमार सिंह को अध्यक्ष और प्रेम चंद लोचब को महासचिव चुना गया।

पत्र में आगे कहा गया, ''भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को हाल ही में पता चला है कि डब्ल्यूएफआई के हाल ही में नियुक्त अध्यक्ष और अधिकारियों ने अपने स्वयं के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए और आईओसी द्वारा समर्थित सुशासन के सिद्धांतों के खिलाफ मनमाने फैसले लिए हैं और उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना ही आईओए द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति के फैसले को पलट दिया है। यह न केवल फ़ेडरेशन के भीतर शासन के अंतर को उजागर करता है, बल्कि स्थापित मानदंडों से उल्लेखनीय विचलन का भी संकेत देता है। पत्र में आगे कहा गया, ''आईओए निष्पक्ष खेल, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए शासन मानदंडों के पालन को महत्वपूर्ण मानता है और आईओसी द्वारा समर्थित खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, एक तदर्थ समिति नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है जिसमें तत्काल प्रभाव से अध्यक्ष के रूप में भूपिंदर सिंह बाजवा और सदस्य के रूप में एमएम सोमाया और मंजूशा कंवर को शामिल किया गया है।''

तदर्थ समिति को डब्ल्यूएफआई के संचालन की देखरेख और पर्यवेक्षण करने का काम सौंपा गया है, जिसमें एथलीट चयन, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए एथलीटों के लिए प्रविष्टियां जमा करना, खेल गतिविधियों का आयोजन करना, बैंक खातों को संभालना, वेबसाइट का प्रबंधन करना और अन्य संबंधित जिम्मेदारियां शामिल हैं। बता दें कि डब्ल्यूएफआई के अपदस्थ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के सहयोगी रहे संजय सिंह को कुश्ती महासंघ का नया अध्यक्ष चुने जाने पर स्टार पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया के ताजा विरोध के बाद केंद्रीय खेल मंत्रालय ने रविवार को एक बड़े फैसले में अध्यक्ष को अपने सभी पदाधिकारियों के साथ निलंबित कर दिया था।

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रीय स्तर एवं आल इंडिया जोनल कराते के पदक विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

वाराणसी। वाराणसी के सामनेघाट स्थित आरबी मार्शल आर्ट्स अकादमी में बुधवार को राष्ट्रीय स्तर एवं आल इंडिया जोनल कराते 2023 के पदक विजेता खिलाड़ियों का इंटेलिजेंट बिल्डिंग सॉल्यूशन (आईबीएस) द्वारा सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों का सम्मान विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी अमित राय, नागेन्द्र कुमार राय एवं आईबीएस मैनेजर निर्भय सिंह ने किया। सम्मानित किये गए खिलाड़ियों ने कराते के राष्ट्रीय व जोनल स्तर पर पदक जीतकर वाराणसी का नाम रोशन किया है। सम्मानित हुए खिलाड़ियों में अदिति सोनकर, आरुष देव वर्मा ,देवेंद्र राय, शिवेश शर्मा ,आदर्श सोनकर शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमित राय ने कहा कि खेल के माध्यम से विकसित भारत में युवाओं का आत्मविश्वास व मनोबल बढ़ा है। खेल के माध्यम से युवाओं का सर्वांगिण विकास हो रहा है। खेल भावना के साथ-साथ अनुशासित दिनचर्या के साथ देश का युवा आगे बढ़ रहा है। वहीं, सम्मानित हुए खिलाड़ियों के कोच अरविंद यादव ने बताया कि इनमें से चार खिलाड़ी आदर्श सोनकर, अदिति सोनकर, आरुष देव और देवेंद्र राय जापान शोतोकान कराते डो कांनीनजुकु जुकु, इंडिया की ओर से कराटे के विंटर ट्रेनिंग कैम्प में भी हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिनी इस कैम्प का आयोजन महाराष्ट्र के खंडाला में 28,29 और 30 दिसंबर को हो रहा है।

सुभाष स्टेडियम के इंडोर हाल में तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आगाज

उधमपुर। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन उधमपुर द्वारा सुभाष स्टेडियम के इंडोर हाल में विभिन्न वर्ग के लिए आयोजित की जा रही तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता में कुल 120 लड़के व लड़कियां भाग ले रहे हैं। वहीं प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसपी उधमपुर जोगिंद्र सिंह सम्याल द्वारा किया गया। इस अवसर एएसपी उधमपुर अनबर-उल-हक कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अन्य लोगों में सुरेश खजूरिया, राज गुरु, विक्रम सिंह सलाथिया, सुनील सिंह, अरुण मेहता, अजय शर्मा, संजय शर्मा, अजय गुप्ता, संजीव वर्मा, खेल परिषद और डायसो विभाग सदस्य मौजूद रहे। वहीं पहले दिन खेले गए महिला एकल के मुकाबलों में सुभादर्शिनी ने लक्षिता को 21-5, 21-4 के सैटों से हराया जबकि सोनधारवी ने सावनी को 21-12, 21-10 से हराया जबकि कुलनाज ने कोमल को 21-13, 21-15 से हराया। वहीं 15 वर्ष आयु वर्ग से कम पुरूष एकल मुकाबलों में अभिनंदन ने सुशैन को 21-10, 21-15 से हराया जबकि अर्जुन ने अभिनंदन को 21-15, 21-7 से हराया। यह सभी मैच विशेषज्ञों अर्जुन शर्मा, रितिक जंडियाल व आर्यन गुप्ता की निगरानी में खेले गए।

दिल्ली और लखनऊ में होगी खिताबी भिड़ंत

प्रयागराज। असद दिल्ली ने एपीसीएल मथुरा को 13 रन और यूपीएएसटी लखनऊ ने कोलकाता हाईकोर्ट को 67 रन से हराकर ऑल इंडिया सॉलिसिटर्स क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। जहां दोनों की भिड़न्त गुरुवार को होगी। एनसीआर रेलगांव मैदान पर बुधवार को खेले गये पहले सेमीफाइनल में असद दिल्ली ने 16 ओवर में 109 रन (हरवंश गोदारा 26, अक्की 19, प्रदीप देवातवाल 17, राकेश यादव 4-16, राजेश सैनी 2-25) बनाकर एपीसीएल मथुरा को 16 ओवर में 93 रन (राकेश यादव 21, राजीव चतुर्वेदी 15, हैरी तनवर 2-18, सौरभ यादव 2-25) पर समेट दिया। दूसरे सेमीफाइनल में यूपीएएसटी लखनऊ ने 16 ओवर में 3 विकेट पर 156 रन (आदिल पाशा 53, आशीष सिंह 48 नाबाद, नावेद अली 20 नाबाद, विवेक पाण्डेय 20, राहुल पाण्डेय 2-28) बनाकर कोलकाता हाईकोर्ट को 16 ओवर में 89 रन (मयंक सिंह व गौरव कुमार शॉ 12-12, राजेश सेन 2-07, निशांत सिंह 2-15) पर समेट दिया। दोनों मैच में शिशिर मेहरोत्रा व मोहम्मद आरिफ व राज यादव स्कोरर रहे। फाइनल मुकाबला सुबह 11 बजे से खेला जायेगा।

सब जूनियर महिला हॉकी लीग: साई शक्ति, एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़, साई बाल, जय भारत ने दर्ज की जीत

एजेंसी

नई दिल्ली। दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले चरण के सातवें दिन साई शक्ति टीम, खेलो इंडिया हॉकी एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़, साई बाल टीम और जय भारत हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने राजा करण हॉकी अकादमी को 28-0 से हराया। पूर्णिमा यादव (4', 34', 35', 42', 45', 49', 54') ने सात गोल किए, कप्तान काजल (3', 6', 22', 29', 50', 60') ने छह, बिनती मिंज (2', 9', 25', 56') और रवीना (15', 20', 38', 55') ने चार-चार गोल किए, श्वेता (12', 57') और साक्षी (24') ने चार-चार गोल किए। ', 59') ने ब्रेसिज़ बनाए जबकि नवरूप कौर (7'), तम्मन्ना (14') और निशा दादेल (18') ने एसएआई शक्ति टीम के लिए एक-एक गोल किया। दिन के दूसरे मैच में खेलो इंडिया हॉकी एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ ने ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर को 2-1 से हराया। ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर की डोली भोई (18') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच का पहला गोल किया। अक्षिता (23') ने पांच मिनट बाद खेलो इंडिया हॉकी एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ के लिए बराबरी की, इसके बाद मधु सिदार (28') ने दूसरे क्वार्टर के अंत में उन्हें बढ़त दिलाई। उन्होंने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए मैच 2-1 से जीत लिया। दिन के तीसरे मैच में साई बाल टीम ने घुम्मनहेड़ा राइजर की हॉकी अकादमी को 12-0 से हराया। वंदना पटेल (17', 52', 57') ने हैट्रिक बनाई, रिया (15', 27'), तनीषा एक्का (30', 48') और सिसलिया सैंडी पूर्ति (38', 53') ने दो-दो गोल किये, जबकि ज्योति ज़ाक्सा (26'), निधि (42') और लालपेकसंगी (55') ने एक-एक गोल किया। जय भारत हॉकी अकादमी ने भाई बहलो हॉकी अकादमी, भगता को हराया:दिन के चौथे मैच में जय भारत हॉकी अकादमी ने भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता को 3-1 से हराया। मैच का पहला गोल भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता की ओर से अंजलि (6') ने किया। हालाँकि, निशा (23', 45') के दो और कप्तान अन्नू (51') के फील्ड गोल की बदौलत जय भारत हॉकी अकादमी ने 3-1 से आसन जीत दर्ज की।

सेंचुरियन टेस्ट : भारत की पहली पारी 245 रनों पर सिमटी, केएल राहुल का शतक

एजेंसी

सेंचुरियन। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत की पहली पारी 245 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से केएल राहुल ने 101 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। राहुल के अलावा विराट कोहली ने 38, श्रेयस अय्यर ने 31 और शार्दुल ठाकुर ने 24 रन बनाए। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के लिए कागिसो रबाडा ने 5 विकेट लिए। मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और केवल 24 रन पर भारत ने कप्तान रोहित शर्मा (05), शुभमन गिल (02) और यशस्वी जायसवाल (17) के विकेट खो दिये। यहां से विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। 92 रन के कुल स्कोर पर अय्यर 31 रन बनाकर रबाडा की गेंद पर बोल्ड हुए। 107 के कुल स्कोर पर कोहली भी 38 रन बनाकर रबाडा का शिकार बने। रविचंद्रन अश्विन कुछ खास नहीं कर सके और 121 के कुल स्कोर पर 8 रन बनाकर रबाडा की गेंद पर आउट हुए। यहां से राहुल ने शार्दुल ठाकुर के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 43 रन जोड़े। 164 के कुल स्कोर पर शार्दुल रबाडा के पांचवें शिकार बने। शार्दुल ने 24 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह 1 रन बनाकर मार्को यान्सन का शिकार बने। इसके बाद राहुल ने मोहम्मद सिराज के साथ नौवें विकेट के लिए 47 रन जोड़े। सिराज 238 के कुल स्कोर पर गेराल्ड कोएट्जी का शिकार बने। सिराज ने 5 रन बनाए। राहुल ने इसके बाद कोएट्जी की गेंद पर छक्का लगाकर अपने करियर का आठवां शतक और सेंचुरियन में दूसरा शतक लगाया। इसके साथ ही वह सेंचुरियन में दो शतक लगाने वाले पहले मेहमान बल्लेबाज बने। हालांकि शतक लगाने के बाद मार्को यान्सन ने उन्हें बोल्ड कर भारतीय पारी का अंत किया। राहुल ने 137 गेंदों पर 14 चौकों और 4 छक्कों की बदौलत 101 रन बनाए।

एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन बने रहेंगे अतनु चक्रवर्ती, एक और कार्यकाल देने की मंजूरी

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने चेयरमैन के रूप में अतनु चक्रवर्ती की फिर से नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बैंक के निदेशक मंडल ने गैर-कार्यकारी चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती को तीन साल का एक और कार्यकाल देने पर मुहर लगा दी है।

एचडीएफसी बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि निदेशक मंडल ने अंशकालिक गैर-कार्यकारी चेयरमैन एवं स्वतंत्र निदेशक के तौर पर अतनु चक्रवर्ती को नियुक्त करने की अनुशंसा रिजर्व बैंक से की है। हालांकि चक्रवर्ती की नियुक्ति को बैंक के शेयरधारकों से भी स्वीकृति लेनी होगी।

नियामकीय सूचना के मुताबिक अतनु चक्रवर्ती का बैंक के साथ लगातार ये दूसरा कार्यकाल होगा। बैंक बोर्ड ने उन्हें 05 मई, 2024 से 04 मई, 2027 तक के तीन साल के कार्यकाल के लिए गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त करने की

अनुशंसा की है। चक्रवर्ती को मई, 2021 में पहली बार एचडीएफसी बैंक का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। उल्लेखनीय है कि अतनु चक्रवर्ती भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1985 बैच के गुजरात कैडर के अधिकारी रहे हैं। चक्रवर्ती मई, 2021 में पहली बार बैंक के चेयरमैन नियुक्त किए गए थे। इसके पहले वह अप्रैल, 2020 में आर्थिक मामलों के सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

नए शिखर पर शेयर बाजार, 72 हजार अंक के पार पहुंचा सेंसेक्स

एजेंसी

निवेशकों को 1 दिन 2.39 लाख करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार चौथे कारोबारी दिन खरीदारी का रुझान बना रहा, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.98 प्रतिशत और निफ्टी 1 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। आज के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में लगातार खरीदारी का जोर बना रहा, लेकिन दिन के दूसरे सत्र की शुरुआत में ही बिकवाली के दबाव में बाजार की चाल कुछ देर के लिए लड़खड़ाती नजर आई। हालांकि, 2 बजे के थोड़ी देर पहले ही खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गए। आज के कारोबार में मेटल, ऑटोमोबाइल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी होती रही। इसी तरह रियल्टी, आईटी और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। सेक्टोरल फ्रंट पर देखें तो पावर और ऑयल एंड गैस को छोड़ कर सभी सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के कारण बैंक, ऑटोमोबाइल और मेटल इंडेक्स 1 प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.39 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 361.31 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 358.92 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.39 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,914 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,993 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,815 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 106 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,139 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,105 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,034 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर बढ़त के साथ और 5 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 40 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से शुरु करेंगे 'भारत जोड़ो यात्रा' का दूसरा चरण

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण 14 जनवरी को मणिपुर से शुरु करेंगे।

कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी की पूर्व से पश्चिम की तरफ होने वाली इस यात्रा का नाम ''भारत न्याय यात्रा'' होगा और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे मणिपुर की राजधानी इम्फाल से हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि श्री गांधी ने पिछले साल सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर तक करीब 4,500 किलोमीटर की यात्रा शुरू की थी और अब इम्फाल से दूसरे चरण की यात्रा शुरु करेंगे, जो करीब 6,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। यात्रा के दौरान श्री गांधी 14 राज्यों के 85 जिलों से होते हुए, यात्रा का समापन 20 मार्च को मुंबई में करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने बताया की 'भारत जोड़ो यात्रा' की दूसरी चरण की श्री गांधी की यह ''न्याय यात्रा'' देशवासियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए होगी।

श्री वेणुगोपाल ने कहा कि 21 दिसंबर को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में सर्वसम्मत से प्रस्ताव आया कि श्री गांधी को 'भारत जोड़ो यात्रा' का दूसरा चरण पूर्व से पश्चिम तक करना चाहिए। बैठक में तय किया गया कि श्री गांधी की यात्रा का दूसरा चरण इम्फाल से शुरु होकर मुंबई तक चलेगा। श्री वेणुगोपाल ने मणिपुर से यात्रा शुरु करने के सवाल पर कहा कि यह राज्य देश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और पार्टी यात्रा , इम्फाल से शुरू कर मणिपुर के लोगों के घावों पर मलहम लगाने की भी कोशिश करना चाहती है। उनका कहना था कि पहले चरण में गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्यों को कवर करते हुए लगभग 4,500 किलोमीटर की यात्रा की थी और इस बार वह 14 राज्यों को कवर करते हुए 6,200 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। इस बार की यात्रा पैदल के साथ साथ बस से भी होगी। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण की यात्रा मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर निकलेगी। पहली यात्रा के दौरान श्री गांधी ने जहां आर्थिक विषमताओं, ध्रुवीकरण और तानाशाही के मुद्दे उठाए वहीं अब न्याय यात्रा में देश के लोगों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देने के साथ ही श्री गांधी देश के लोगों के लिए न्याय मांगेंगे। इंडिया गठबंधन के नेताओं के यात्रा में शामिल होने संबंधी सवाल पर श्री वेणुगोपाल ने स्पष्ट जवाब नही दिया लेकिन कहा कि यात्रा से जुड़े तमाम मुद्दों को लेकर विचार विमर्श चल रहा है। उनका यह भी कहना था कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने यात्रा में भाग लिया था। श्री वेणुगोपाल ने मणिपुर से यात्रा शुरु करने के सवाल पर कहा कि यह राज्य देश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और पार्टी यात्रा , इम्फाल से शुरू कर मणिपुर के लोगों के घावों पर मलहम लगाने की भी कोशिश करना चाहती है। उनका कहना था कि पहले चरण में गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्यों को कवर करते हुए लगभग 4,500 किलोमीटर की यात्रा की थी और इस बार वह 14 राज्यों को कवर करते हुए 6,200 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। इस बार की यात्रा पैदल के साथ साथ बस से भी होगी। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण की यात्रा मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर निकलेगी। पहली यात्रा के दौरान श्री गांधी ने जहां आर्थिक विषमताओं, ध्रुवीकरण और तानाशाही के मुद्दे उठाए वहीं अब न्याय यात्रा में देश के लोगों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देने के साथ ही श्री गांधी देश के लोगों के लिए न्याय मांगेंगे। इंडिया गठबंधन के नेताओं के यात्रा में शामिल होने संबंधी सवाल पर श्री वेणुगोपाल ने स्पष्ट जवाब नही दिया लेकिन कहा कि यात्रा से जुड़े तमाम मुद्दों को लेकर विचार विमर्श चल रहा है। उनका यह भी कहना था कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने यात्रा में भाग लिया था।

राहुल गांधी पहुंचे बजरंग पूनिया के अखाड़े में, ढाई घंटा रुके, पहलवानों से की चर्चा

झज्जर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार सुबह अचानक हरियाणा के झज्जर जिला के गांव छारा स्थित लाला दीवानचंद अखाड़ा पहुंचे। राहुल गांधी यहां करीब ढाई घंटे तक रुके और पहलवानों से चर्चा की।

ओलिंपियन पहलवान बजरंग पूनिया भी उनके साथ थे। इस अखाड़े से ही बजरंग पूनिया और पहलवान दीपक पूनिया कुश्ती का अभ्यास शुरू किया था। दीपक पूनिया इसी गांव के रहने वाले हैं। गांव छारा के इस अखाड़े में राहुल गांधी ने पहलवानों से वर्तमान राजनीतिक हालात चर्चा की। इसके बाद राहुल गांधी दिल्ली लौट गए। राहुल गांधी कुश्ती संघ को लेकर चल रही खींचतान के बीच बजरंग के बचपन के अखाड़े में पहलवानों से मिले। उन्होंने कोच वीरेंद्र दलाल व कई पहलवानों से बातचीत की। राहुल गांधी का काफिला सुबह कोहरे को चीरता हुआ दिल्ली से चलकर सीधा टांडाहेड़ी, मांडोठी, मातन होते हुए गांव छारा के लाला दीवानचंद अखाड़े में पहुंचा। राहुल ने यहां कसरत भी की और कुछ पहलवानों के साथ कुश्ती का अभ्यास किया। अखाड़ा संचालक वीरेंद्र आर्य ने परिसर में उगी मूलियां भेंट करके राहुल गांधी का स्वागत किया। राहुल ने बाजरे की रोटी और सरसों का साग भी पहलवानों के साथ खाया। वह जाते वक्त ग्रामीणों द्वारा उपहार स्वरूप दिए गए गन्ने और मूली साथ लेकर गए। अखाड़ा संचालक वीरेंद्र आर्य ने बताया कि राहुल गांधी से कुश्ती के भविष्य पर विस्तार से चर्चा हुई।

नारियल का एमएसपी बढ़ा

वर्ष 2024 के सीज़न के लिए मिलिंग नारियल का एमएसपी 11,160 रुपये प्रति क्विंटल और बॉल नारियल के लिए 12,000 रुपए प्रति क्विंटल घोषित

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2024-25 के लिए मिलिंग नारियल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 11,160 रुपये प्रति क्विंटल और बॉल नारियल का एमएसपी 12,000 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2024 -25 के लिए नारियल के एमएसपी को मंजूरी दी है। श्री ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए एमएसपी में पिछले वर्ष की तुलना में मिलिंग नारियल के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल नारियल के लिए 250 रुपए रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि है। नये सीज़न के लिए मिलिंग नारियल का एमएसपी 11,160 रुपये प्रति क्विंटल और बॉल नारियल के लिए 12,000 रुपए रुपये प्रति क्विंटल होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने के लिए, सरकार ने 2018-19 के केंद्रीय बजट में घोषणा की थी कि सभी अनिवार्य फसलों का एमएसपी अखिल भारतीय उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय किया जाएगा। मिलिंग नारियल के लिए 51.84 प्रतिशत और बॉल नारियल के लिए 63.26 प्रतिशत का मार्जिन सुनिश्चित होगा, जो उत्पादन की अखिल भारतीय औसत लागत से 1.5 गुना से भी अधिक है। मिलिंग नारियल का उपयोग तेल निकालने के लिए किया जाता है, जबकि बॉल/खाद्य नारियल को सूखे फल के रूप में खाया जाता है और धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाता है। केरल और तमिलनाडु लाखों नारियल के प्रमुख उत्पादक हैं, जबकि बॉल नारियल का उत्पादन मुख्य रूप से कर्नाटक में होता है।

श्री ठाकुर ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में, सरकार ने मिलिंग नारियल और बॉल नारियल के लिए एमएसपी को 2014-15 में 5,250 रुपये प्रति क्विंटल और 5,500 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2024-25 में 11,160 रुपये प्रति क्विंटल और 12,000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है।

ऑकलैंड में भारतीय महावाणिज्य दूतावास खोलने को मंजूरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खोलने के प्रस्ताव को आज मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खुलने से भारत के राजनयिक प्रभाव को बढ़ाने में मदद मिलेगी और भारत की बढ़ती वैश्विक भागीदारी को देखते हुए भारत का राजनयिक प्रतिनिधित्व मजबूत होगा। इससे भारत के रणनीतिक और वाणिज्यिक हितों को बढ़ावा देने और ऑकलैंड में भारतीय समुदाय के कल्याण को बेहतर ढंग से पूरा करने में भी मदद मिलेगी। ऑकलैंड में महावाणिज्य दूतावास 12 महीने की समय सीमा के भीतर खोले जाने और पूरी तरह से चालू होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और इटली के बीच के बीच प्रवासन और गतिशीलता समझौते पर हस्ताक्षर और पुष्टि करने के विदेश मंत्रालय के प्रस्ताव को अपनी पूर्वव्यापी मंजूरी दे दी है। दोनों देशों के बीच यह समझौता लोगों के मध्य संपर्क बढ़ाएगा तथा छात्रों, कुशल श्रमिकों, व्यापारिक लोगों और युवा पेशेवरों की गतिशीलता को बढ़ावा देगा और दोनों पक्षों के बीच अनियमित प्रवासन से संबंधित मुद्दों पर सहयोग को मजबूत करेगा। इस समझौते पर इसी वर्ष 02 नवंबर को भारत की ओर से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और इटली के विदेश मामलों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री, श्री एंटोनियो ताज़ानी ने हस्ताक्षर किए थे। मंत्रिमंडल ने भारत एवं मलेशिया के बीच 07 नवंबर को हस्ताक्षरित उस समझौते से अवगत कराया गया, जिसमें प्रसारण, समाचारों के आदान-प्रदान और ऑडियो-विजुअल कार्यक्रमों के क्षेत्र में भी सहयोग को मजबूत करने की अपार क्षमता है। प्रसार भारती और रेडियो टेलीविज़न मलेशिया के बीच प्रसारण में सहयोग के इस करार से देश के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

एनआईए ने की दिल्ली के महत्वपूर्ण आतंकी बिचौलिए की पहचान

मुंबई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने महाराष्ट्र आतंकी मॉड्यूल में गिरफ्तार एक प्रमुख आरोपी शाहनवाज आलम के साथ जांच के दौरान दिल्ली आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल में एक प्रमुख फरार आरोपी हारिस फारूकी के रूप में महत्वपूर्ण बिचौलिए की सफलतापूर्वक पहचान की है। अधिकारियों ने बुधवार को यहां बताया कि इस साल जुलाई में इसका भंडाफोड़ हुआ था। अधिकारियों ने आगे कहा कि फारूकी दो अन्य गिरफ्तार गुर्गों, रिजवान अशरफ और मोहम्मद अरशद वारसी के साथ भी लगातार संपर्क में था, जिन्हें दिल्ली स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि वह जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैदराबाद के एक भगोड़े आतंकवादी फरहतुल्ला गोरी के भी संपर्क में है। एनआईए के मुताबिक, फारूकी ने अलीगढ़ मॉड्यूल की स्थापना में भी अहम भूमिका निभाई थी।

टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग कांग्रेस, राहुल की यात्राओं के राही: अनुराग

एजेंसी

नई दिल्ली/शिमला। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी उनकी पार्टी की ओर से शुरू की रही 'न्याय यात्रा' पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग इनके हमराही होंगे।

श्री ठाकुर ने आज पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए श्री राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी द्वारा शुरू किया जा रहे न्याय यात्रा पर इस आशय की प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा,''जो सदैव क्षेत्र और जाति के नाम पर देश को बांटते आए हैं वह न्याय क्या दिलाएंगे? जिनके राज्य में 84 के सिख दंगे हुए हों और कई वर्षों तक न्याय न मिला हो वह क्या न्याय दिलाएंगे? वह तो नरेंद्र मोदी जी की सरकार है जिसने सिख दंगों में विशेष जांच दलों की जांच बिठाई। कांग्रेस वह पार्टी है जो भगवान राम को काल्पनिक बताती है। इनके एलाइंस पार्टनर हमेशा सनातन धर्म को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं। इनके नेता बार-बार एक से बढ़कर एक हल्के बयान देते हैं। दूसरी और मोदी सरकार का एक ही ध्येय है, देश का विकास और गरीब कल्याण। मोदी जी के नेतृत्व में सुशासन के नए आयाम स्थापित हुए हैं।''

श्री ठाकुर ने कहा,ल्लकांग्रेस सहित इंडी गठबंधन बाटने वाले दल हैं, जोड़ने वाले नहीं। हाल के के विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार और जनता द्वारा नकारे जाने से सीख लेने की बजाय विपक्षी ईवीएम पर ठीकरा फोड़ रहे हैं, ध्यान भटका रहे हैं, जाति और क्षेत्र के नाम पर बाटने की राजनीति कर रहे हैं। देखा गया है कि देश को बाँटने की बातें करने वाले, टुकड़े टुकड़े गैंग के लोग कांग्रेसी यात्राओं के राही होते हैं। आज देश तेजी से प्रगति कर रहा है।

लाल सागर में संकट से 185 जहाज प्रभावित: अमेरिका

वाशिंगटन। हाउती विद्रोहियों के हमलों के कारण लाल सागर में संकट उत्पन्न होने से 185 कंटेनर जहाजों प्रभावित हुए है, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई है। विश्लेषणात्मक नेटवर्क प्रोजेक्ट 44 ने बुधवार को यह जानकारी दी। वॉचडॉग ने मंगलवार को आधिकारिक बयान में कहा, ल्लनेटवर्क प्रोजेक्ट 44 का 26 दिसंबर तक अनुमान है कि कुल 157 जहाज अफ्रीका के आसपास फिर से अपना मार्ग बदल रहे हैं। प्रोजेक्ट 44 के एआई-संचालित ईटीए ने पहचान की है कि मार्ग बदलने वाले अधिकांश जहाजों को पारगमन समय सात से 20 दिन तक बढ़ेगा। कुछ जहाज जो मार्ग बदल रहे हैं, उन्होंने दूरी को कम करने के लिए जहाजों की रफ्तार बढ़ा दी है, जिसके लिए उन्हें अधिक ईंधन का इस्तेमाल करना होगा जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं। इज़रायल और फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास के बीच सात अक्टूबर से युद्ध होने के बाद यमन के अंसार अल्लाह विद्रोही जिसे हाउती के नाम से भी जाना जाता है।

माता सीता जन्मस्थान पर चुप्पी क्यों नहीं तोड़ती भाजपा : राजीव रंजन

एजेंसी

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने सीता जन्मस्थान के नवनिर्माण के मुद्दे को लेकर एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला और कहा कि वह माता सीता जन्मस्थान पर चुप्पी क्यों नहीं तोड़ रही है। श्री रंजन ने माइक्रो ब्लोगिंग साइट एक्स पर बुधवार को पोस्ट किया कि छोटे-छोटे विषयों पर भी बयानवीर बनने वाले भाजपा के नेताओं की चुप्पी माता सीता के जन्मस्थान के मसले पर टूटने को तैयार नहीं है। यह दिखाता है कि इनकी निगाह में माता सीता का कोई महत्व ही नहीं है। उन्होंने लिखा है कि भाजपा को समझना चाहिए कि सारे धर्मगुरुओं से लेकर साधू-संतों तक, यहां तक कि आम लोग भी जय सिया राम ऐसे ही नहीं कहते हैं बल्कि यह दर्शाता है कि माता सीता ही भगवान राम को संपूर्ण करती हैं। शास्त्रों के मुताबिक माता सीता ब्रह्मांड की शक्ति और स्त्री ऊर्जा का प्रतीक हैं। सीताराम के जप से भक्त और भगवान के संबंधों में पूर्णता आती है इसीलिए माता सीता के जन्मस्थान का नवनिर्माण किये बिना भगवान राम के जन्मस्थान का निर्माण करने से संपूर्णता नहीं आ सकती है। जदयू महासचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम के विकास कार्यों का शिलान्यास कर इसके कायाकल्प की शुरुआत कर चुके हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सरकार ने इसके लिए 72 करोड़ रुपयों से अधिक की राशि आवंटित की है, जिसके तहत पुनौराधाम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने तथा मंदिर परिसर का सुंदर वास्तुशिल्प से सौंदर्यीकरण, परिक्रमा पथ, सीता वाटिका, लव कुश वाटिका, जानकी महोत्सव क्षेत्र, मंडप, पार्किंग क्षेत्र, आंतरिक सड़क आदि निर्माण कार्य किये जायेंगे। भाजपा में यदि श्री राम में थोड़ी भी श्रद्धा होगी तो इसमें सहयोग करने की घोषणा जरूर करेगी। श्री रंजन ने कहा कि वास्तव में भाजपा की न तो श्री राम में श्रद्धा है और न ही माता सीता में। यह लोग इनके नाम पर सिर्फ अपनी राजनीति चमकाते हैं। भाजपा को समझना चाहिए कि माता जानकी के जन्मस्थान का पुनरोद्धार करोड़ो लोगों की आस्था का मसला है, जिसपर राजनीति नहीं करनी चाहिए। इसके बावजूद यदि उन्होंने राम मन्दिर की तर्ज पर जानकी मन्दिर निर्माण में सहयोग नहीं किया तो यह साबित हो जाएगा कि भगवान राम उनके लिए सिर्फ एक राजनीतिक हथियार हैं, जिनका इस्तेमाल वह अपनी राजनीति चमकाने के लिए करती आ रही है।

145 करोड़ की सिंचाई परियोजनाएँ हिमाचल को मोदी का उपहार: अनुराग

नयी दिल्ली/शिमला। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा व खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने हिमाचल को मिली 145 करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उपहार बताया है। श्री ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सिंचाई संबंधी 14 लघु सिंचाई परियोजनाओं और राष्ट्रीय हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट हेतु क्रमशः 141.76 करोड़ रुपए और 221.78 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करने के लिए श्री नरेन्द्र मोदी व जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र शेखावत का आभार व्यक्त किया। श्री ठाकुर ने इसे हिमाचल प्रदेश के कृषक वर्ग के लिए वरदान बताते हुए श्री मोदी का आभार जताया और कहा कि श्री मोदी ने सदा ही हिमाचल को अपना दूसरा घर माना है। साथ ही देवभूमि के हितों की चिंता की है तथा सौग़ातें देने में कभी कोई कमी नहीं रखी। यही कारण है कि देवभूमि के जन-जन के मन में मोदी विराजमान हैं।

पेज एक का शेष

आज व कल प्रदेश के...

लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाया रहने का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे कम रात का तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस हमीरपुर में दर्ज किया गया।

मोदी के अयोध्या...

अन्य जिलों से आठ लिफ्टिंग वैन व दस क्रेन मंगायी हैं, इन्हें प्रधानमंत्री के गुजरने वाले मार्गो पर तैनात किया जायेगा। यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ल ने बताया कि वीवीआईपी काफिले में कोई वाहन खराब हो जाता है तो वहां खड़ी लिफ्टिंग वैन या क्रेन से तत्काल हटाकर रास्ता साफ किया जायेगा। अयोध्या और यहां के अन्य रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिये मुख्यालय से चार सौ पुलिसकर्मियों को भेजा गया है। यह पुलिस बल अयोध्या पहुंच गये हैं। यह लक्ष्मण बाल विद्या मंदिर, विद्याकुंड, रघुनाथ कौशल इण्टर कालेज कनीगंज, योगीराज महर्षि संस्कृत विद्यालय रामघाट व महाराजा इंटर कालेज में रुकने की व्यवस्था की गयी है। अयोध्या में प्रधानमंत्री के आगमन पर सफाई व्यवस्था ठीक-ठाक रखने के लिये लखनऊ से अठारह सफाई मशीनें मंगाई गयी है। निगरानी के लिये दूसरे जिलों से छह सहायक नगर आयुक्त व अन्य अधिकारी भी रहेंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तक शहर में वीवीआईपी व वीआईपी की जमावड़ा रहेगा। ऐसे में बेहतर साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके लिये अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में तेरह सौ सफाई कर्मियों को लगाया गया है। अपर नगर आयुक्त अजीत शुक्ला ने बताया कि अन्य जिलों से छह सहायक नगर आयुक्त, पन्द्रह सफाई निरीक्षक व जोनल सफाई अधिकारी, पन्द्रह कर अधीक्षक की भी ड्यूटी लगायी गयी है।

मोदी की गारंटी वाली...

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी राज्य मंत्रालय से वर्चुअली जुड़े। श्रीमती खान ने अपने जीवन के संदर्भ में श्री मोदी को बताया कि वे पहले मजदूर थीं। 2017 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं और गांव में ही लोन लेकर काम शुरु किया। अब उसी काम की बदौलत मारूति वैन ले ली। इस पर श्री मोदी ने कहा कि आप मारूति ले आईं, मेरे पास तो साइकिल भी नहीं है। केंद्र सरकार की योजनाओं की लाभार्थी श्रीमती खान ने बताया कि कोरोना काल में उन्हें प्रशासन से सैनिटाइजर, मास्क और पीपीई किट बनाने का काम मिला, शुरुआत में कुछ दीदियां डरीं, लेकिन फिर देश की मुश्किलें देख कर मास्क बनाने शुरु किए और उन्हें स्थान स्थान पर बांटा। इसी दौरान प्रति महिला ने लगभग 60-70 हजार रुपए के मास्क और किट बनाए। इस पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीमती खान को संबोधित करते हुए कहा कि क्या वे उनका एक सपना पूरा करने में मदद करेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनें हैं, उनमें से दो करोड़ दीदियों को लखपति बनाने का उनका सपना है।

वॉट्सएप और सोशल...

प्रदेश के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, एनजीओ, ट्रक, बस, टेंपो, टैक्सी आदि यूनियनों तथा मीडिया के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति के व्हाट्सएप सहित अन्य सभी सोशल मीडिया एकाउंट पर स्टेटस अनिवार्य रूप से लगाया जाना है। मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि 'हर सफर में सड़क सुरक्षा' स्लोगन वाले क्रिएटिव को जनसामान्य के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के लिए अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। 'हर सफर में सड़क सुरक्षा' स्लोगन वाला क्रिएटिव सुरक्षित सफर, सुरक्षित प्रदेश की थीम पर बेस्ड है। इसके साथ ही इसमें 'स्मार्ट बनें, सुरक्षा चुनें'कैचवर्ड के साथ फोटोज के माध्यम से राइडिंग के सही और गलत तरीके को प्रस्तुत किया गया है। इसके अलावा बताया गया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन दंडनीय अपराध है और लोगों से यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लेने की भी अपील की गई है।

एमफिल मान्यता...

(पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रियाएं) विनियम 2022 की विनियम संख्या 14 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उच्च शैक्षणिक संस्थान एम.फिल. पाठ्यक्रम की पेशकश नहीं करेंगे। जोशी ने कहा कि इस संबंध में यह सूचित किया जाता है कि यूजीसी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रियाएं) विनियम, 2022 तैयार किया है, जिसे 7 नवंबर, 2022 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया है। इसलिए विश्वविद्यालयों के अधिकारियों से अनुरोध है कि वे 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए एमफिल पाठ्यक्रम में प्रवेश रोकने के लिए तत्काल कदम उठाएं। इसके अलावा छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे एमफिल पाठ्यक्रम में प्रवेश न लें।

कश्मीरी अलगाववादी...

के अध्यक्ष मसर्रत आलम कर रहे हैं जो 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2021 में शीर्ष अलगाववादी नेता सैयद अली गिलानी की मृत्यु के बाद, भट को कट्टरपंथी ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस (एपीएचसी) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर संगठन को मसरत आलम भट्ट ने बनाया था। वो 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। 50 साल के मसरत पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी फंडिंग केस में मामला दर्ज किया है। 2010 में कश्मीर घाटी में बड़े पैमाने पर देश विरोधी प्रदर्शनों में उसकी कथित भूमिका के चलते उसे गिरफ्तार किया गया था। उस पर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

देश में अंगदान को लेकर...

क्षेत्र में भी काम जारी रखने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। कहा जा सकता है कि लिवर हमारे शरीर का सुरक्षा गार्ड है। हमारे देश में लिवर से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर हैं और इनसे होने वाली बीमारियों की भारी संख्या चिंता का कारण है। उम्मीद है कि आईएलबीएस लीवर रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने डॉक्टरों को अपना ख्याल रखने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि लंबे समय तक ड्यूटी, लगातार आपातकालीन मामलों और रात्रि ड्यूटी जैसी चुनौतियों के बीच उन्हें पूरी सतर्कता और उत्साह के साथ लगातार मरीजों की सेवा करनी है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि तमाम चुनौतियों के बावजूद वे सभी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ और सतर्क रहें। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज डिग्री प्राप्त करने वाले 65 छात्रों में से 37 बेटियां हैं।

ऑपरेशन के दौरान...

है। श्री सिंह ने केन्द्र सरकार की ओर से किए गए मुख्यधारा के प्रयासों में शामिल होने के लिए स्थानीय लोगों की दृढ़ता और योगदान के लिए उनकी सराहना भी की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया गया कि राष्ट्र की भलाई के लिए विचार प्रक्रिया, संरेखण और सामूहिक संकल्प में एकता जम्मू-कश्मीर में शांति तथा विकास की साझा आकांक्षाओं की उपलब्धि के लिए सबसे महत्वपूर्ण आधार है। रक्षा मंत्री के जम्मू-कश्मीर के दौरे से पहले सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने 25 दिसंबर को क्षेत्र का दौरा किया था और भारतीय सेना के सभी रैंकों को सभी चुनौतियों के खिलाफ दृढ़ रहते हुए सबसे पेशेवर तरीके से संचालन करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन्होंने मानवाधिकारों का सम्मान करने और किसी भी रूप में उसके उल्लंघन के प्रति शून्य सहिष्णुता की भारतीय सेना की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया था।

जीवन में लक्ष्य करें निर्धारित सफलता चूमेगी कदम: रेखा आर्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। प्रदेश की मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को श्री गुरु राम राय पीजी कॉलेज में आयोजित ''छात्रसंघ समारोह'' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। मंत्री रेखा आर्या ने सभी छात्रों को नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा हमारा और हमारे समाज का सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने छात्रों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा, ताकि हम कहीं भटकें ना, और सफलता हमारे कदम चूमे। उन्होंने कहा कि कहा छात्र देश का भविष्य ही नहीं अपितु वर्तमान भी है, यही हमारी विचारधारा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ राजनीति की वह पहली सीढ़ी है,जिसके माध्यम से हम देश

में कार्यरत हैं और भारत का युवा हर क्षेत्र में भारत का नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। कहा उन्होंने कि युवा मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। छात्रसंघ के पदाधिकारियों द्वारा कैबिनेट मंत्री को कॉलेज की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया जिनपर मंत्री ने समाधान का भरोसा दिया। इस अवसर पर सीआईएमएस और यूआईएचएमटी के चेयरमैन ललित जोशी,चेयरमैन आरोग्य मेडिकल कॉलेज(हरिद्वार) संदीप केडिया, प्राचार्य प्रदीप सिंह,प्रदेश मंत्री एबीवीपी ऋषभ रावत, केदारनाथ नगर पंचायत अध्यक्ष देव प्रकाश सेमवाल, छात्रसंघ अध्यक्ष चंदन सिंह नेगी, छात्रसंघ उपाध्यक्ष प्रियांशु रावत, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि आकक्षी मल्ल, छात्रसंघ सचिव नीरज रतूड़ी सहित अध्यापकगण और समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मॉडल विलेज के रूप में विकसित होगा चमोली का रौली-ग्वाड़ गांव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर से सटे रौली-ग्वाड़ गांव को मॉडल विलेज बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कवायद शुरु कर दी है। इसके लिए विभागीय

क्षेत्र के विकास के लिए सभी विभागों के समन्वय से तैयार होगी योजना

योजनाओं के समन्वय से विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने रौली क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से सटे गांव में शत प्रतिशत विभागीय योजनाओं से आच्छादित के निर्देश दिए हैं। गोपेश्वर से सटे रौली-ग्वाड़ गांव में प्रगतिशील किसान वर्तमान में जहां उद्यान विभाग के सहयोग से पॉली हाउस में सब्जियों के साथ ही लीलियम के फूलों का उत्पादन से बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं,

वहीं महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं गांव में मशरूम उत्पादन और लैंटाना से उपयोगी वस्तुएं एवं सजावटी सामान तैयार कर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर रही हैं। गांव में स्वयं सहायता समूहों एवं प्रगतिशील किसानों के लिए जिला प्रशासन की ओर से विस्तृत प्लान तैयार किया जा रहा है। ताकि रौली क्षेत्र को आदर्श विलेज के तौर पर विकसित किया जा सके। जिलाधिकारी ने क्षेत्र में योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी को सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से गांव को आच्छादित करते हुए आदर्श गांव के रुप में विकसित करने की बात कही। क्षेत्र में प्रगतिशील किसानों, काश्तकारों एवं स्वयं सहायता समूहों को विभागों की ओर से तकनीकी सहयोग एवं प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यालय से सटे रौली ग्वाड़ को मॉडल विलेज बनाकर इसको एक्सपोजर विजिट के लिए भी तैयार किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री ने भारामल मन्दिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को तहसील खटीमा के भारामल मन्दिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश व देश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में उपस्थित संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने मन्दिर परिसर में संचालित किये जा रहे भंडारे में पूरी सादगी से जनता के साथ जमीन पर बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और लंगर में स्वयं भी जन सेवा करते हुए जनता को प्रसाद वितरण किया।

नव प्रवेशी मुख्य आरक्षियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

देहरादून। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल एवं पुलिस संचार प्रशिक्षण कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में निवनियुक्त 232 मुख्य आरक्षियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में 163 पुरुष एवम् 69 महिला आरक्षियों के स्वास्थ्य की जॉच की गई। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रेरक मित्तल ने सभी नव प्रवेशी मुख्य अरक्षियों को 9 माह की सफल ट्रेनिंग के लिए शुभकामनाएं दीं। शिविर का शुभारंभ पुलिस दूरसंचार के पुलिस महानिरीक्षक (आई.जी.) कृष्ण कुमार वी.के. ने किया। रिजर्व पुलिस लाइन रेसकोर्स में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में अनुशासन के साथ साथ उत्तम स्वास्थ्य भी बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी 232 मुख्य आरक्षियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। महंत इन्दिरेश अस्पताल के मनोरोग विभाग से डॉ सिमरन चौधरी, स्त्री एवम् प्रसूति रोग विभाग से डॉ पूजा नेगी, हड्डी रोग विभाग से डॉ अनुपम शर्मा, डायटीशियन प्रीति सैनी, सुप्रिया यादव ने चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दूरसंचार वसंत वल्लभ तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक जसवीर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक हरीश चन्द्र नरूला, निरीक्षक राम गोपाल सिंह एवम् अमित कुमार व आरटीसी में नियुक्त समस्त आडटडोर व इनडोर प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

बीकेटीसी के उपाध्यक्ष ने संस्कृत महाविद्यालय मंडल निरीक्षण कर दिए व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश

गोपेश्वर। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने बुधवार को मंदिर समिति के अधीनस्थ आनेवाले श्री 1008 स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती संस्कृत महाविद्यालय मंडल, चमोली का औचक निरीक्षण किया, विद्यालय की पठन-पाठन व्यवस्था, छात्रावास, विद्यालय कार्यालय, विद्यालय परिसर मैदान, पुस्तकालय, भोजनालय आदि व्यवस्थाओं को देखा तथा प्रधानाचार्य को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने बताया कि विद्यालय भवन के आगे की तरफ कटाव हो रहा है तथा छोटा नाला बह रहा है जहां सुरक्षा दीवार बनाने तथा छात्रावास भवन की छत से हो रहे पानी के रिसाव को रोकने तथा विद्यालय की बाउंड्री वॉल के लिए बजट प्रावधान के लिए मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखेंगे तथा बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय से भी बातचीत करेंगे। उन्होंने संस्कृत महाविद्यालय में घटती हुई छात्र संख्या पर चिंता व्यक्त की है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि संस्कृत शिक्षा के उन्नयन के लिए मंदिर समिति की ओर से संस्कृत महाविद्यालयों का संचालन किया जाता है जिनमें संस्कृत महाविद्यालय मंडल कई दशकों से आवासीय विद्यालय के रूप में संचालित हो रहा है। निरीक्षण के दौरान बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार के अलावा दशोली ब्लाक के पूर्व प्रमुख भगत सिंह बिष्ट तथा संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य आचार्य जनार्दन प्रसाद नौटियाल एवं शिक्षक गण मौजूद रहे।

जलवायु आधारित खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

गोपेश्वर। ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना चमोली की ओर से दशोली विकास खंड के जय बद्री विशाल कलस्टर मैठाणा के महिला किसानों को क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर (जलवायु आधारित खेती) पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला बुधवार से शुरू की गई है । दशोली विकास खंड के सभागार में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक सहायक प्रबंधक रीप परियोजना के नरेंद्र नाथ ने कहा कि निरंतर जलवायु में हो रहे परिवर्तन से जलवायु के अनुसार खेती करने की आवश्यकता है, जिससे किसानों की आय में वृध्दि हो सके। उन्होंने कहा कि जलवायु के हिसाब से खेती की जाती है तो किसानों को अच्छी पैदावार होगी और उत्पाद बढ़ने से उनकी आर्थिकी में भी वृद्धि होगी। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत मैठाणा, घुड़साल, मासौ, पिलंग, रोपा, टेड़ाखंसाल की महिलाएं प्रतिभाग कर रही है। इस अवसर पर मनोज कुंवर, आजीविका समन्वयक रीप दशोली देवेंद्र नेगी, सीमा सती, ग्रुप मोबिलाइजर अंजलि डिमरी आदि मौजूद थे।

दो बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाएगा लायन तीर्थ

हरिद्वार। राजकीय प्राथमिक विद्यालय टाट वाला, ब्लॉक- बहादराबाद, में बुधवार को लायन क्लब की हुई बैठक में स्कूल के बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब तीर्थ की तरफ से 87 बच्चों को सर्दी को देखते हुए स्वेटर बांटे गए। इस दौरान बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए लायन क्लब अध्यक्ष श्याम गोयल ने कहा कि जो भी बच्चा पढ़ने में तेज होगा उनमें से दो विशेष बच्चों को प्राइमरी से लेकर जब तक वे बच्चे शिक्षा ग्रहण करेंगे तब तक का सारा खर्च लायंस क्लब तीर्थ उठायेगा। उन्होंने शिक्षकों से अनुरोध किया की आप लोग ऐसे बच्चों का नाम बताएं जिन्हें हम हर तरह से सहायता करके उनका चहुंमुखी विकास कर सकें और वह अपने गांव के साथ-साथ शहर एवं देश का नाम भी रोशन करें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक घनश्याम सिंह ने सभी लायन साथियों को धन्यवाद दिया तथा बच्चों की तरफ से नए वर्ष के ग्रीटिंग कार्ड वितरित कराए गए, जो बच्चों ने स्वयं अपने हाथों से बनाया था। इसी के साथ सहायक अध्यापक रियाज अली ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यालय के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करने की शपथ ली। बैठक में श्याम गोयल, चंद्र मोहन गोयल, चंद्र केसवानी, आजय मित्तल, विकास, रणवीर अहलावत, अतुल मित्तल आदि लोगों ने हिस्सा लिया।

संतों के सानिध्य में मनाया गया विशुद्ध आश्रम का वार्षिकोत्सवथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद महाराज ने कहा है कि संतों का जीवन राष्ट्रहित और परोपकार के लिए समर्पित होता है। संतों के तपोबल से विश्व भर में भारत की विशेष पहचान है। भूपतवाला स्थित विशुद्ध आश्रम के वार्षिकोत्सव पर आयोजित संत सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद महाराज ने कहा कि देश को एकता के सूत्र में बांधने में मातृशक्ति का अहम योगदान है। साध्वी महंत रत्नो देवी वयोवृद्ध अवस्था में भी भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता निभा रही है। संत समाज उनकी दीर्घायु की कामना करता है। युवा भारत साधु समाज के महामंत्री स्वामी रविदेव शास्त्री

महाराज ने कहा कि संतों का जीवन निर्मल जल के समान होता है। संत महापुरुष अपने भक्तों को ज्ञान की प्रेरणा देकर उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। साध्वी महंत रत्नो देवी मातृशक्ति के रूप में समाज का मार्गदर्शन कर रही है। जो समस्त संतों के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में पधारे सभी संतों का आभार व्यक्त करते हुए विशुद्ध आश्रम की अध्यक्ष साध्वी महंत रत्नो देवी ने कहा कि गौ सेवा, गंगा संरक्षण का संकल्प एवं समाज सेवा उनके जीवन का मूल उद्देश्य है। हम सभी को राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने में अपने सहयोग को सुनिश्चित करना चाहिए। इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद शास्त्री, महंत दुर्गादास, महंत प्रहलाद दास, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी योगेंद्रानंद शास्त्री, महंत शिवानंद, स्वामी पूर्णानंद गिरी, महंत कृष्णदेव सहित हरपाल सुरेंद्र ओहरी सुभाष चंद्र राकेश खंडाली सुरेंद्र शैली उपस्थित रहे।

सैंजी लगा मैकोट-बैमरू मोटर मार्ग निर्माण को लेकर ग्रामीणों जिला प्रशासन से की मांग

गोपेश्वर। चमोली जिले के दशोली विकास खंड के सैंजी लगा मैकोट-बैमरू मोटर मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं होता है तो ग्रामीणों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ग्रामीण प्रताप सिंह सनवाल, राकेश सिंह का कहना है कि बीते 22 दिसम्बर को भी ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा था जिसमें सैंजी लगा मैकोट-बैमरू मोटर मार्ग निर्माण का कार्य शुरू करवाये जाने की मांग की थी। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई सकारात्म पहल नहीं की जा रही है। जिससे ग्रामीणों में रोष पनपता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जाता है तो ग्रामीणों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। डीएम को ज्ञापन देने वालों में प्रताप सिंह सनवाल, राकेश सिंह, महेंद्र सिंह, महादेव भट्ट आदि शामिल थे।

गीता धार्मिक ग्रन्थ ही नहीं, यह जीवन दर्शन दर्शन का प्रबंधन है: रविन्द्र पुरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। एसएमजेएन कॉलेज में आज आध्यात्म चेतना संघ के एक कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर पीएस चौहान, आचार्य करुणेश मिश्र, भूपेन्द्र गौड़, प्रेम शंकर प्रेमी ने कालेज में पहुंचकर श्री महन्त रविन्द्र पुरी महाराज, अध्यक्ष, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व कॉलेज प्रबन्ध समिति तथा प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा को विशिष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए हरिद्वार गौरव रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। श्री महन्त रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा कि गीता के ज्ञान को हमें जन-जन तक पहुंचाना होगा, ताकि हमारे शास्त्रों की ज्ञान परम्परा को संरक्षित रखा जा सके।

श्री मंहत ने कहा कि गीता धार्मिक ग्रन्थ ही नहीं वरन यह जीवन दर्शन का प्रबंधन भी है। श्री महन्त ने कहा कि अध्यात्म चेतना संघ जैसी संस्थायें इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। श्री महन्त ने कहा कि गीता का ज्ञान सभी सफलताओं का आधार है।

प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा ने अपने हरिद्वार गौरव सम्मान के लिए आध्यात्म चेतना संघ को कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि एफडब्ल्यू टेलर के प्रबन्धकीय सिद्धान्त से भी पहले गीता जनमानस को प्रबन्ध क्षमता का ज्ञान दे चुकी थी। उन्होंने कहा कि गीता की प्रांसगिकता के सम्मुख सम्पूर्ण विश्व नतमस्तक हुआ है। आचार्य करूणेश मिश्र ने गीता पर अपने सम्बोधन में कहा कि गीता में धर्म के संरक्षण पर ही विमर्श किया गया है और धर्म से आशय प्रत्येक व्यक्ति के कर्तव्यबोध से है न कि पूजा पद्धति से। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी, कार्यालय अधीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डेय, प्रो. जगदीश चन्द्र आर्य, विनय थपलियाल, डॉ. मिनाक्षी शर्मा, डॉ. सरोज शर्मा, डॉ. रजनी सिंघल, डॉ. लता शर्मा, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. हेमवती, संजीत कुमार एड़, राजकुमार, पिन्की वर्मा, इसमिता रयाल,दिवया भटट, आंकाशा पान्डेय, पदमावती तनेजा, रश्मि डोभाल, शाहीन, अनरिषा सिंह, भव्या भगत आदि उपस्थित रहे।

आत्मा की विस्मृति ही हमारे दुखों का मूल कारण : निर्मला

ऋषिकेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ढालवाला में परमात्मा ज्ञान द्वारा सुख शांति की अनुभूति'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को ढालवाला सब सेंटर की संचालिका राजयोगी, बालब्रह्मचारिणी निर्मला दीदी ने बताया कि हम शरीर को अपनी पहचान मानते हैं, जो कि पांच तत्वों का पुतला मात्र है, जिसे लेकर हम परेशान भी इसलिए रहते हैं ,क्योंकि हम अपनी शान से परिचित नहीं है, वास्तव में स्वयं की स्मृति परमपिता परमात्मा दिलाते हैं, जिन्हें हम पिता कहते हैं। आज आत्मा की विस्मृति ही हमारे दुखों का मूल कारण है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयक्रित रावत अध्यापक भारत मंदिर इंटर कॉलेज ने प्रणाम व प्रार्थना की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसे हम बड़ों को प्रणाम करते हैं तो उनकी ब्लेसिंग आशीर्वाद व दुआओं के रूप में मिलता है, इसी प्रकार जब प्रभु से प्रार्थना की जाती है तो उनसे भी हमें आशीर्वाद एवं कृपा मिलती है। संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह व आध्यात्मिक पुस्तिका देकर गुरु जी को सम्मानित किया गया।

अवैध खनन के खिलाफ एनजीटी में जाएगा मातृ सदन

हरिद्वार । गंगा का सीना छलनी कर रहे खनन माफिया बेखौफ होकर अवैध खनन कर रहे हैं। दिन-रात गंगा में अवैध खनन किया जा रहा है। जिसको लेकर प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जगजीतपुर स्थित मातृ सदन आश्रम में पत्रकारों से वार्ता करते हुए स्वामी शिवानंद सरस्वती महाराज ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। कुछ दिनों पहले देहरादून से आई एक जांच टीम ने रवासन नदी में अवैध रूप से चल रहे खनन पट्टों को पकड़ा था। एक ही रवन्ना पर अनेक खनन वाहन माल ढो रहे हैं। इसके बाद भी उत्तराखंड वन विकास निगम को ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया और लगातार अवैध खनन करवाया जा रहा है। मातृ सदन के परमाध्यक्ष स्वामी शिवानंद सरस्वती महाराज ने एक पूर्व कैबिनेट मंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके चहेते लोग ही खनन करवाते हैं और ये सब अधिकारियों के साथ मिलकर होता है। जिससे सभी चुप रहते हैं। कोई कार्यवाही नहीं होती है। उन्होंने कहा कि खनन विभाग और जिला प्रशासन अवैध खनन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसलिए वह एनजीटी में इसकी शिकायत करेंगे। उन्होंने कहा कि बिशनपुर में नटराज और महाराजा स्टोन क्रेशर के बीच रात भर अवैध खनन होता रहा। मातृ सदन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी और संबंधित अधिकारियों को लगातार फोन किया, लेकिन किसी भी अधिकारी ने रात में फोन नहीं उठाया। रात 11.22 बजे जब फ़ेरूपुर चौकी इंचार्ज नवीन चौहान को सूचना दी गई तो उन्होंने कहा कि यह राजस्व का मामला है, हमारा नहीं। आरोप लगाया कि इनके बारे में लिखित में शिकायत की है कि उनका खनन माफियाओं से गठजोड़ है।

अयोध्या से लाए गए अक्षत कलशों का त्रिवेणी घाट पर पूजन कर नगर के विभिन्न मंदिरों के लिए बैंड बाजों के साथ किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से लाए गए पूजित अक्षत कलशों का ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर विधि विधान से पूजन कर नगर क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में कलश स्थापना की गई। बुधवार की सुबह त्रिवेणी घाट पर आयोजित कलश पूजन कार्यक्रम के दौरान स्वामी हयग्रिवाआचार्य और स्वामी परमानंद ने उपस्थित को संबोधित करते हुए कहा कि आज अयोध्या में बनाया जा रहा मंदिर हिंदू समाज की एकता का प्रतीक है। अगर हिन्दू समाज एकत्रित ना होता तो मंदिर का निर्माण होना संभव नहीं था। इसके निर्माण को रोकने के लिए पूर्ववर्ती सरकारों ने निहत्थों कारसेवकों, साधु-संतों और हिन्दू समाज पर बर्बरता से गोलियां चलाकर उनकी हत्या की थी, जिससे सरयू का जल पूरी तरह रक्तरंजित हो गया था। आखिरकार 500

वर्षों का कलंक समाप्त होने के बाद अब मंदिर का निर्माण पूर्ण होने जा रहा है। इन कलशों का सभी भक्तों को दर्शन करने चाहिए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से पूजित अक्षत कलशों का क्षेत्र के ब्राह्मणों ने विधि विधान से हनुमान चालीसा के साथ पूजन किया। नगर क्षेत्र के भिन्न-भिन्न मंदिरों में इनकी स्थापना की गई। नगर कार्यक्रम प्रमुख दीपक तायल के अनुसार नगर के अलग-अलग क्षेत्र में पूजित मंदिरों में स्थापित अक्षत कलशों के माध्यम से श्रीराम भक्त घर-घर पूजित अक्षत का वितरण 1 जनवरी से 15 जनवरी तक करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्य सभी दल संगठन से ऊपर उठकर

अयोध्या में मंदिर का निर्माण हिन्दू समाज की एकता का प्रतीक: हयग्रीवाचार्य

समस्त हिन्दू समाज द्वारा किया जाएगा। 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाएगा। कलशों की स्थापना करने से पूर्व सभी क्षेत्रों से आई राम भक्तों की टोलियां ने बैंड बाजा के साथ नगर भ्रमण भी किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह अनिल मित्तल,जिला प्रचारक नीतिन कुमार, कार्यक्रम प्रमुख दीपक तायल, शहर जिला कार्यवाह राकेश शर्मा, नगर संघचालक भारत भूषण कुंदनानी, स्वामी हयग्रिवाआचार्य, मधुबन आश्रम के प्रमुख अध्यक्ष स्वामी परमानंद, नीरज सेहरावत, रामहिपाल त्यागी, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063